
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 90
बुधवार
02.04.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26


**सुविचार**

दो तरह से देखने से चीजे छोटी नजर आती है,एक दूर से और एक गुरुर से!

## कुष्मांडा



**या देवी सर्वभूतेषु कुष्मांडा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः।**

नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना की जाती है। इनका स्वरूप दिव्य और अलौकिक है, जिसमें माता शेर पर विराजमान है। अपनी आठ भुजाओं में माता कुष्मांडा ने अस्त्र और कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र आदि धारण किए हुए हैं। मां पार्वती के इस स्वरूप की आराधना करने से साधक को आरोग्य जीवन की प्राप्ति होती है।

### आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर करमटोली रांची में आयोजित सरहुल पूजा महोत्सव में शामिल हुए सीएम

# पूर्वजों से मिली विरासत को देना है मजबूती : हेमंत सोरेन

### मुख्यमंत्री ने पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य के सर्वांगीण विकास और सुख-समृद्धि की कामना की

#### मुख्यमंत्री ने कहा

- विद्यार्थियों को बेहतर व्यवस्था देने के लिए छात्रावासों का हो रहा जीर्णोद्धार
- आप सभी को प्रकृति पर्व सरहुल की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं
- झारखंड के बेहतर भविष्य के लिए आने वाले 25 वर्ष को ध्यान में रखकर हमें आगे बढ़ना है
- अपने संकल्पों एवं उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए

#### आप सभी के बीच आकर खुशियों को बांटने का मौका मिलता है

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर में हर वर्ष धूमधाम से सरहुल का त्योहार मनाया जाता है।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुझे यहां आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।यहां आकर आप सभी के साथ खुशियों को बांटने का मौका मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यहां हम प्रकृति को संरक्षित रखने और अपनी परंपराओं को लेकर आगे बढ़ने का एक संकल्प लेते हैं। हमारा संकल्प पूरा हो, इस दिशा में हमें सदैव प्रयास करते रहना चाहिए।



#### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर कृषि मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने भी पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य के विकास तथा खुशहाली की कामना की।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पर्व त्योहारों से हमारी परंपरा, सभ्यता-संस्कृति और आस्था जुड़ी है। इससे जीवन मे उमंग, उत्साह तथा उल्लास का संचार होता है। इसी कड़ी में हम सालों-साल से परंपरानुसार सरहुल पर्व मनाते आ रहे हैं। हमारे पूर्वजों ने इस प्रकति पर्व की परंपराओं को अक्षुण्ण एवं मजबूती दी है। हमें विरासत में मिली इस परंपरा को और आगे ले जाना है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर, करमटोली, रांची में आयोजित सरहुल पूजा महोत्सव में छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे।

इस पावन पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री ने यहां पारंपरिक विधि विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य के विकास, सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

मुख्यमंत्री ने परिसर में वृक्षारोपण कर (सखुआ का वृक्ष लगाकर) प्रकृति से जुड़े रहने का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने राज्य वासियों को सरहुल महापर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड के बेहतर भविष्य के लिए आने वाले 25 वर्षों को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना है।

#### व्यस्तता भरी जिंदगी में अपनी परंपरा एवं सभ्यता-संस्कृति के लिए भी समय निकालें

**मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी जिंदगी काफी व्यस्त हो चुकी है। लोगों के पास वक्त कम है, फिर भी विरासत में मिली अपनी परंपरा एवं सभ्यता-संस्कृति से जुड़े रहने के लिए वक्त जरूर निकालें। यह हमारी आने वाली पीढ़ी की बेहतरी के लिए जरूरी है। इससे आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं और पर्व-त्योहारों का जश्न मिलकर मनाने की अलग ही खुशी मिलती है।**

#### छात्रावासों का हो रहा जीर्णोद्धार

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर व्यवस्था देने के लिए सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार हो रहा है। इस कड़ी में आदिवासी कॉलेज छात्रावास, करमटोली और महिला कॉलेज छात्रावास में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाई जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे सिर्फ अपनी पढ़ाई की चिंता करें, बाकी सारी व्यवस्था सरकार करेगी। आप सही दिशा में आगे बढ़े, सरकार आपके साथ खड़ी है।

# लोकसभा में आज पेश होगा वक्फ विधेयक



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा में बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया जाएगा। केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू दोपहर 12 बजे इसे सदन के पटल पर रखेंगे। वक्फ संशोधन विधेयक पर अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा,लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में मैंने समिति के समक्ष प्रस्ताव रखा था कि कल 2 अप्रैल को हम वक्फ संशोधन विधेयक ला रहे हैं। इसके लिए हमें चर्चा के लिए समय आवंटित करना होगा। अंत में इस बात पर सहमति बनी कि वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए कुल समय आठ घंटे होगा, जिसे सदन की राय लेने के बाद बढ़ाया जा सकता है।

रिजिजू ने कहा,अगर सदन को लगता है कि चर्चा के लिए समय बढ़ाया जाना चाहिए तो समय बढ़ाया जा सकता है, लेकिन अगर विपक्ष के लोग कोई बहाना बनाकर चर्चा में भाग नहीं लेना चाहते हैं तो मैं इसे रोक नहीं सकता। हम चर्चा चाहते हैं। हर राजनीतिक दल को अपनी राय रखने का अधिकार है और देश सुनना चाहता है कि संशोधन विधेयक पर किस राजनीतिक दल का क्या रुख है। यह बात हजारों सालों तक दर्ज रहेगी, यह बात रिकॉर्ड में रहेगी कि किसने विरोध किया और किसने समर्थन किया। 2 अप्रैल को प्रश्नकाल के तुरंत बाद मैं संशोधन विधेयक को विचार और पारित करने के लिए प्रस्तुत करना चाहता हूं। उसके बाद हम 8 घंटे की चर्चा के लिए सहमत हुए हैं। कुछ दलों और संगठनों पर मुस्लिमों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए रिजिजू ने कहा कि सरकार की मंशा संसद के इसी सत्र में वक्फ संशोधन विधेयक पारित कराने की है।

रिजिजू ने कहा कि विधेयक पर सभी सहयोगी दल, केरल के बिशप सहित कई मुस्लिम संगठन सरकार के साथ हैं। ऐसे में आवश्यक हुआ, तो विधेयक को पारित कराने के लिए सरकार सत्र का विस्तार भी करेगी।

उन्होंने संकेत दिया कि विधेयक लोकसभा में बुधवार को पेश किया जा सकता है।रिजिजू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विधेयक को लाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसका उद्देश्य वक्फ की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना और जवाबदेह बनाना है। इसका लाभ गरीब मुसलमानों, महिलाओं व बच्चों के लिए सुनिश्चित करना है। विधेयक को असांविधानिक बताने पर एतराज जताते हुए कहा कि देश संविधान से चलता है।

## क्विक न्यूज

### बीएचयू केन्द्रीय कार्यालय पर छात्रों ने किया प्रदर्शन

**वाराणसी :** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के कला संकाय के प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के विभागाध्यक्ष पद पर प्रोफेसर एमपी अहिरवार की नियुक्ति न होने पर छात्रों के एक गुट में नाराजगी है। इस मामले को लेकर लामबंद छात्रों ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कार्यालय का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। प्रोफेसर अहिरवार के समर्थन में जुटे छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। छात्रों के विरोध प्रदर्शन की जानकारी पाते ही प्राक्टोरियल बोर्ड के अफसर भी मौके पर पहुंच गए। उल्लेखनीय है कि विभागाध्यक्ष पद की रेस में वरिष्ठता क्रम को लेकर प्रोफेसर अहिरवार ने भी विरोध किया है। छात्रों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि अनुसूचित जाति के प्रोफेसर को विभागाध्यक्ष बनने से रोका गया है। वह प्रोफेसर के पद पर 14 साल कार्य किए हैं।

### जोजीला पास 33 दिनों के बाद फिर से खुला, लेह-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग फिर से चालू

**जम्मू :** बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन ने 33 दिनों में ऐतिहासिक जोजीला पास को फिर से खोलने में सफलता हासिल की है जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस उद्घाटन समारोह में लद्दाख सांसद हाजी हनीफा जान, डीजी बीआरओ लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन और 14 और 15 कोर के कोर कमांडर भी शामिल हुए जिन्होंने श्रीनगर से करगिल जाने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाई।लेफ्टिनेंट जनरल श्रीनिवासन ने बीआरओ के कर्मियों की कठिन मेहनत की सराहना की और कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण के कारण जोजीला पास को समय से पहले खोला जिससे क्षेत्र में नागरिकों और सशस्त्र बलों के लिए यात्रा में सहूलियत हुई।उन्होंने बताया कि हर साल बीआरओ के कर्मी मुश्किल भरे इलाके और भयंकर सर्दी से जूझते हुए इस खतरनाक रास्ते को साफ करते हैं जहां बर्फबारी और हिमस्खलन का खतरा हमेशा बना रहता है। इस साल का समय से पहले उद्घाटन यात्रा को और सुगम बनाएगा जिससे क्षेत्रीय निवासियों और रक्षाबलों के लिए गतिशीलता में सुधार होगा।

### वक्फ बिल के मद्देनजर भाजपा ने अपने लोकसभा सदस्यों के लिए जारी किया ह्विप

**नई दिल्ली :** वक्फ संशोधन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया जाएगा। इसके मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी, दोनों दलों ने अपने सभी लोकसभा सदस्यों को बुधवार को सदन में उपस्थित रहने के लिए ह्विप जारी किया है।भाजपा ने मंगलवार को ह्विप जारी कर पार्टी के सभी लोकसभा सदस्यों को बुधवार (2 अप्रैल) को सदन में उपस्थित रहने के लिए कहा है। लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक डॉ. संजय जयसवाल ने परिपत्र में कहा है कि सदन में कुछ अति महत्वपूर्ण विधायी कार्य पारित करने के लिए बुधवार को लाए जाएंगे। भाजपा के सभी सदस्यों से निवेदन है कि वे बुधवार को पूरे समय सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर सरकार के पक्ष का समर्थन करें।

## महिला व दो बच्चों की हत्या से सनसनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गिरिडीह जिले मे एक महिला और उसके दो बच्चों की हत्या कर दी गई.घटना तिसरी प्रखंड के लोकाय नयनपुर थाना क्षेत्र की है. जिन लोगों की हत्या हुई है, उनमें बरदौनी गांव निवासी चारो हेम्ब्रम की 29 वर्षीय पत्नी रेणुवा टुडू, 6 वर्षीय पुत्र सतीश हेम्ब्रम और 9 वर्ष की सरिता हेम्ब्रम शामिल हैं.रेणुवा और सतीश का शव पनियाय गांव में पेड़ से लटका मिला है, जबकि सरिता का शव तालाब में मिला है. घटना की जानकारी मंगलवार के दिन ने पुलिस को लगी. जिसके बाद खोरी महुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, लोकाय थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी और थानसिंहडीह ओपी प्रभारी नीरज कुमार पुलिस मौके पर पहुंचे और तीनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इस मामले में पुलिस ने मृतका रेणुवा के पति को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है.ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार को शव पर ग्रामीणों की नजर पड़ी और लोगों का जुटान हो गया. इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी. पुलिस ने खोजी कुत्ते के साथ-साथ फॉरेन्सिक टीम को भी बुलाया गया. मौके पर मौजूद कुछ लोगों का कहना था कि पति और पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था. सोमवार की रात को झगड़ा होने के बाद शव मिला है. लोगों ने कहा कि मृतका पुत्री की आंख में गंभीर चोट है. ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जाहिर की है.

## 2 ट्रेनों की टक्कर में 2 ड्राइवर जिंदा जले, 5 गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** कोयला लोड मालगाड़ियों की आमने-सामने की टक्कर में 2 ड्राइवर जिंदा जल गये. एक ड्राइवर समेत 5 लोग घायल हुए हैं. घटना साहिबगंज जिले के बरहेट के सोनाजोड़ी के समीप हुई है.घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में चल रहा है. पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि एमजीआर रेलवे लाइन एनटीपीसी के अधीन है. इस घटना से रेलवे का कोई लेना-देना नहीं है. सोमवार की देर रात गोड्डा के ललमटिया से कोयला लोड मालगाड़ी पश्चिम बंगाल के फरक्का एनटीपीसी जा रही थी. बरहेट के सोनाजोड़ी के समीप लूप लाइन पर खाली मालगाड़ी खड़ी थी. इसी दौरान कोयला लोड मालगाड़ी लूप लाइन पर आ गयी और खड़ी मालगाड़ी से उसकी सीधी टक्कर हो गयी. टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि मालगाड़ी के 5 वैगन पटरी से उतर गये. मालगाड़ी के इंजन में आग लग गयी और खाली मालगाड़ी के ड्राइवर अंबुज महतो और कालेश्वर माल की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. अंबुज महतो



झारखंड के बोकारो सेक्टर-9 के रहने वाले थे. कालेश्वर माल पश्चिम बंगाल के निवासी थे.उधर, दूसरी मालगाड़ी का ड्राइवर जीके नाथ भी बुरी तरह से झुलस गये. उनके साथ मौजूद मजदूर उदय मंडल (पश्चिम बंगाल), इसराउल शेख, जितेंद्र कुमार, रवि घोष और शाहिद बुरी तरह से घायल हो गये हैं.मामले की जानकारी मिलते ही एनटीपीसी के अधिकारी, रेलवे के अधिकारी और बरहेट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची. आग बुझाने के लिए अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया. दमकल वाहनों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. इस घटना में रेलवे को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है. मौके पर पहुंचे रेलवे के अधिकारियों ने मामले की जांच करने की बात कही है. साथ ही इस घटना पर शोक व्यक्त किया है.

## पटाखा गोदाम में भीषण आग लगने से 18 मजदूरों की जलकर मौत



**एजेंसी**

**बनासकांठा (गुजरात) :** बनासकांठा के डीसा में धुनवा रोड पर एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से भीषण आग लग गई। आग में 18 मजदूरों के मरने की खबर है। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया।एक के बाद एक कई धमाके होते ही गोदाम की कई दीवारें ढही और मलबा दूर-दूर तक फैल गया। घटना के बाद जांच के आदेश दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार फैक्ट्री में जब मजदूर पटाखे बना रहे थे, तभी जोरदार विस्फोट हुआ। इसके चलते कुछ श्रमिकों के शव दूर जाकर गिरे। घटना से अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मलबा हटाने का काम भी किया गया है।इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार, डीसा के धुनवा रोड पर दीपक ट्रेडर्स नामक पटाखा फैक्ट्री स्थित है। आज आतिशबाजी बनाते समय विस्फोटक पदार्थ में अचानक विस्फोट हो गया, जिसके चलते आग लग गई। आग जैसे ही फैली, अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और घटना की जांच की। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि 18 मजदूरों के शव बरामद किए गए हैं।

# बुलडोजर कार्रवाई पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

### 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने का दिया निर्देश

**एजेंसी**

**इलाहाबाद :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में साल 2021 के बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त रवैया अपनाया है. कोर्ट ने प्रयागराज डेवलपमेंट ऑथोरिटी से सभी 5 याचिकाकर्ताओं को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने को कहा है. ऑथोरिटी 6 सप्ताह के भीतर यह भुगतान करना होगा. कोर्ट ने नोटिस मिलने के 24 घंटे के भीतर मकान गिरा देने को अवैध बताया.जस्टिस अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा,यह मुआवजा इसलिए भी जरूरी है ताकि भविष्य में सरकारें बिना उचित प्रक्रिया के लोगों का मकान गिराने से परहेज करें.जजों ने हाल ही में सामने आए



एक वीडियो का भी हवाला दिया, जिसमें गिरती हुई झोपड़ी से एक बच्ची अपनी किताबें लेकर भाग रही है. उन्होंने कहा कि अलग-अलग रूप में ऐसी घटनाएं हर जगह देखने को मिल रही हैं.रविवार, 7 मार्च 2021 को हुई इस कार्रवाई में वकील जुल्फिकार हैदर और प्रोफेसर अली अहमद समेत कुल 5 लोगों के मकान गिराए गए थे. याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि उन्हें शनिवार, 6 मार्च की रात को नोटिस मिला था. याचिकाकर्ताओं ने कहा कि जिस जमीन पर ये मकान बने थे, वह लोग उसके लीज होल्डर थे. प्रशासन ने उस जगह को माफिया और राजनेता अतीक अहमद से जोड़ते हुए यह कार्रवाई की थी. इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी. हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के इस बयान को रिकॉर्ड पर लिया था कि वह भूमि नजूल लैंड थी. उसे सार्वजनिक कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जाना था. साल 1906 से जारी लीज 1996 में खत्म हो चुका था.याचिकाकर्ताओं ने लीज होल्ड को फ्री-होल्ड करने का आवेदन दिया था.

## नए वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन बढ़ गई 900 से ज्यादा आवश्यक दवाओं की कीमतें

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** एक अप्रैल यानी आज से देश में वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरुआत हो गई है और नए वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन यानी मंगलवार से 900 आवश्यक दवाइयों की कीमतों में बढ़ोत्तरी भी लागू हो गई है. नेशनल फार्मास्यूटिकल्स प्राइसिंग अर्थॉरिटी ने इस सभी 900 से अधिक आवश्यक दवाओं की कीमतों में 1.74 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी की घोषणा की है. इन बढ़ी हुई कीमतों वाली दवाओं की लिस्ट में क्रिटिकल इंफेक्शन, दिल की बीमारी, डायबिटीज जैसी बीमारियों की दवाइयां शामिल हैं.केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में दवाओं की कीमत में बढ़ोत्तरी को लेकर एक लिखित जवाब दिया. उन्होंने अपने लिखित जवाब में कहा,ड्रग्स (प्राइस कंट्रोल) ऑर्डर, 2013 के प्रावधानों के मुताबिक, सभी अनुसूचित दवाओं की कीमतों में होलसेल प्राइस इंडेक्स ऑल कमोडिटीज के आधार पर हर साल संशोधन किया जाता है. वहीं, वित्तीय साल 2024-25 के लिए होलसेल प्राइस इंडेक्स अनुसूचित दवाओं की कीमतों में वो के वार्षिक बदलाव के आधार पर 1 अप्रैल, 2024 को 0.00551 प्रतिशत की दर से बढ़ोत्तरी की गई थी.


असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105


## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्यूनतम | 13° |

# प्रकृति ही जीवन का आधार है, इसकी रक्षा का संदेश देता है सरहुल : डॉ. मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** मंगलवार को शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के पास स्थित सरना स्थल पर आदि कुड़ुख सरना समाज द्वारा प्रकृति पूजा का पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। पांकी विधायक कुशवाहाडॉ शशिभूषण मेहता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने सरना धर्मावलंबियों के साथ उनके गीतों पर मांदर बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। रामप्यारी पहन और रजनी माता ने विधि विधान से पूजा और झंडागड़ी संपन्न करवाया। जय धर्मेश,जय चाला,जय सरना के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। समाज के अध्यक्ष विष्णुदेव उरांव, सचिव इंद्रदेव उरांव ने कार्यक्रम का संचालन किया। मुख्य अतिथि डॉ मेहता समेत सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया गया। मौके पर डॉ. मेहता ने कहा कि प्रकृति ही जीवन का आधार है प्रकृति के बिना जीव का अस्तित्व नहीं है और जीव का अस्तित्व नहीं होगा तो मानव का अस्तित्व भी संभव नहीं है, इसलिए हम सभी का यह दायित्व बनता है कि हम मिलजुल कर प्रकृति की रक्षा करें। सरहुल का पर्व हमें प्रकृति की रक्षा का संदेश देता है। इसके बाद सभी स्थानों से पहुंचे सरना धर्मके लोगों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई जो सतबरवा मेलाटांड़, मेन बाजार बाजार आदि जगहों से घूमते हुए पुनः सरना स्थल पर पहुंची। इसके बाद अनेक गांवों के टोलिया द्वारा नृत्य संगीत का कार्यक्रम हुआ। विधि व्यवस्था सतबरवा थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा के नेतृत्व में चुस्त दुरुस्त दिखा। मौके पर प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, जिला पार्षद सुधा कुमारी, समाजसेवी लाल बिहारी साहू, समाजसेवी आशीष सिन्हा, संजय तुरी, मुखिया अनीता तूरी, रिंकी यादव, शंभू उरांव, विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव, जुगल किशोर राम समेटा सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## स्वामी देवनारायणचार्य के नेतृत्व में होगी यज्ञ कार्यक्रम संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** जिले के बिश्रामपुर प्रखंड स्थित पजरी खुर्द ग्राम में शिव परिवार माता श्री दुर्गा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का विराट आयोजन होने वाला है। इसे लेकर ग्रामीण क्षेत्र युवा बुजुर्ग सभी तन्मयता के साथ यज्ञ कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु लगे हुए नजर आ रहे हैं, इस महायज्ञ को लेकर लोगों में काफी उत्साह साफ झलक आ रही है आगामी आने वाला दिनांक 27/4/2025 दिन रविवार को भव्य शोभा कलश यात्रा स्वामी देवनारायणाचार्य जी महाराज के नेतृत्व में निकलना सुनिश्चित की गई है, वही दिनांक 2/5/2025 दिन बुधवार को वैदिक रीति से यज्ञ पूर्णाहुति ब्रह्म भोजन के साथ संपन्न होगी। इस आयोजन में वृंदावन, काशी, हरिद्वार, गया, बक्सर तथा अनेक प्रदेशों से संत महापुरुष विद्वान लोकप्रिय भजन संध्या गाने वाले लोग जन भी पधारेंगे इस लक्ष्मी नारायण माहा यज्ञ कमेटी ने सभी लोगों से तन मन धन से सहयोग कर यज्ञ को संपन्न बनाते हुए मानवता को चरितार्थ कर दिखाने की बात कही है मौके पर रामजस पाठक, सुदेश्वर पाठक, शंभू पाठक, सुनील पांडे, अविनाश पाठक, सत्यजीत पाठक समेत काफी संख्या में यज्ञ पदाधिकारी कमेटी उपस्थित थे।

## गयासुद्दीन सिद्दीकी ने ईद के अवसर पर पत्रकारों को किया सम्मानित



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कलम के सिपाही सालों भर अपनी लेखनी से समाज के लोगों को जागरुक करने के साथ-साथ उनकी समस्याओं को सभी के सामने पेश करते रहते हैं। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ माने जाने वाले पत्रकारों को ईद के अवसर पर हुसैनाबाद शहर के वार्ड-2 के मेहदीनगर में पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी की ओर से सोमवार को पत्रकार सम्मान सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कई पत्रकारों ने शामिल होकर अपनी भागीदारी निभाई। मौके पर पूर्व नपं उपाध्यक्ष व प्रबुद्ध लोगों ने पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने पत्रकारों को लोकतंत्र का प्रहरी बताया, जो समाज के मार्गदर्शक और आईना है। उन्होंने कहा कि रात में हम बेफिक्र सोते हैं, और कलम के सिपाही जान जोखिम में डालकर खबरें जुटाते हैं, तब ही हमे सुबह-सुबह ताजी खबरे नसीब होती है। समाज और राष्ट्र के निर्माण में इनके किरदार को कभी कम करके नहीं आंका जा सकता है। इस अवसर पर समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, हसनैन जैदी, प्रवीर बराट, महेश अग्रवाल, अमीन खान, मुन्ना कुमार देव, पालहे समेत कई स्थानीय पत्रकार जितेंद्र प्रसाद, संजय ओझा, सतेंद्र चंदेल, धनंजय कुमार, कमलेश कुमार विश्वकर्मा, गौतम पटेल, विकास कुमार, जितेंद्र रावत, अखलेश पासवान आदि मौजूद थे।

# झामुमो के जिला अध्यक्ष बनाये गये राजेंद्र सिन्हा, लोगों ने दी बधाई





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** राजेंद्र प्रसाद सिन्हा को पांचवीं बार झारखंड मुक्ति मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा, छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र राम एवं सचिव सनी कुमार ने बुके देकर बधाई दिया।चंदन प्रकाश सिंह ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद सिन्हा को अध्यक्ष बनाना केंद्रीय नेताओं का बहुत ही उचित कदम है। इन्होंने पार्टी को जिस मुकाम पर पहुंचाया है वह दूसरों के लिए असंभव था।जब से इन्होंने पार्टी का कमान सम्हाला है पार्टी का जनाधार दिन दुना रात चौगुना बढ़ा है और विपक्षी पार्टियों के बड़े-बड़े नेता भी उनसे प्रेरित होकर पार्टी का दामन थामा है। सामान्यतः पालमु भाजपा का गढ़ माना जाता है लेकिन इनके नेतृत्व कुशलता के कारण कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए विगत विधानसभा चुनाव में भाजपा को पलामू में धूल चटाने का काम किया है। झारखंड के मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन जी के जेल जाने से लेकर अब तक के सभी आंदोलनों में इन्होंने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और कम संसाधनों में भी पलामू जिला कमेटी को स्थापित करने का काम किया है। संगठन को मजबूत करने की इनकी कार्य कुशलता सराहनीय है आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भी पार्टी को मजबूती मिलेगी।

## विधायक व जिप उपाध्यक्ष ने नमाजियों से गले मिलकर दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में खुशी व शांति के माहौल में ईद का त्योहार मनाया गया। सोमवार को अकीदत के साथ ईद की नमाज अता की गयी। नमाजियों में उत्साह के साथ बुजुर्ग, नौजवान, बच्चे शामिल हुये। हुसैनाबाद के दातानगर स्थित ईदगाह के मैदान में व्यापक पैमाने पर ईद की नमाज पढ़ी गयी। इसके अलावा लम्बीगली तालाब मस्जिद, इस्लामगंज मदरसा, नूरी मस्जिद आदि समेत कई मस्जिदों में आयोजित नमाज में काफी संख्या में नमाजियों ने शिरकत की। ईद के नमाज के बाद लोगो ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह के मैदान में स्थानीय विधायक सह राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, नपं के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार ने लोगो के गले मिलकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि ईद में हम सभी हिन्दू-मुस्लिम भाई मिल जुलकर त्यौहार का आनंद उठाते हैं। मौके पर मुख्य रूप से एजाज़ हुसैन उर्फ छेदी खान, पूर्व नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, जाकिर अली उर्फ राज अली, डॉ0 एजाज आलम, पूर्व पार्षद नजीर अहमद, सुहैल आलम, नेहाल असगर,मुन्ना कुमार देव, जमील अहमद, सुहैल आलम, रहमान राईन, इम्तेयाज खान उर्फ बड़ा बाबू, अमीन खान, इम्तेयाज आलम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।ईद के अवसर पर शहर क्षेत्र के इस्लामगंज, रमजान नगर, लम्बीगली, चिकटोली, किला रोड, सैयद टोली, मिर्जापुर, मोहम्मदाबाद आदि गुलज़ार रहे। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में देवरी, सूबेदार बीघा, ऊपरी, सदाबीघा, झरगड़ा, मांडर,बेनी,बुधुआ बाजारी आदि गांवों में ईद के नमाज के बाद ईद की बधाई दी। सेवई से मुंह मीठा कराया। इस दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन के लोग सक्रिय रहें।

## आपसी सौहार्द और उल्लास के साथ अदा की गई ईद उल फितर की नमाज



**केतार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत बेलाबार एवं केतार ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज बड़े हर्षोल्लास और अकीदत के साथ अदा की गई। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया और ईद की खुशियों को साझा किया। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश फैलाया। इस अवसर पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, राजस्व कर्मचारी प्रकाश राम, एएसआई संतोष राम के नेतृत्व में पुलिस बल ने पूरी मुस्तैदी के साथ व्यवस्था बनाए रखी। अंजुमन कमेटी द्वारा मदरसा परिसर में शिरनी के रूप में सेवइया की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसका लुत्फ दोनों समुदायों के लोगों ने उठाया। साथ ही, आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सभी ने ईद के पावन अवसर पर एकता, प्रेम और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर संबंधित मुखिया मूंगा साह, समाजसेवी पंकज सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी, सदर शमीम अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, रेयाज अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, अली हुसैन अंसारी, अल्ताफ अंसारी, कसमुद्दीन अंसारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


## महावीरी झंडा से पटा भवनाथपुर बाजार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भावनाथपुर :** रामनवमी पुजा को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है। पूरा बजार, भवनाथपुर बस्ती, में पूजा कमिटी द्वारा महावीरी झंडा, पताका से पाट दिया गया है। टाउनशिप भवनाथपुर मुख्य पथ स्थित देवी धाम, के दोनों तरफ मुख्य पथ पर, भवनाथपुर बजार स्थित सूर्य मंदिर से लेकर कर्पूरी चौक, मुख्य बजार में महावीरी झंडा लहरा रहा है। रामनवमी पुजा कमिटी द्वारा रामनवमी पुजा को लेकर तैयारियां की जा रही है। हालांकि भवनाथपुर प्रखंड में एक भी अनुज्ञप्ति धारी अखाड़ा नहीं है। फिर भी विभिन्न पुजा कमिटी रामनवमी पुजा के जुलूस को आकर्षक बनाने की तैयारी कर रहे हैं। भवनाथपुर सूर्य मंदिर पुजा कमिटी, देवी धाम पुजा कमिटी, टाउनशिप हनुमान मंदिर पुजा कमिटी, टाउनशिप दुर्गा मंदिर पुजा कमिटी, झगराखांड पुजा कमिटी, सीघी ताली पुजा कमिटी, अरसली उत्तरी दुर्गा मंदिर पुजा कमिटी, सहित अन्य पंचायत में पुजा कमिटी तैयारी में लगे हुए हैं। रामनवमी पुजा के अवसर पर निकाली जाने वाली जुलूस में डीजे बजाने पर स्थानीय प्रशासन गंभीर है। किसी भी तरह की साउण्ड से समस्या ना हो इसके लिए थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने एक दर्जन डोकेरेशन वाले जो डीजे रखते हैं उन पर 107 कर दिया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में पूर्ण हुआ त्रिदिवसीय वार्षिक कार्यशाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला मे त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का समापन हुआ। समापन सत्र का उद्घाटन विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के माननीय सचिव राकेश तिवारी, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। अतिथि परिचय एवं विषय की प्रस्तावना प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने किया। इस दौरान भैया-बहनों को विद्या भारती के राष्ट्रीय शिक्षण संरचना के अनुरूप बेहतरीन शिक्षण देने के लिए योजना बनाई गई। कार्यशाला के समापन सत्र में सचिव राकेश तिवारी ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने में इस विद्यालय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियां संस्कार पूर्ण शिक्षा को हमेशा मूर्त रुप प्रदान करती रहती है। यह कार्यशाला आगामी वर्ष की योजनाओं के निर्माण और उसके क्रियान्वयन हेतु किए जाने वाले प्रयासों की चर्चा-परिचर्चा का है। विद्या भारती के पांच आधारभूत विषयों को लेकर शिक्षण कार्य पूर्ण किया जाए ताकि बच्चे भावी राष्ट्र के निर्माण में सहायक हों।विद्यालय विकास से सम्बंधित चर्चा करते हुए संसाधनों की कमी को यथाशीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया।वहीं प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे आचार्य-दीदी जी की टीम भी पूरी उर्जा व समर्पण के साथ नए सत्र में हमारी कार्य योजना के अनुरूप अवधारणा के साथ शिक्षण देने के लिए कृत संकल्पित एवं उत्साहित हैं।सभी विभागों की समीक्षा की गई। दिवसानुसार शून्य कालांश की सभी गतिविधियों के क्रियान्वयन पर बल दिया गया। प्रांतीय कार्य-योजना एवं शैक्षिक पंचांग (सत्र 2025-26) के विषयों पर चर्चा एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया।अभिभावक गोष्ठी एवं अभिभावक संपर्क की योजना बनाई गई तथा मातृ सम्मेलन, दादा-दादी, नाना-नानी सम्मेलन, अभिभावक सम्मेलन आदि आयोजित करने हेतु तिथि/माह निर्धारित की गई। उन्होंने टीएलएम, पीएलएम एवं टीएलई में महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डालने का काम किए। प्रधानाचार्य द्वारा टीएलएम कैसे बनाएं, उसकी सार्थकता और उपयोगिता पर विशेष चर्चा सत्र चला। प्रभारी प्रधानाचार्य ने विद्या भारती के पंचपदी शिक्षा अधीति,बोध,अभ्यास,प्रयोग,प्रचार की विस्तृत जानकारी दी। नए सत्र का शुभारंभ 02 अप्रैल से होगा। कार्यशाला में समस्त आचार्य- दीदी जी उपस्थित थे।

## पूजा-अर्चना के साथ गुलाब इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षण कार्य प्रारम्भ



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के मोटंगवा स्थित गुलाब इंटरनेशनल स्कूल में कक्षाओं के शुभारंभ पर डायरेक्टर शैलेंद्र सिंह व उनकी पत्नी एकता सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना की। डायरेक्टर ने बताया कि 3 अप्रैल से नियमित कक्षाएं शुरू होंगी और अभिभावकों से बच्चों के नामांकन का आग्रह किया। इस अवसर पर शिक्षक सह समाजसेवी बबलू सिंह पवन सिंह नवनीत सिंह स्कूल के व्यवस्थापक सजल गोराई? शिक्षक कुनाल गोराई रुबन मंडल सिद्धार्थ सिंह राजेंद्र यादव मनीष कुमार गुप्ता अशोक ठाकुर राजू गुप्ता उमेश गुप्ता राहुल कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## केतार में मां सरस्वती पब्लिक स्कूल का भव्य शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करते हुए केतार प्रखंड में मां सरस्वती पब्लिक स्कूल÷ का भव्य शुभारंभ मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी एवं मुखिया प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विद्यालय का उद्घाटन किया। विद्यालय के डायरेक्टर पंकज कुमार ने उद्घाटन समारोह के दौरान जानकारी दी कि यह विद्यालय नर्सरी से 5 क्लास तक सीबीएसई पैटर्न पर आधारित होगा और अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय में आधुनिक शिक्षण तकनीकों का समावेश किया गया है, जिसमें स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, प्रोजेक्टर क्लास, खेल मैदान तथा सभी मार्गो पर वाहनों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर निवेदनकर्ता मिथिलेश कुमार गुप्ता ने कहा कि केतार प्रखंड जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता एक बड़ी समस्या थी। स्थानीय निवासियों को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए अन्य प्रखंडों में भेजना पड़ता था, जिससे समय और आर्थिक संसाधनों की कठिनाइयाँ उत्पन्न होती थीं। अब इस विद्यालय के खुल जाने से अभिभावकों को राहत मिलेगी और बच्चों को घर के समीप ही उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त होगी।साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सीमित सीटों के साथ नामांकन प्रक्रिया जारी है। जो भी अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन कराना चाहते हैं, वे शीघ्र संपर्क करें ताकि बच्चों की पढ़ाई निर्धारित सिलेबस के अनुरूप प्रारंभ की जा सके। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय के विकास और शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद, रामविचार साहू, परशु राम गुप्ता, सुरेश प्रसाद, गोपाल पाठक, रविंद्र राम, मनोरंजन प्रसाद समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एसवीएम में नगर भ्रमण और वार्षिक परीक्षाफल का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ पर वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों ने घोष दल के साथ नगर भ्रमण किया, जिसमें विक्रम संवत 2082 मंगलमय हो!, राजा विक्रमादित्य अमर रहें!, वंदे मातरम् जैसे जोशीले जयघोषों से संपूर्ण नगर गूंज उठा।नगर भ्रमण के दौरान राकेश कुमार अग्रवाल (वैष्णवी प्लाई) द्वारा बच्चों को फ्रूटी वितरित की गई, जयप्रकाश रमन ने पुष्प वर्षा की, वहीं अलका मैरिज गार्डन में रंजन कुमार छोटू और उनकी टीम ने बच्चों के लिए बिस्किट, चॉकलेट और पानी की व्यवस्था की। यह पद संचलन विद्यालय से शुरू होकर बस स्टैंड, भवनाथपुर मोड़ होते हुए पुनः विद्यालय में संपन्न हुआ। नगर भ्रमण के उपरांत विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय अध्यक्ष जोखु प्रसाद, सहसचिव चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, अभिभावक वीरेंद्र पांडे व ध्रुव कुमार और प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से माँ शारदे, भारत माता, ओम, डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और अहिल्याबाई होल्कर के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। परीक्षाफल का वितरण परीक्षा प्रमुख नीरज कुमार सिंह द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष भैया अर्णव राज पांडे को आइडियल स्टूडेंट ऑफ द ईयर, जबकि भैया अभिनव राज को बेस्ट डिसिप्लिन स्टूडेंट का पुरस्कार प्रदान किया गया। भैया दीपक कुमार विश्वकर्मा, अमिलेश कुमार लाल, बहन सोनाली कुमारी और बहन सेजल कुमारी को बेस्ट अटेंडेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा कक्षा 8 के भैया अंकित कुमार ठाकुर को सरस्वती पूजा के दौरान सरस्वती जी की मूर्ति निर्माण हेतु विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किया गया।प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, निरंतर कड़ी मेहनत और समर्पण से ही सफलता प्राप्त होती है। प्रत्येक विद्यार्थी को एक लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई करनी चाहिए। जिससे वह अपनी कक्षा में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर सके। समारोह का मंच संचालन वरिष्ठ आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सम्मानित आचार्यगण कृष्ण कुमार पांडे, नंदलाल पांडे, अविनाश कुमार, सुजीत दुबे, दिनेश कुमार, सत्येंद्र प्रजापति, रुपेश कुमार, उमेश कुमार, प्रसून कुमार, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार गुप्ता, हिमांशु झा, बिक्रम प्रसाद, कृष्ण मुरारी, आरती श्रीवास्तव, नीति कुमारी, रेनू पाठक, प्रियम्बदा, खुशबु सिंघल, तन्वी जोशी, सलोनी कुमारी, नेहा कुमारी समेत बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### नववर्ष का प्रतीक है सरहुल पूजा : डॉ बिरेन्द्र

**रांची :** श्री महावीर मंडल,बड़ागाई रांची के तत्वाधान में मंगलवार को सरहुल पूजा शोभा यात्रा में शामिल धर्मावलंबियों पर बड़ागाई चौक में पुष्पवर्षा की गई। साथ ही समिति के पदाधिकारियों तथा मुख्य पहान को माला पहनाकर, चना और शरबत के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद झारखंड - बिहार के सहमंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने सभी धर्मावलंबियों को स्वागत करते हुए कहा कि प्रकृति पर्व सरहुल पूजा में नवपल्लव और नवपुष्प से पूजन कर जीवन के कल्याण के लिए आराधना की जाती है। सरहुल पर्व सनातनियों के लिए नववर्ष का प्रतीक है। पर्यावरण की रक्षा के लिए यह पर्व अत्यंत ही प्रासंगिक है। वहीं स्वागत शिविर में श्री महावीर मंडल बड़ागाई के मंत्री बसंत कुमार साहू, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, सह मंत्री शेखर कुमार, प्रचार सहमंत्री मनीष साहू, रिशु साहू, प्रेम कुमार, रामवृक्ष साहू, प्रकाश साहू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झारखंड में दो से बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट

**रांची:** झारखंड के कई जिलों में दो अप्रैल से बारिश और ओलावृष्टि होने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मौसम में आनेवाले बदलाव से राज्य के किसान और लोगों को भारी परेशानी होगी। उल्लेखनीय है पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि से रांची और लोहरदगा समेत कई जिलों में रबी फसल तथा सब्जियों को भारी क्षति हुई थी। वहीं मौसम विभाग के जारी अलर्ट के अनुसार दो अप्रैल को राज्य के पश्चिमी जिले पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा में गर्जन और वज्रपात होने की आशंका है। साथ ही इससे सटे मध्य भागों में 40-50 किमी की गति से तेज हवा की चलने की आशंका है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरहुल में राजकीय छुट्टी की किया घोषणा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को झारखंड में धूमधाम से शांतिपूर्ण तरीके से प्राकृतिक पर्व सरहुल मनाया गया। रांची के विभिन्न गली, मोहल्ले, टोले से सरहुल का शोभा यात्रा निकालते हुए अपने-अपने क्षेत्रों से जिसमें और अरगोड़ा, हात्मा , पिस्का मोड़ ,रातू रोड, गोंदा, कांके, मोराबादी, ओरमांझी, नामकुम, सिदरौल, कोकर, लालपुर, कांटा टोली, करम टोली, लालपुर, लोहरा कोचा क्षेत्रों से महिलाएं एवं पुरुष, बच्चों ने मांदर की थाप पर नाचते झूमते शहिद अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचे । चौक पर विभिन्न संगठनों, राजनीतिक पार्टी द्वारा मंच बनाया गया था एवं इन मंचों के द्वारा भी सम्मानित किया गया । इसके बाद शोभायात्रा मेन रोड, उर्दू लाइब्रेरी होते हुए सुजाता चौक से सिरम टोली सरना स्थल तक पहुंचा और यहां पर पारंपरिक रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना की गई।

**सरहुल में दिनों का राजकीय छुट्टी घोषित:** झारखंड के लोगों के लिए इस सरहुल के मौके पर दो दिनों की छुट्टी रहेगी। एक दिन की जगह अब इसे दो दिनों का राजकीय छुट्टी घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के लोगों को सरहुल के मौके पर खुशखबरी दी है। उन्होंने अपने ङ्ग अकाउंट पर दो दिन के राजकीय छुट्टी घोषित करने की बात कही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने ङ्ग अकाउंट पर लिखा कि पिछले कई वर्षो से सरहुल के अवसर पर दो दिनों के राजकीय छुट्टी की मांग उठ रही थी। आदिवासी समाज के इस महा पावन पर्व के महत्व को देखते हुए, मैंने इस वर्ष से दो दिन का राजकीय छुट्टी घोषित किया है। झारखंड की संस्कृति एवं परंपराओं की गौरवशाली धरोहर को हम सहेजते आयें हैं और सदैव सहेजेंगे।

## सरहुल पर दो दिनों का अवकाश स्वागत योग्य फैसला : सोनाल शांति

रांची : राज्य सरकार की ओर से आदिवासी समुदाय के प्रमुख त्योहार सरहुल के अवसर पर दो दिनों के अवकाश की घोषणा स्वागत योग्य कदम है। यह बात प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने मंगलवार को प्रतिक्रिया देते हुए कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से इस वर्ष से सरहुल के अवसर पर दो दिनों के अवकाश की घोषणा से सरना धर्मावलंबियों और सामाजिक, आदिवासी संगठनों की बरसों पुरानी मांग पूरा होने से आदिवासी समुदाय में उल्लास का वातावरण है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सरहुल के अवसर पर सरकार की ओर से झारखंडी जनता को दिया गया यह विशिष्ट उपहार है। उन्होंने कहा कि प्रकृति पूजन का यह महान पर्व समाज के सभी समुदायों को एक कड़ी में जोड़ने का भी कार्य करता है। यह सिर्फ एक त्योहार नहीं बल्कि आदिवासी अस्मिता का प्रतीक भी है। यह पर्व आदिवासी संस्कृति, प्रकृति, इतिहास और समाज के साथ जुड़े रहने का संदेश देता है।

**सरहुल पर लें प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा का संकल्प : कुणाल:** श्री महावीर मंडल रांची महानगर की ओर से मेन रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप मंगलवार को सरहुल शोभा यात्रा के लिए भव्य स्वागत शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रांची के विभिन्न स्थानों से आने वाले शोभायात्रा में सम्मिलित विभिन्न अखाड़े के पाहन महिलाएं,बच्चे और बुजुर्गों को अंग वस्त्र देकर, माला पहनाकर और मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति पर्व है। हम सभी को प्राकृतिक संसाधनों को रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही सरहुल शोभायात्रा में सम्मिलित समस्त महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चों का शुद्ध पेयजल, फ्रूटी और टॉफी देकर श्री महावीर मंडल, रांची महानगर ने स्वागत किया। श्री महावीर मंडल महानगर की ओर से पांच अप्रैल को रात्रि आठ बजे से झांकी प्रतियोगिता और महानवमी की शोभायात्रा में सभी को सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।

## सरहुल शोभायात्रा का किया गया स्वागत

रांची। राँची के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में स्वागत शिविर लगाकर सरहुल महोत्सव के उपलक्ष्य में निकली गई विशाल शोभायात्रा का स्वागत किया गया । शोभायात्रा में शामिल सभी क्षेत्र के सरना धर्म गुरु को राजीव रंजन मिश्रा , राम बानर सेना के अध्यक्ष श्री लंकेश सिंह एवं श्री महावीर मंडल राँची के उपाध्यक्ष राहुल सिन्हा चंकी के द्वारा माला और गमछा पहना कर स्वागत किया एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा को सफल बनाने में सरना समिति के प्रति आभार व्यक्त किया।स्वागत शिविर में इन्दर सिंह , रंजीत चौरसिया , रंजीत उरांव , अविनाश आनंद , विशाल मिश्रा , गोपाल पारीक , रमेश केडिया सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल थे ।

## जिला प्रशासन सरहुल में मोर्चा संभाले रखा



रांची। सरहुल पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही। डीसी मंजुनाथ भजन्त्री, एसपी राजकुमार मेहता, एसडी एम उत्कर्ष, एडीएम राजेश्वर आलोकनाथ, ट्रैफिक एसपी डा कैलाश करमाली सहित सभी थाना क्षेत्रों की पुलिसकर्मी अपने-अपने जगह पर सुरक्षा को लेकर तैनात थे। किसी तरह का कोई हुडंदग न हो इसको लेकर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे ।

## सांसद संजय सेठ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सरहुल की दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दिल्ली में राष्टपति भवन जाकर प्राकृतिक पर्व सरहुल के पावन अवसर पर भारत के राष्टपति द्रौपदी मुर्मू को सरहुल की शुभकामनाएं दी साथ ही उन्होंने रांची के समस्त सरनावासियों को प्राकृतिक पर्व सरहुल की अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

## हेमंत सरकार अबुआ सरकार नहीं अहंकारी सरकार है : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि सिरमटोली फ्लाइओवर रैंप निर्माण के खिलाफ झारखंड का आदिवासी समाज लंबे समय से चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान निकालने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है।कहा कि सरना स्थल हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा की पहचान है, जिसे संरक्षित रखना हर आदिवासी का कर्तव्य है। बावजूद इसके, राज्य सरकार ने आदिवासियों की आवाज़ को अनसुना कर दिया, जिससे समाज में गहरा आक्रोश है।कहा कि आदिवासी



होने के नाते मुख्यमंत्री से उम्मीद थी कि वे समाज की पीड़ा समझेंगे और आंदोलनकारियों से संवाद कर सरना स्थल की रक्षा सुनिश्चित करेंगे। लेकिन सरकार की निष्क्रियता साबित करती है कि वह आदिवासियों की मांगों को पूरा करने की इच्छुक नहीं है। कहा कि सरहुल पर्व के अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा मुख्यमंत्री का विरोध स्पष्ट संदेश देता है कि यह सरकार अबुआ सरकार नहीं, बल्कि अहंकारी सरकार बन चुकी है, जो अपने ही लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम कर रही है।

## योगा के लिए जगदीश सिंह को ग्रैंड मास्टर कैटेगरी में स्वर्ण पदक मिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ओडिशा में आयोजित प्रथम ओपन राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप मे डिवाइन योगा अकेडमी, झारखंड के जगदीश सिंह को स्वर्ण पदक जय प्रकाश अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, सुंदरगढ़ योगासन खेल संघ एवम मार्शल आर्ट अकादमी राउरकेला द्वारा संयुक्त रूप से 29 और 30 मार्च 2025 को राउरकेला, ओडिशा में आयोजित प्रथम ओपन राष्ट्रीय योगासन खेल चैंपियनशिप 2024-25 में डिवाइन योगा अकेडमी झारखंड के जगदीश सिंह को ग्रैंड मास्टर कैटेगरी में स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ ।

इसके साथ ही जगदीश सिंह को उत्कृष्ट कोच और जज के रूप में भी सम्मानित किया गया। सीनियर बी ग्रुप में शत्रुघन कुमार को चौथा प्रदीप कुम्भकार को पांचवा और मनोज उराँव को छठा स्थान प्राप्त हुआ।

डिवाइन योगा अकेडमी की डायरेक्टर डॉ परिणीता सिंह ने टीम का उत्साहवर्धन करते हुए अच्छे भविष्य की कामना की।ज्ञात हो कि डिवाइन योगा अकेडमी झारखंड की तरफ से जगदीश सिंह, शत्रुघन कुमार, प्रदीप कुम्भकार, संदीप ठाकुर और अजय कुमार ने भाग लिया था।उक्त प्रतियोगिता में पंजाब, हरियाणा गुजरात, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, झारखंड के अलावा कई राज्यों ने भी विभिन्न कैटेगरी में भाग लिया।

## काव्य गोष्ठी का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद रांची ईकाई और श्री साहित्य कुंज के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2082 के स्वागत अभिनंदन लिए मोराबादी के आक्सीजन पार्क में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। मां भारती की आराधना के साथ गोष्ठी शुरू की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार असित कुमार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर डीएसपी कामेश्वर कुमार



और विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद पकंज पुष्कर रहे। अखिल भारतीय साहित्य परिषद रांची ईकाई की अध्यक्ष मनीषा सहाय सुमन ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन सार्वजनिक स्थान पर करने का उद्देश्य है कि हम अपनी संस्कृति, संस्कार, सनातन प्रतिबद्धता के प्रति जागरूक हों। पाश्चात्य संस्कृति ने हमें हर ओर से नैतिक पतन और बिखराव दिया है इसलिए हमारे समाज व राष्ट्र को सुदृढ़ और संगठित बनाने के लिये सनातन विचारों का प्रवाह व प्रतिबद्धता दोनों ही जरूरी है। इस काव्य गोष्ठी में पुष्पा सहाय, भावना अम्बष्ठा, ॠतुराज वर्षा, मधुमिता साहा, सिम्मी नाथ, निर्मला कर्ण, सुनीता अग्रवाल, पूनम वर्मा, चेतना यादव, रंजन बरनवाल, राज यादव, पंकज पुष्कर सहित अन्य ने अपनी रचनाओं का पाठ किया।

## रांची से नई दिल्ली के लिए चलेंगी दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** त्योहारों और स्कूलों में होने वाली गर्मी की छुट्टी को लेकर ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया गया है।

इसके लिए ट्रेन संख्या 02817/02818 रांचीङ्कनई दिल्लीङ्करांची स्पेशल और ट्रेन संख्या 02819/02820 रांचीङ्कनई दिल्लीङ्करांची दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। ट्रेन संख्या 02817 रांचीङ्कनई दिल्ली स्पेशल ट्रेन दो अप्रैल को रांची से खुलेगी। यह ट्रेन केवल एक ट्रिप करेगी। यह ट्रेन रांची से दोपहर दो बजे खुलेगी और यह डाल्टनगंज में शाम 5.25 बजे पहुंचेगी। इसके बाद यह पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन पर रात के 11¬00 बजे, प्रयागराज में दूसरे दिन की अहले सुबह 03.50 बजे तथा नई दिल्ली में दोपहर 2.00 बजे पहुंचेगी। दूसरी स्पेशल ट्रेन 02818 नई दिल्लीङ्करांची, नई दिल्ली से तीन अप्रैल को खुलेगी। यह ट्रेन भी एक ट्रिप ही करेगी। यह ट्रेन नई दिल्ली से दोपहर 3.50 बजे खुलेगी, जो प्रयागराज में रात के 02.20 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन पर दूसरे दिन सुबह 06.45 बजे, डाल्टनगंज में सुबह 10.35 बजे तथा रांची में दोपहर 3¬50 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 02819 रांचीङ्कनई दिल्ली स्पेशल चार अप्रैल से चलेगी, जो रांची से खुलेगी और एक ट्रिप करेगी। यह ट्रेन रांची से दोपहर 2.00 बजे खुलेगी और नई दिल्ली दूसरे दिन शाम 6.00 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 02820 नई दिल्लीङ्करांची स्पेशल पांच अप्रैल को नई दिल्ली से खुलेगी। यह ट्रेन भी एक ट्रिप ही करेगी। यह ट्रेन नई दिल्ली से शाम 5.30 बजे खुलेगी और दूसरे दिन रात 8.15 बजे रांची पहुंचेगी। इन चारों ट्रेनों में एसएलआर के दो, सामान्य श्रेणि के चार, द्वितीय श्रेणि स्लीपर के 14 कोच समेत कुल 20 कोच लगे होंगे।

## सीआईएसएफ के सायक्लोथॉन में 2.5 करोड़ से अधिक लोग जुड़े

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सीआईएसएफ द्वारा कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद रॉक मेमोरियल में सुरक्षित तट, समृद्ध भारत की भावना के साथ ग्रेट इंडियन कोस्टल सायक्लोथॉन के समापन समारोह का आयोजन किया गया।

इस सायक्लोथॉन में 2.5 करोड़ से अधिक लोग जुड़े। सम्पूर्ण यात्रा में प्रमुख हस्तियों सहित आम जनता का शानदार समर्थन प्राप्त हुआ। बता दे कि सीआईएसएफ ने अपने 56 वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक विशेष पहल शुरू की। इस पहल के अंतर्गत, सीआईएसएफ ने ग्रेट इंडियन कोस्टल सायक्लोथॉन 2025 का आयोजन किया, जो सुरक्षित तट, समृद्ध भारत थीम पर आधारित एक ऐतिहासिक प्रयास है। यह सायक्लोथॉन 7 मार्च 2025 को तमिलनाडु के तक्कोलम में स्थित राजदित्य क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र से गृह मंत्री अमित शाह द्वारा वर्चुअल रूप से फ्लैग ऑफ किया गया, जिसने इस महत्वाकांक्षी प्रयास की शुरुआत का प्रतीक बनाया।

कुल 125 समर्पित सीआईएसएफ साइक्लिस्ट्स, जिनमें 14 महिला बल सदस्य भी शामिल थीं, ने इस कठिन यात्रा को पूरा किया, जिसमें उन्होंने 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में यात्रा करते हुए कुल 25 दिनों में 6,553 किलोमीटर की दूरी तय की।भारत की मुख्यभूमि की लंबी तटरेखा को पार करने के पश्चात, यह रैली अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 31 मार्च 2025 को कन्याकुमारी में संपन्न हुई।

## पाहन ने इस वर्ष सामान्य से कम बारिश का लगाया अनुमान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में प्रकृति पर्व सरहुल का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान पाहन ने मंगलवार को सरना स्थल पर प्रकृति, पूर्वज और देवी देवताओं की पूजा की। सरना स्थल पर दो घड़े में रखे पानी का आकलन कर हातमा सरना समिति के पुरोहित (पाहन) जगलाल पाहन ने बताया कि इस साल सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। इससे पहले पुजारी जगलाल पाहन ने सरना स्थल पर विधि विधान के साथ देवी-देवताओं, प्रकृति और पूर्वजों की पूजा की। इस दौरान सफेद यानी चरका मुर्गे की बलि भगवान सिंगबोंगा को, रंगवा मुर्गे की बलि जल देवता यानी इकिर बोंगा को, रंगली मुर्गे की बलि पूर्वजों को और काले मुर्गे की बलि अनिष्ट करने वाली आत्माओं की शांति के लिए दी गई। पूजा के बाद घड़े में रखे पानी से पाहन को स्नान कराया गया। थाली में उनके पैर धोए गए। इसके बाद पाहन ने बारिश की भविष्यवाणी की। पुजारी जगलाल पाहन ने बताया कि मौसम को देखते हुए कृषि कार्य शुरू करें। मौसम की भविष्यवाणी की परंपरा आदिकाल से चलती आ रही है। जब साइंस डेवलप नहीं हुआ था, उस समय आदिवासियों के पूर्वज प्रकृति के तौर तरीकों का आंकलन कर



अनुमान लगाते थे कि मानसून कैसा रहेगा। यह परंपरा सदियों से चलती आ रही है।पाहन ने बताया कि सरहुल पर्व में तीन दिन का आयोजन होता है, जिसमें पहले दिन जनजातीय समाज के लोग उपवास रखते हैं। सुबह खेत एवं जलाशयों में जाकर केकड़ा एवं मछली पकड़ते हैं। पूजा के बाद रसोई में उसे सुरक्षित रख देते हैं। ऐसी मान्यता है कि फसल बोने के समय केकड़ा को गोबर पानी से धोया जाता है। इसके बाद उसी गोबर पानी से फसलों के बीज को भीगा कर खेतों में डाला जाता है।पाहन ने बताया कि पूर्वजों की ऐसी मान्यता है कि केकड़ा के 8-10 पैरों की तरह फसल में भी ढेर सारी जड़े निकलेंगी और बालियां भी खूब होंगी। अच्छी फसल होगी। उन्होंने बताया कि पहले धरती पर पानी ही पानी था। केकड़े ने मिट्टी बनाई और धरती वर्तमान स्वरूप में आया। उन्होंने कहा कि कितना भी अकाल पड़ जाए, जहां केकड़ा होगा वहां संकेत है कि पानी जरूर होगा।

## रांची नगर निगम ने 80,64,37,113 राशि का किया संग्रहण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों के सहयोग से इस वित्तीय वर्ष में 1,67,372 करदाताओं से कुल ॠ. 80,64,37,113 की राशि का संग्रहण किया गया, जिससे रांची नगर निगम झारखंड में सर्वाधिक संपत्ति कर संग्रहण करने वाली नगर निकाय बन गई।

**मुख्य उपलब्धियां :**

**डिजिटल भुगतान से कर संग्रहण:** 32,373 करदाताओं ने 17,05,79,093.21 का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया।

**जन सुविधा केंद्रों पर भुगतान :** 13,934 करदाताओं ने 5,38,72,014.58 की राशि निगम कार्यालय एवं डोरंडा अंचल कार्यालय स्थित जन सुविधा केंद्रों पर जमा की।

**डोर-टू-डोर कलेक्शन:** 1,06,019 करदाताओं से 41,81,40,029.39 की राशि एकत्रित की गई।

**31 मार्च 2025 को अंतिम दिन की उपलब्धि :** एक दिन ही 897 करदाताओं से 91,45,230.00 का संग्रहण किया गया।



**अन्य कर संग्रहण :** जल कर इस वर्ष 12,02,91,970 की राशि जल कर के रूप में प्राप्त हुई। ट्रेड लाइसेंस कुल 18,370 आवेदन प्राप्त हुए, जिससे 2,16,38,840.00 का राजस्व प्राप्त हुआ।बता दे कि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में रांची नगर निगम द्वारा 70,39,63,175 रुपए की राशि वसूली गई थी। इस वित्तीय वर्ष रांची नगर निगम द्वारा 10,24,73,938 रुपए ज़्यादा कर की वसूली की गई है।रांची नगर निगम यह सुनिश्चित करेगा कि एकत्रित राजस्व का उपयोग नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता, आधारभूत संरचना विकास और शहर को और अधिक सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने में किया जाए।

## रैंप विवाद को लेकर दर्ज एफआईआर पर सरकार ने कार्रवाई नहीं करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 30 मार्च को सिरम टोली फ्लाई ओवर के रैम्प को हटाने के लिए कुछेक लोगों ने जुलूस निकालकर उग्र प्रदर्शन किया था। उग्र प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़ने के साथ साथ विधि व्यवस्था संधारण के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ धक्का मुक्की एवं छीना झपटी की थी।

प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी ,बल एवं दंडाधिकारियों ने महत्तम संयम का परिचय देते हुए विधि व्यवस्था का संधारण किया था।

उक्त दिन घटित घटना के संदर्भ में चुटिया थाना में कांड संख्या 77/2025 30.3.2025 सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दर्ज किया गया था। प्राथमिक दर्ज करने की सूचना प्राप्त होने पर सरकार ने महानिदेशक सह पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड को यह निर्देश दिया है कि चूंकि यह घटना सरहुल पर्व की भावना से जुड़ा हुआ है, अतः इस प्राथमिकी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध किसी भी कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। इसमें प्रेम शाही मुंडा, गीत श्री उरांव सहित कई लोग शामिल थे जिस पर एफआईआर दर्ज किया गया था।

तदनुसार महानिदेशक सह पुलिस महानिरीक्षक ने वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची को निर्देश दिया है कि इस कांड में कोई अग्रतार कार्रवाई नहीं की जाए।

## डॉक्टर प्रदीप वर्मा सांसद विकास निधि योजना से पीसीसी पथ का शिलान्यास



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ. प्रदीप वर्मा सांसद विकास निधि योजना अंतर्गत आज नामकुम प्रखंड के आरा पंचायत मे पी.सी.सी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया गया।जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क बनने से आमलोगों को बहुत लाभ मिलेगा।मंडल अध्यक्ष ने कहा कि हमलोग डॉक्टर प्रदीप वर्मा जी का बहुत बहुत आभार प्रकट करते है,साथ ही आशा करते है कि इस तरह विकास के कार्य हमारे क्षेत्रों में अधिक से अधिक होंगे। इस अवसर पर जिला जिलाध्यक्ष श्री धीरज महतो ,जिला उपाध्यक्ष प्रीतम साहू,मंडल अध्यक्ष श्री राजेंद्र महतो ,श्री मुक्तिनाथ मिश्रा, श्री राजेश यादव, गिरिधर मिश्रा, नागेश्वर महतो, के डी सिंह,ओम प्रकाश पाण्डेय, सुनील लोहरा, अमित तिवारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

## भाजपा टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष के चयन हेतु बैठक



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा टाटीसिलवे मंडल के द्वारा महिलौंग स्थित मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो जी के कॉम्प्लेक्स मे मंडल अध्यक्ष के नाम हेतु बैठक संपन्न हुआ।इस बैठक में प्रभारी के रूप में श्री चौधरी महतो ,सह प्रभारी अमित कुमार मिश्र एवम देव तुल्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।सर्वसम्मति से पाच नाम राजेंद्र महतो,अमित मिश्रा,ज्योति देवी,पुरूषोतम मिश्रा,नागेश्वर महतो जिला को भेजी गई।इस बैठक मे मुख्य रूप से जनसंघ काल के नेता श्री भोलानाथ मिश्र ,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महामंत्री अमित कुमार मिश्र , रुद्रेश्वर राय , पूर्व मंडल अध्यक्ष मुक्तिनाथ मिश्र,पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद ,पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष मनेश महतो, ग्रामीण जिला मंत्री माधुरी देवी,सिदाम सिह मुण्डा , कोषाध्यक्ष पुरषोतम मिश्र ,गिरधर मिश्र ,मीडिया प्रभारी प्रशांत किशोर,नागेश्वर महतो , एस सी मोर्चा अध्यक्ष रंथु , सयनाथ महतो ,राम कृष्ण महतो ,सुभाष श्रीवास्तव ,ज्योति देवी , छेला मुण्डा , राजिव सिह, जितलाल कुम्हार , मनसा महतो ,विनोद साही , विरेन्द्र ओझा इत्यादि उपस्थित थे।

## आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ईद की बधाई देने पहुंचे मोहसिन खान के घर

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू सुप्रीमो पूर्व डिप्टी सीएम और पूर्व सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो सोमवार को ईद त्योहार के अवसर पर आजसू केंद्रीय सचिव मोहसिन खान के बरियातु रांची स्थित घर पहुंचने तथा ईद की बधाई एव शुभकामनाए दी । ईद त्योहार पर मिलने आए सुदेश महतो से काफ़ी संख्या मे मुस्लिम समाज के लोग भी मिलने पहुंचे । वही सभी लोगो के साथ मोहसिन खान निवास पर सुदेश महतो ने ईद की मीठी सेवई और लजीज पकवान् भी खाए । इस अवसर पर परिजनों सहित अन्य लोगो से आत्मीयता के साथ मिलकर उन्होंने ईद की मुबारकबाद दी । मौके पर फैज खान सल्लू खान रामिस खान अख्तर हुसैन विरास्त खान मुकेश कुमार सन्नी खान जिसान खान उपस्थित थे ।



## नौजवान क्लब महेशपुर मे ईद मिलन समारोह मे शामिल हुए खिजरी विधायक : राजेश कच्छप



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौजवान क्लब महेशपुर अनगड़ा द्वारा भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश कच्छप मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे । इस अवसर पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा की ईद का त्यौहार प्रेम सौहाद और भाईचारे का संदेश लेकर आता है । यह पर्व हमें आपसी प्रेम और सौहाद की महत्ता को समझने का अवसर प्रदान करता है और समाज मे एकता और शांति बनाए रखने की प्रेरणा देता है । समारोह मे बड़ी संख्या मे गणमान्य लोग समाजिक कार्यकर्त्ता एव स्थानीय नागरिक शामिल हुए । इस कार्यक्रम मे विधायक प्रतिनिधि श्रवण मुंडा सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार मुस्तफ़ा अंसारी परवेज खान अनवर खान जाकिर खान राजू परमाणिक बसीर खान सेराज खान अरसद खान रयुफ़ खान परवेज आलम गुलसाद खान सफीक अंसारी शिवदास गोस्वामी रासिद खान बहरूदिन खान समीम खान आकाश अमिस अकमल खालिक खान रुस्तम खान बासीद राजेश नायक समीम खान इरशाद खान अलीम खान समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## एचवीएल केएस ऑयल की हल्दिया इकाई के रणनीतिक अधिग्रहण के साथ उड़ान भरने को तैयार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय उबले चावल और खाद्य तेल विनिर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी हल्दर वेंचर लिमिटेड (एचवीएल) ने हल्दिया में केएस ऑयल लिमिटेड की विनिर्माण इकाई के सफल अधिग्रहण की घोषणा की है, जिससे इसके परिचालन क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस अधिग्रहण से हल्दर वेंचर लिमिटेड के नियंत्रण में हल्दिया पोर्ट पर अत्याधुनिक रिफाइनिंग सुविधा आ गई है, जिसमें 500 टीपीडी भौतिक और रासायनिक रिफाइनिंग क्षमता है - जो इसके मौजूदा संयंत्र से पांच गुना अधिक है। इस रणनीतिक विस्तार से ?1,500 करोड़ से अधिक की वार्षिक राजस्व वृद्धि होने की संभावना है, जिससे एचवीएल पूर्वी भारत में बढ़ती मांग का लाभ उठा सकेगा।

## अमेज़न फ्रेश ने भारत के 170 से ज़्यादा शहरों में अपना विस्तार किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अमेज़न इंडिया ने अपनी किराना सेवा, अमेज़न फ्रेश का 170 से ज़्यादा शहरों और कस्बों में विस्तार करने की घोषणा की है, जो एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि इस सेवा में पिछले साल की तुलना में 2024 की दूसरी छमाही में 50त की वृद्धि हुई है।अमेज़न फ्रेश 11,000 से ज़्यादा किसानों से फल और सब्ज़ियाँ मंगवाता है, और एक सख्त गुणवत्ता जाँच प्रक्रिया के ज़रिए उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करता है। यह सेवा किराना वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है, जिसमें डेयरी, जमे हुए उत्पाद और व्यक्तिगत देखभाल संबंधी ज़रूरी सामान शामिल हैं, जिन्हें ग्राहकों के दरवाज़े तक आसानी से पहुँचाया जाता है।

## इफको ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 की घोषणा की सराहना की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इफको ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 की घोषणा और उसके बाद 26 मार्च 2025 को निचले सदन द्वारा इसके अनुमोदन का स्वागत किया है। विधेयक की घोषणा करते हुए माननीय सहकारिता एवं गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद आज देश को अपना पहला सहकारी विश्वविद्यालय मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, स्वरोजगार और लघु उद्यमिता के पारिस्थितिकी तंत्र का विकास करेगा, सामाजिक समावेश को बढ़ाएगा और नवाचार और अनुसंधान में नए मानक स्थापित करने के अवसर बढ़ाएगा।

# पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे अकीदत के साथ मनायी गई ईद

## गले मिलकर एक दुसरे को दी गई ईद की बधाई, बच्चो मे दिखा उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे ईद उल फित्र का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया।कोयलांचल क्षेत्र के मस्जिदो मे बड़ी संख्या मे लोगो को ईद की नमाज अदा करते देखा गया।बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज ने सुबह 8ः00 बजे ईद उल फितर की नमाज पढ़ायी।नमाज से पूर्व हाफिज मुमताज ने कहा कि ईद का त्योहार आपसी भाईचारगी और खुशी का पैगाम देता है।इस दिन दोस्त दुश्मन सभी लोग आपसी रंजिश और गिले सिकवे को भुलकर गले मिलते है और एक दुसरे को बधाई देते है।उन्होंने कहा कि 30 दिन रोजा रखने के बाद खुशियो का त्योहार ईद आता है,लेकिन माहे रमजान का जाने का भी गम होता है।उन्होने अपने तकरीर मे समाज के लोगो से समाज मे फैल रहे बुराईयो को दुर करने की अपील की।अंत मे क्षेत्र, राज्य व देश मे अमन चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारगी की दुआ मांगी गई।नमाज के बाद लोगो ने एक दुसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी।ईद को लेकर बच्चों मे काफी उत्साह दिखा और बच्चे भी उत्साह के साथ मस्जिद पहुंचकर एक दुसरे से गले मिले।वही नमाज के बाद बचरा जामा मस्जिद से काफिला निकाला गया,यह काफिला क्षेत्र का भ्रमण कर एक दुसरे के घर गये और सेवई का आनंद उठाया।देर रात तक लोग अपने दोस्त, रिश्तेदार के घर जाकर ईद की बधाई दी और सेवई का आनंद उठाया।वहीं राय जामा मस्जिद,बहेरा, ईदगाह,पुरानीराय, न्युमंगरदाहा,कल्याणपूर सहित अन्य ग्रामीण इलाको मे भी ईद का त्योहार पुरे अकीदत व आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया।ईद पर्व को लेकर क्षेत्र मे सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम देखा गया।सभी मस्जिद एंव ईदगाह मे पुलिस बल के जवानो को तैनात किया गया था।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा स्वंय क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे।थाना प्रभारी श्री मिश्रा बचरा सहित क्षेत्र के मस्जिद जाकर लोगो से मुलाकात किया और ईद की बधाई दी।



**बचरा में उमड़ी भीड़ :** ईद त्यौहार को लेकर बचरा जामा मस्जिद में लोगों की भारी भीड़ देखी गई।ईद की नमाज के दौरान कई जन प्रतिनिधि,समाजसेवी, सीसीएल अधिकारी और राजनीतिक पार्टी के लोग बचरा जामा मस्जिद पहुंचकर सभी नमाजियों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। जानकारी के अनुसार पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार निश्रा,आम्रपाली परियोजना पदाधिकारी मोहम्मद अकरम,पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी सकील अख्तर,झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह,बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी,बचरा गुरूद्वारा के ग्रंथी कुलदीप सिंह,मगध परियोजना के सिविल अधिकारी असलम आजाद सहित कई लोगों ने नमाजियों से मिलकर ईद की बधाई दी। वही बचरा अंजुमन के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और सभी ने एक साथ बैठकर सेवई का आनंद उठाया।इस मौके पर बचरा जमा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज बचरा अंजुमन के सेक्रेटरी इरफान शेख,जसीमुद्दीन अंसारी, वासिक रजा,तहुर आलम, अयूब अंसारी,हैदर अली, पिन्टु खान,मोहम्मद आदम, रिंकु खान,छोटु खान, मोहम्मद दानिश,मोहम्मद अनवर,फारूक मंसूरी, सरवर खान,मुबारक हुसैन, राशिद कादरी,मोहम्मद अशरफ,मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद फरीद,हाफिज क्यामुदीन,मोहम्मद तौहीद, हामिद अंसारी,भोला मियां, दिलनवाज अंसारी,मोहम्मद एहसान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कल्याणपूर मे सरहूल पूजा महोत्सव का हुआ आयोजन

# प्राकृतिक की रक्षा के लिए सभी का सहयोग जरूरी : उज्जवल दास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर सरना क्लब मे सरहूल पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता फूलदेव टाना भगत और संचालन निर्मल उरांव एवं करण कुमार महतो ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास और विशिष्ट अतिथि मे टंडवा प्रमुख रीना कुमारी,जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।इस समारोह का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया,जिसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि सरहूल पूजा का आयोजन होने से स्थानीय लोगो मे खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व में हमलोग प्राकृतिक पेड़ पौधे एवं धरती माता की पूजा करते हैं ताकि प्राकृतिक हम सभी मनुष्यों की रक्षा करें।अगर प्राकृतिक ही नहीं बचेगी तो हम मनुष्य भी नहीं बचेंगे।जिस तरह आज पेड़ पौधों को नष्ट किया जा रहा हैं अगर मनुष्य अभी भी पेड़ पौधों की रक्षा नहीं करेगा तो एक दिन मनुष्य का विनाश निश्चित है।वक्ताओ ने कहा कि सरहुल पर्व को हमलोग प्राकृतिक त्योहार के रूप में मनाते हैं।आज के दिन हम लोग चाला आयो धरती माता की पूजा करते हैं।सरहुल झारखंड का पारंपरिक और आदिवासियों का महत्वपूर्ण त्यौहार है।प्राकृतिक की रक्षा के लिए सभी को जागरूक होने की अपील की।इस मौके पर टण्डवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी,जिला परिषद नेहा उरांव,पूर्व मुखिया सरोज देवी,भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा,सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह, लक्ष्मण मंडल,सुनील चौरसिया,मुखिया रीना देवी,बिजय लाल, अब्दुल अंसारी,अरुन उरांव, बालेश्वर उरांव,धनेश्वर गंझू, कासिम उर्फ मुन्ना,रविन्द्र सिंह,धनराज भोक्ता,इदरीस अंसारी,इन्द्रजीत उरांव, गोविंद तिवारी,बालकंत उरांव,संजय भोक्ता,सचिन पासवान,अनिमा कुजूर, मोनिया उरांव,बसंत नारायण महतो,शिवशंकर साव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कल्याणपुर में मुस्लिम नौजवान कमेटी ने किया सरहुल पूजा शोभा यात्रा का स्वागत



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर में आयोजित सरहुल पूजा शोभा यात्रा का मुस्लिम समाज के लोगों ने फूलों की बारिश कर जोरदार स्वागत किया।जानकारी के मुताबिक कल्याणपुर में मुस्लिम नौजवान कमेटी के द्वारा सरहुल पूजा शोभा यात्रा का जोरदार तरीके से स्वागत किया।नौजवान कमेटी के द्वारा सबसे पूर्व घर के छतो से फूलों की बारिश की गई इसके बाद शोभा यात्रा में शामिल सभी महिला, पुरुष एवं बच्चों के बीच पानी, शरबत,बिस्कुट और सेवई का वितरण कर आपसी भाईचारगी की मिसाल पेश की।शोभायात्रा में शामिल सैकड़ो लोगों ने नौजवान कमेटी के द्वारा किए गए इस तरह के सराहनीय प्रयास का जमकर प्रशंसा की है।दोपहर में कड़ी धूप होने के कारण शोभा यात्रा में शामिल लोगों को काफी परेशानी हो रही थी ऐसे में नौजवान कमेटी के द्वारा पानी शरबत और सेवई प्रदान कर उनकी परेशानी को दूर किया।इधर कार्यक्रम में शामिल हुए सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास भी स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए और नौजवान कमेटी के इस प्रयास को एक बेहतर और सराहनीय कदम बताया।इस मौके पर मुस्लिम नौजवान कमेटी के कई युवक मौजूद थे।

## सिल्ली मुरी में ईद का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी सहित देशभर में सोमवार को ईद का त्यौहार बड़े ही हर्षोउल्लास एवं भाईचारे के साथ मनाया गया।वही सिल्ली मुरी बाजार में ईद की त्यौहार को लेकर पूरा चहल-पहल देखा गया। ईद का त्योहार मनाए जाने को लेकर बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया। ईद का त्योहार दुनियाभर के मुसलामनों के लिए खास महत्व रखता है, माह-ए-रमाजन के पूरा होने के बाद शव्वाल (इस्लामिक कैलेंडर का 10वां महीना) की पहली तारीख को ईद का त्योहार मनाया जाता है, इसे ईद-उल-फितर, ईद-अल-फितर, मीठी ईद या रमजान ईद भी कहा जाता है। वही सिल्ली थाना एवं मुरी ओपी पुलिस के द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इल्जाम किया गया था। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के छोटे बड़े लोग नहा धोकर नए कपड़े पहनकर मस्जिद पहुंचने लगे।कोलवाडीह मस्जिद, टुंगरी मोहल्ला मस्जिद, रेलवे मस्जिद,कुटाम मस्जिद,सुलुमजुड़ी मस्जिद समेत और भी कई मस्जिदों में ईद की नमाज अदा किया गया।सभी अपने अपने मस्जिदों में समय निर्धारित अनुसार ईद की नमाज अदा किया और अमन चैन की दुआ मांगा एवं एक दुसरे से गले मिलकर ईद की ढेर सारी शुभकामनाएं दिया। महिलाएं भी अपने अपने घरों में नमाज अदा किया और एक दुसरे को ईद की बधाई दिया साथ ही एक दूसरे के घर जाकर लच्छेदार सेवईं एवं मिठी पकवान का लुफ्त उठाया। ईद त्योहार को लेकर दिनभर लोग एक दूसरे को मुबारकबाद देने में लगे रहे।ईद का त्योहार प्रेम का प्रतीक एवं भाईचारे का त्योहार है।

## सरहुल की शोभायात्रा में उमड़े जिले के सरना धर्मावलंबी, लोग ढोल-नगाड़े व मांडर की ताप झूम उठे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** खूंटी तथा आस-पास के गांवों के के साथ सरना धर्म सोतो- समिति के डौगड़ा, दुलवा, बंदगांव, बालो-, कमड़ा, बिरबंकी, खजूरदाग, उलिहातु, सोंगरा, कोचांग इत्यादि में मंगलवार को सरहुल त्योहार हर्सोल्लास के साथ मनाया गया. गांव के पहानों व सरना धर्म गुरूओं की अगुवाई में अपने-अपने गांवों में भगवान सिडबोंगा की पूजा-पाठ कर व पुरखों को याद कर खुशहाली की कामना की. सुबह घड़ों में रखे सगुन जल का अवलोकन कर पहानों ने मध्यम वारिश एवं अच्छी कृषि की भविष्यवाणी की. सरना धर्मावलंबी अपने-अपने गांवों के पहानों की अगुवाई में सखुआ फूल, अरवा चावल, जल व सरना झंडों के साथ कचहरी पार्क के पास इकट्ठा हुए. जदुर, ओरजदुर, चिटिद, गेना आदि गीतों से खूंटी की सड़कें गूंज उठी. महिलाएं अपने कोपा तथा पुरूष अपने कानों में सखुआ पूल लगाए नाचते-गाते जा रहे थे. शोभायात्रा कचहरी पार्क, बिरसा कॉलेज, भगत सिंह चौक एवं नेताजी चौक में स्थापित स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर सखुआ फूल अर्पित किए और पुन- कचहरी मैदान आकर समापन किया गया. अवसर पर धर्मगुरू बगरय मुंडा ने कहा कि सरहुल को प्रेम और भाईचारा के साथ मनाना चाहिए और सरहुल महोत्सव व शोभायात्रा को सरकार द्वारा घोषित छुट्टी के दिन ही सभी जगहों पर मनाया जाए ताकि लोग सरकारी अवकाश से वंचित न हो. हमारा प्रयास है कि अलग-थलग हुए समाज के लोगों को सुसंगठित कर सरना धर्मावलंबियों की धार्मिक, समाजिक अस्तित्व व अस्मिता बचायी जा सके. इस अवसर पर सुगुन दास मुंडा, सुधा मुंडू, मथुरा कंडीर, महादेव मुंडा, चंद्रप्रभात मुंडा, सनिका बोदरा, विश्राम टुटी, सुभासिनी पुर्ती, मंगा ओड़ेया, डॉ सीताराम मुंडा, जीतु पहान, जमुना मुंडू, नंदी डोढरय, सोमा मुंडा, सनिका तिडू, सोमा पहान, फागु सिंह मुंडा, जेठा पहान, मंगरा पहान, सुगना पहान आदि गणमान्य लोग शामिल हुए.

# तिरला की घटना पर महासंघ ने जताया आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की रांची जिला ग्रामीण इकाई ने बैठक कर गिरिडीह के बगोदर थाना क्षेत्र के तिरला गांव में शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज से संबंधित एक प्रतिष्ठित परिवार के साथ सामाजिक बहिष्कार की घोषणा की तीखी भर्त्सना की। महासंघ के ग्रामीण जिला अध्यक्ष गिरिधर मिश्र ने कहा है कि इस अवैध फतवे को महासंघ गंभीरता से लेते हुए फतवा जारी करने वालों को चेतावनी देता है कि इस संबंध में किसी तरह की कार्रवाई का नतीजा गंभीर होगा। उन्होंने कहा है कि कोई भी व्यक्ति या समुदाय कानून अपने हाथों में नहीं ले सकता है। देश और राज्य में कानून का राज है। बैठक में उपस्थित महासंघ के पदाधिकारियों में प्रदेश संरक्षक भोलानाथ मिश्र, जिला पदाधिकारी अभय मिश्र, अमित मिश्र, कृष्ण मुरारी मिश्र,विकाश पुष्पराज सहित कई पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से इस संबंध में अविलंब कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित परिवार के सदस्य अजीत कुमार पांडेय ने बताया है कि गांव के कुछ स्वयंभू तथा समाज के लोगों ने मुखिया की उपस्थिति में एक गैरकानूनी फ़रमान जारी कर उनके परिवार को गांव की सामाजिक गतिविधियों से अलग-थलग करने की कोशिश की है। यह बिल्कुल अनुचित और गैरकानूनी है। घटना को गंभीर मानते हुए शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ ने इसे धार्मिक स्वतंत्रता, पारिवारिक गरिमा और संवैधानिक अधिकारों पर हमला बताया है।

## बेड़ो प्रखंड में धूमधाम से मनी ईद, भाईचारे और खुशहाली की गूंज



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड के कराँजी, जराटोली, चचकोपी, घाघरा, तुको, केशा, बिल्टी, महरू, नरकोपी, टंगराटोली, भोगलाटोली, डाड़कंडरिया, दिघिया और चान्हों सहित कई गांवों में सोमवार को ईद-उल-फितर का त्योहार अकीदत और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद देश की तरक्की, अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गईं। सुबह से ही ईदगाहों में चहल-पहल रही। बच्चे नए कपड़े पहनकर परिजनों के साथ पहुंचे और नमाज के बाद बड़ों से आशीर्वाद लिया। कराँजी मेला मैदान में ईद मिलन समारोह आयोजित हुआ, जहां समुदाय के लोगों ने भाईचारे और सौहार्द्र को बढ़ावा देने पर जोर दिया। समारोह में बबलु खान, अंजुमन के सदर सोयब अंसारी, सेक्रेट्री अब्दुल अंसारी, पूर्व समिति सदस्य अमीन अंसारी, मतीन अंसारी, रूसतम अंसारी, जमील अंसारी, हाजी कलाम, सजाद अंसारी, सरफराज, जकीर अंसारी, माजिद अंसारी और शमीम समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। ईद के मौके पर सेवइयों और तरह-तरह के पकवानों की खुशबू हर घर में फैली रही। लोग एक-दूसरे से गले मिले, मिठाइयों का आदान-प्रदान किया और बच्चों ने ईदी प्राप्त कर अपनी खुशियां जाहिर कीं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की थी, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। बेड़ो प्रखंड में ईद का पर्व प्रेम, सौहार्द्र और खुशहाली के माहौल के बीच हर्षोल्लास से मनाया गया।

# खलारी में हर्षोल्लास से मनायी गई ईद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी कोयलांचल में ईद उल फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. लोग नहा धोकर नए कपड़े पहनकर नमाज अदा करने मस्जिद पहुंचे. खलारी के एकमात्र जेहलीटांड़ स्थित ईदगाह में सुबह साढ़े आठ बजे ईद की नमाज अदा की गयी. इसके अलावा जामा मस्जिद खलारी, खलारी बाजारटांड़, जेहलीटांड़, धमधमिया, हुटाप, जी टाइप, भूतनगर, राय, पुरनीराय सहित अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गयी. मस्जिद के मौलाना ने सभी नमाजियों को ईद की नमाज अदा करायी. इस दौरान देश दुनिया और समाज में अमन चैन की दुआ मांगी गयी. नमाज के बाद लोग एक दूसरे को ईद की बधायी दिए. ईद की नमाज शुरू करने से पूर्व लोगों ने जकात(दान) निकाला. ईद को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा था. क्षेत्र में पुलिस द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी. नमाज स्थल पर सुरक्षा बल तैनात किए गए थे. शाम तक एक दूसरे के घर जाकर लोगों ने ईद की बधायी दी तथा सेवई सहित अन्य पकवान खाए.

**मना ईद मिलन समारोह :** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी व रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के कोषाध्यक्ष तनवीर आलम की आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया. ईद मिलन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य लोग शिरकत कर ईद की बधाई दिए तथा स्वादिष्ट सेवइयों व दावत का आनंद उठाया. इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस लेबर सेल के महासचिव राजन सिंह राजा, रांची जिला कांग्रेस महासचिव राजेश सिंह मिंटू , विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, रविंद्र नाथ चौधरी ,अशोक राम, गोपाल सिंह ,रूबी यादव, अजय सिंह, भोला यादव ,इम्तियाज अंसारी, रवि उरांव गांगुली, जावेद अख्तर ,एकबाल खान, तोहिद अंसारी ,आफताब आलम, तालिब अंसारी, महबूब अब्दुल्ला, हबीब आलम, अनीस सलमान, अदनान सामी, फरहान अख्तर. सरफराज आलम शामिल हुए.

**चाक चौबंद थी सुरक्षा व्यवस्था :** ईद त्योहार को लेकर खलारी की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद थी. ईद के एक दिन पहले से ही खलारी पुलिस के द्वारा सभी जगहों पर गश्त की गयी. पुलिस उप अधीक्षक रामनारायण चौधरी के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जयदीप टोपो द्वारा थानाक्षेत्र के सुदूर इलाकों में गश्ती कराया गया. ईद के दिन सभी मस्जिदों में पुलिस बल की तैनाती की गयी थी. क्षेत्र में गश्ती दल घूम रहा था.

## सैमसंग ने 'एआई होम' और बेस्पोक एआई उपकरण पेश किए




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने सियोल, कोरिया में आयोजित अपने वैश्विक लॉन्च इवेंट 'वेलकम टू बेस्पोक एआई' में अपने नए 'एआई होम' विजन और नवीनतम उपकरणों की श्रृंखला का अनावरण किया। यह इवेंट उन्नत एआई सुविधाओं और स्मार्ट स्क्रीन-सक्षम उपकरणों पर केंद्रित था, जो अधिक सुरक्षित और सहज उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में डिजिटल उपकरण व्यवसाय के आरएंडडी टीम के ईवीपी और प्रमुख जियोंग सेउंग मून ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि एआई होम विभिन्न उपकरणों को आपस में जोड़कर हर कमरे में उपयोगकर्ता की जरूरतों को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि हमारे बेस्पोक एआई उपकरणों के माध्यम से, सैमसंग ने एक ऐसे एआई होम को जीवंत किया है, जो न केवल रोजमर्रा की सुविधा को बढ़ाता है बल्कि ऊर्जा की बचत और देखभाल को भी सक्षम बनाता है। हम स्मार्ट स्क्रीन, बिक्सबी और नॉक्स सुरक्षा का लाभ उठाते हुए उन्नत एआई होम को और अधिक घरों तक विस्तारित करना जारी रखेंगे।

## 7 एसडीपी एवं 14 यूनिट रक्तदान मां चंद्रघंटा के नाम समर्पित

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टीम पीएसएफ गर्मी में भी जरुरत के वक्त रक्त उपलब्ध हो सके, एक बड़ा अभियान चलाते हुए मंगलवार को सरहुल, चैती छठ एवं नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा के नाम समर्पित करते हुए 7 एसडीपी रक्तदान जिसमें उत्तम कुमार गोराई, आशीष अग्रवाल, अवधेश कुमार वर्मा, शुभेंदु मुखर्जी, कुमारेश हाजरा, भगवान सिंह व रवि शंकर आदि के अलावा 14 यूनिट रक्तदान। 7 एसडीपी रक्तदान के जरिए टीम पीएसएफ ने सबसे बड़ा एसडीपी रक्तदान का अभियान चलाते हुए 1321वां एसडीपी रक्तदान को पूरा किया। मौके पर जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी, डॉक्टर लव बहादुर सिंह, तकनीशियन शुभोजीत मजूमदार, टीम पीएसएफ के निर्देशक अरिजीत सरकार व उत्तम कुमार गोराई आदि मौजूद थे।

## पटमदा के अमन पांडेय का भारतीय नौ सेना में चयन, हर्ष

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा बाजार निवासी युवा छात्र अमन पांडेय का भारतीय नौ सेना में चयन होने से पूरे परिवार के साथ-साथ क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पटमदा थाना के बगल में रहने वाले अमन के पिता छोटन पांडेय टाटा स्टील में ठेका मजदूर हैं और माता कंचन पांडेय गृहिणी हैं। दो भाइयों में छोटा अमन वर्तमान में पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला से स्नातक की पढ़ाई कर रहा था एवं पिछले करीब 2 सालों से वह सेना की बहाली के लिए तैयारी कर रहा था। अमन बताते हैं कि उसकी सफलता के पीछे माता-पिता के अलावा उसके दोस्तों को भी श्रेय जाता है। इससे पूर्व पटमदा बाजार के ही रहने वाले एक युवा बिट्टू दास का अग्निवीर में चयन हुआ है और वह दानापुर में प्रशिक्षण ले रहा है। अमन का एसएसआर इंडियन नेवी टेक्नीशियन के रूप में भारतीय नौ सेना के प्रथम श्रेणी में ही चयन हुआ है।

## सरहुल में 2 दिन का राजकीय अवकाश के बावजूद खुले रहें जमशेदपुर के निजी स्कूल : काशिफ़

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज़ाद समाज पार्टी (का0) के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा सिद्दीकी ने एक्स एकाउंट के माध्यम से मुख्यमंत्री झारखंड से पूछा है कि जब आपके द्वारा सरहुल के अवसर पर दो दिनों का राजकीय अवकाश घोषित किया गया तो फिर जमशेदपुर के निजी स्कूल कैसे खुले हुए हैं, क्या इनके लिए आदिवासी त्यौहार महत्वपूर्ण नही है, क्या इनके लिए मुख्यमंत्री द्वारा घोषित राजकीय अवकाश का पालन करना महत्वपूर्ण नहीं है, यह समस्त आदिवासी समाज का अपमान है, जब दिवाली, दुर्गा पूजा, रामनवमी जैसे त्योहारों में लंबे अवकाश हो सकते हैं तो राजकीय अवकाश को ना मानना बिल्कुल ग़लत है, आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) और भीम आर्मी निजी स्कूलों की इस मनमानी का विरोध करती है और मुख्यमंत्री झारखंड़ से इन स्कूलों पर सख्त कारवाई की मांग करती है।

## यंग इंडियंस और आरकेएफएल ने कोइलाबेरा में बनाए पाँच जल संरक्षण तालाब

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** यंग इंडियंस (वाई आई) जमशेदपुर और रामकृष्ण फोर्जिंग लिमिटेड (आरकेएफएल) द्वारा कोइलाबेरा क्षेत्र में पाँच जल संरक्षण तालाबों का निर्माण और उद्घाटन किया। प्रत्येक तालाब की क्षमता 2.8 लाख लीटर है, जिससे कुल 14 लाख लीटर जल संग्रहण संभव होगा। यह पहल आरकेएफएल जमशेदपुर की जलवायु परिवर्तन वर्टिकल के तहत की गई, जो भूजल पुनर्भरण, कृषि सहयोग और जल प्रबंधन को बढ़ावा देगी। अब तक यंग इंडियंस द्वारा जमशेदपुर में कुल 20 तालाबों का निर्माण कर चुका है और इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्घाटन समारोह में आरकेएफएल के कृष्णा नंद देव (मैनेजर - लीगल) और संजय कुमार (ईएचएस हेड) तथा वाई आई जमशेदपुर के कौशिक मोदी (चेयर), अक्षय अग्रवाल (जलवायु परिवर्तन चेयर) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस सबंध में अक्षय अग्रवाल ने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। यंग इंडियंस जमशेदपुर जल संरक्षण, मियावाकी वनीकरण, ई-वेस्ट संग्रहण अभियान जैसी स्थायी पहल जारी रखेगा।

## शिलान्यास के 6 माह बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं, जर्जर सड़क पर चलने को मजबूर ग्रामीण

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड के तीनसीमाना से धादकीडीह तक करीब ढाई किमी जर्जर सड़क का निर्माण हेतु मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना मद से स्वीकृति मिल चुकी है। जिसका शिलान्यास भी करीब 6 माह पहले ही हो चुका है । लेकिन इसके संवेदक ने आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्र के लोग जर्जर सड़क पर ही चलने को मजबूर हैं और खासकर गर्मी के मौसम में सड़क पर उड़ती धूल से लोगों को परेशानी हो रही है। सोमवार को क्षेत्र भ्रमण करने पहुंचे विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू से ग्रामीणों ने जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग की है। टुडू ने बताया कि सड़क का निर्माण नहीं होने से कई गांवों के लोगों को आने-जाने में बहुत ही अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की स्थिति दयनीय होने के कारण आये दिन लोग बाइक से गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर विधायक मंगल कालिंदी ने एक साथ कई सड़कों के निर्माण हेतु स्वीकृति दिलाई है।

## ज्योति अग्रवाल बनीं मायुमं स्टील सिटी सुरभि शाखा की अध्यक्ष

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा के सत्र 2025-26 के लिए मंगलवार को साकची स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर में चुनाव संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव पदाधिकारी निशा सिंघल ने वोटों की गिनती के बाद ज्योति अग्रवाल को सात वोट से अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया। ज्योति अग्रवाल को 26 वोट और पूजा अग्रवाल को 19 वोट मिले। निवर्तमान अध्यक्ष कविता अग्रवाल ने बताया कि चुनाव पूर्व अध्यक्षों की निगरानी में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। कुल 45 मतदाताओं ने मतदान किया। स्टील सिटी सुरभि शाखा के सदस्यों ने ज्योति अग्रवाल को शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में संगठन की नई उपलब्धियों की उम्मीद जताई।

### सरहुल पर्व पर दो दिन के राजकीय अवकाश की घोषणा

# फैसला आदिवासी संस्कृति को संजोने की दिशा में साबित होगा मील का पत्थर : संजीव सरदार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा सरहुल पर्व पर दो दिन के राजकीय अवकाश की घोषणा को ऐतिहासिक कदम करार देते हुए पोटका विधायक संजीव सरदार ने इस निर्णय की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह फैसला झारखंड की समृद्ध आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं को संजोने और संवारने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि वर्षो से आदिवासी समाज की यह माँग थी कि सरहुल, जो उनकी संस्कृति और परंपराओं का महापर्व है, पर दो दिन का अवकाश दिया जाए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस मांग को पूरा कर आदिवासी समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साबित किया है।

**संजीव सरदार ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद**

विधायक संजीव सरदार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद देते हुए कहा कि झारखंड की संस्कृति को सहेजने और उसे नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में



यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी राज्य सरकार इसी तरह आदिवासी समाज की मांगों को प्राथमिकता देती रहेगी।

**सरकार ने रखा आदिवासी समाज की भावनाओं का सम्मान**

पोटका विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासियों के हित में निरंतर कार्य कर रही है और यह फैसला दर्शाता है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंडी अस्मिता और परंपराओं को सहेजने के प्रति गंभीर हैं। उन्होंने कहा, यह अवकाश केवल एक छुट्टी नहीं, बल्कि हमारे गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इससे आने वाली पीढ़ियां भी अपने पर्व-त्योहारों के महत्व को समझेंगी।

**आदिवासी समाज में हर्ष की लहर**

सरहुल पर्व पर दो दिन का अवकाश घोषित किए जाने के बाद पूरे राज्य में खुशी की लहर दौड़ गई है। समाज के बुद्धिजीवियों, सामाजिक संगठनों और आम जनमानस ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस फैसले की सराहना की है। ।

## रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने की बिपिन चाचान के आधिकारिक दौरे की मेजबानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर ।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (डीजी) रोटेरियन बिपिन चाचान और उनकी पत्नी रोटेरियन शिल्पी चाचान के आधिकारिक दौरे का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर जमशेदपुर के विभिन्न रोटरी क्लबों के गणमान्य सदस्य एवं प्रतिष्ठित रोटेरियन उपस्थित रहे। इस दौरान डीजी बिपिन चाचान ने क्लब द्वारा संचालित सामाजिक सेवा परियोजनाओं का अवलोकन किया और उनकी सराहना की। गोलमुरी क्लब में आयोजित आम बैठक में क्लब अध्यक्ष रोटेरियन सुभ्रजीत बसु ने वर्ष भर की उपलब्धियों और चल रही परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान सहायक गवर्नर रोटेरियन निभा मिश्रा और क्षेत्रीय निदेशक रोटेरियन श्वेता चांद भी उपस्थित रहीं और क्लब की उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान चार नए सदस्य क्रमशः मानस कुमार मिश्रा, डॉ. प्रिया अमिताभ, डॉ. संजय कुमार और सुजय जयंत कर्नाड को क्लब में शामिल किया गया। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन पीडीजी प्रतिम बनर्जी ने किया। इसके साथ ही, सबुज कल्याण पब्लिक स्कूल के इंटरैक्ट क्लब की आधिकारिक स्थापना भी की गई, जिसे रोटेरियन सिमरन सग्गू ने सुगम बनाया। डीजी बिपिन चाचान ने विशेष रूप से सिद्धेश्वर मूक-बधिर विद्यालय (एसडीडीएस), बारीडीह में किए गए कार्यों की प्रशंसा की, जिसमें बुनियादी ढांचे के नवीनीकरण और दिव्यांग छात्रों के लिए बेहतर शैक्षिक सुविधाओं का विस्तार शामिल है। विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत योग प्रदर्शन ने अतिथियों को प्रभावित किया। इसके बाद, उन्होंने नीलडीह स्थित सहेली केंद्र का दौरा किया और वहां महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित स्वर्ण रेखा महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम की सराहना की।

## सोनारी उपकार संघ परिसर में संरक्षक सुधीर कुमार के नेतृत्व में नारी शक्तियों को मिला सम्मान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** सोनारी उपकार संघ के प्रांगण में चैत नवरात्रि पर जंवारा पूजा का आयोजन काफी धूमधाम से चल रहा है. सोमवार को उपकार संघ के संरक्षक एवं जमशेदपुर न्यायालय के वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू की अगुवाई में नारी सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने हेतु जमशेदपुर की आन, बान और शान कही जानेवाली महिलाओं को बतौर अतिथि बुलाकर सम्मानित किया गया. इस दौरान बतौर अतिथि उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर अरुणा मिश्रा,कवियित्री अंकिता सिन्हा, कवियित्री सह सामाजिक कार्यकर्ता सरिता, पत्रकार सह सामाजिक कार्यकर्ता अन्नी अमृता, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर मॉनद्रीता चटर्जी, जीवों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर एनीमल लवर रितिका, जया साहू(झरिया तेली महिला समाज की महामंत्री), लक्ष्मी साहू(सीपी समिति महिला समिति की अध्यक्ष) और स्नेहा देवांगन(छत्तीसगढी अभिनेत्री) को उपकार संघ के सदस्यों ने माता रानी की चुनरी और प्रतीक चिन्ह भेंट की. इस मौके पर सोनारी थाना प्रभारी कुमार सरयू आनंद और वरिष्ठ पत्रकार रघुवंश मणि सिंह खास तौर पर मौजूद थे. इस अवसर पर सम्मानित की गई सभी नरियों ने अपनी बातों को रखा और अपने संबोधन में नारी शक्ति का आह्वान करते हुए लोगों से अपील की कि वे इस नवरात्रि पर संकल्प करें कि वे मां दुर्गा की पूजा करने के साथ ही असल जिंदगी में शक्ति स्वरूपा सभी नारियों का सम्मान करेंगे. आज के कार्यक्रम के आयोजन में उपकार संघ के अध्यक्ष सतपाल साहू, उपाध्यक्ष उमाशंकर शर्मा, महासचिव विश्वकर्मा वर्मा, सचिव राजीव वर्मा व मंदिर कमेटी के अन्य सदस्यों की महती भूमिका रही.

## मोहन बागान व जमशेदपुर एफसी के बीच पहला सेमीफाइनल को 15 हजार टिकट बिके

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आगामी 3 अप्रैल को शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने जमशेदपुर एफसी और मोहन बागान सुपर जायंट्स के खिलाफ पहले सेमीफाइनल मैच के लिए पहले ही दिन 15 हजार टिकट बिक चुके है। जमशेदपुर एफसी अपने आठ साल के इंडियन सुपर लीग इतिहास में दूसरी बार सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है. मेन ऑफ स्टील का सामना मोहन बागान सुपर जायंट्स से होम-एंड-अवे में होगा, जिसमें विजेता आईएसएल 2024-25 के फाइनल



में पहुंचेगी. क्लब ने बताया कि इस ऐतिहासिक मुकाबले को देखने के लिए उत्सुक प्रशंसक कोविड वॉरियर पार्क के सामने स्ट्रेट माइल रोड पर गेट नंबर 2 पर स्थित बॉक्स ऑफिस से टिकट खरीद सकते हैं. टिकट की कीमतें इस प्रकार हैं : नॉर्थ और साउथ स्टैंड- 50 रुपये, ईस्ट अपर और वेस्ट अपर स्टैंड : 150 रुपये, ईस्ट और वेस्ट लोअर स्टैंड : 250 रुपये वीआईपी सीटें : 499 रुपये और हॉस्पिटेलिटी टिकट- 3,000 रुपये है। इसके अलावा फैंस ticketgenie.in के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं और ईमेल और फोन के माध्यम से अपने डिजिटल टिकट प्राप्त कर सकते हैं. उल्लेखनीय है कि 2017 में अपनी स्थापना के बाद से, क्लब ने औसत उपस्थिति में लगातार तीसरा स्थान हासिल किया है, जो हर घरेलू खेल में लगभग 20,000 प्रशंसकों को आकर्षित करता है. मेन ऑफ स्टील एक रोमांचक सेमीफाइनल मैच में मोहन बागान सुपर जायंट्स से भिड़ने के लिए तैयार है.

## गम्हरिया यशपुर रेलवे फाटक पर मिले अज्ञात शव मामले में पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला/गम्हरिया :** गम्हरिया थाना अंतर्गत यशपुर रेलवे फाटक से करीब 100 मीटर की दूरी पर रेलवे लाइन के पटरी पर दिनांक 30 3.2025 को एक अज्ञात महिला का शव पड़ा हुआ मिला था. जिसका सर भी धड़ से कटा हुआ था. वहीं आज एसडीपीओ ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया की सूचना मिलने के तत्पश्चात ही सत्यापन को लेकर मेरे द्वारा गठित एस.आई.टी टीम ने पाया की उक्त महिला की हत्या कहीं और कर शव को छुपाने की नीयत से एवं



हत्या को कुछ और रूप देने के लिए रेलवे के पटरी पर फेंक दिया गया था. उक्त आलोक में पुलिस अवर निरीक्षक जवाहर चौधरी गम्हरिया थाना के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या कर शव को छुपाने के आरोप में गम्हरिया थाना में मामला दर्ज किया गया था। वही मृतक महिला की पहचान भवानी केवर्त (65) वर्ष नारायणपुर निवासी के रूप में की गई एवं कांड का अतिरिक्त उद्भेदन करते हुए इस घटना में सुलिप्त अपराधकर्मि लक्ष्मण केवर्त (23) वर्षीय और चंदन केवर्त (20)वर्षीय दोनों को गिरफ्तार करते हुए नायक की हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में समीर सवैया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला, थाना प्रभारी कुणाल कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अरुण कुमार महतो, बुधन सिंह बोदरा, विशु उरांव, शैलेंद्र कुमार यादव, हवलदार दिलीप पूर्ति, चमरू मुदैया, आरक्षी 250 सुभाष महतो एवं सहस्त्र बल शामिल थे।

## ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज के लिए उमड़ी भीड़, सजदे में झुके सिर, गले मिल बोले ईद मुबारकबाद

**- घरों में चला मेहमाननवाजी का दौर, बांटी गईं सेवइयां**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में सोमवार को ईद-उल-फितर की रौनक छा गई। धातकीडीह ईदगाह में सुबह आठ बजे नमाज-ए-ईद अदा की गई, तो बारीनगर, मानगो, साकची, जुगसलाई, सोनारी और कदमा की मस्जिदों में भी इबादतगाहों से फजीलत की सदाएं गूंजीं। गिले-शिकवे भूलकर लोग एक-दूसरे से गले मिले। घरों में मेहमाननवाजी का दौर चला। बच्चों को ईदी मिलने पर उनकी खुशियां देखते ही बन रही थी। शहर के प्रमुख मॉल में



नौजवानों की भीड़ नजर आई। सुबह का आगाज धातकीडीह बड़ी मस्जिद में 7.30 बजे फजीलत और तकवा की मिसाल कायम करते हुए लोगों ने रब की बारगाह में सजदा किया। मानगो से लेकर मकदमपुर तक, और बिष्टुपुर और सोनारी से शास्त्रीनगर तक, हर मस्जिद और ईदगाह में ईद की नमाज का मंजर नजर आया। ईद का दिन खुशियों और मुहब्बत का पैगाम लेकर आया। पुरानी रंजिशों को दरकिनार करते हुए लोग एक-दूसरे के गले लगे। यह मंजर ऐसा था मानो दिलों के दरमियान खड़ी दीवारें ढह गई हों और मोहब्बत की फिजा में हर शख्स मशगूल हो गया हो। गली-मोहल्लों में हंसी-खुशी का आलम छाया, जो शहर को तरन्नुम की मिठास से सराबोर कर रहा था। ईद की रौनक सिर्फ मस्जिदों तक महदूद नहीं रही। बच्चों की दुनिया तो जैसे ईदी से गुलजार हो उठी। जैसे ही उनके हाथों में ईदी आई, उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। घर-घर में मेहमानों का इस्तकबाल हुआ। दस्तरख्वान सजे, शीरमाल और सेवइयों की खुशबू गली-मोहल्लों में फैली रही।

## मुंडारी खुंटकट्टी समिति दलभंगा ने धूमधाम से मनाया सरहुल, 39 मौजा के लोग एक साथ दिखे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** मुंडारी खुंटकट्टी 39 मौजा बा- समिति दलभंगा के द्वारा मंगलवार को झारखंड का प्राकृतिक परब सरहुल काफी धूमधाम के साथ मनाना गया।खरसावां-कुचाई प्रखंड के विभिन्न गांवो में उरावं समाज के द्वारा सरहुल महापर्व-2025 का आयोजन किया गया। मुंडारी खुटकट्टी 39 मौजा दलभंगा के द्वारा हाई स्कूल मैदान में सरहुल महापर्व का आयोजन किया गया। सुबह से ही समाज के लोग एकजुट होकर सरना धर्म के पारम्परिक रीति रिवाज के तहत पूजा-अर्चना किया। पर्व त्योहार,पूजा उपासना,दया धर्म हमारी पहचान के तर्ज पर पूजारी के



द्वारा प्राकृति की पूजा अर्चना पारम्परिक ढंग से किया। सरहुल महोत्सव को संबोधित करते हुए खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि आदिवासी प्राकृतिक के पूजारी है। हमारा जन्म उसी प्राकृति की गोद में हुआ है और प्राकृति हमारा रक्षक है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी सह भाजपा नेत्री मीरा मुंडा ने कहा कि आदिवासियो का महान पर्व है सरहुल। निःसंदेह ÷सरहुल÷ जनजीवन का प्रतीक है। जबकि कुचाई बीडीओ साधु चरण देवगन ने कहा कि बंसत के आगमन के साथ ही प्राकृति अपना श्रृगार करना शुरू कर देती है। वहीं समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार मुंडा ने कहा कि सरहुल एक झारखंड की प्राकृतिक पर्व है।

## संत जेवियर्स इंग्लिश हाई स्कूल में हुआ क्रेनोवा हॉबी-लॉबी क्रिकेट सेंटर का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** आज 1 अप्रैल को संत जेवियर्स इंग्लिश हाई स्कूल के अंतर्गत क्रेनोवा हॉबी-लॉबी क्रिकेट सेंटर का उद्घाटन विद्यालय के सचिव सौरव गिरी के द्वारा किया गया। उन्होंने आस-पास के बच्चों का क्रिकेट के प्रति रुझान को देखते हुए कहा कि हमारा प्रयास होगा कि इस कैंप में शारीरिक और मानसिक रूप से देश के लिए क्रिकेट का एक अच्छा खिलाड़ी तैयार हो। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य अंडर 14 और अंडर 16 जिला और राज्य स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करना है और भविष्य में तीरंदाजी का कैंप खोलने का प्रयास किया जाएगा।

इस कैंप के उद्?घाटन समारोह में विद्यालय के एडमिन के0सी0 भारती, को- आर्डिनेटर स्वाति झा, कल्चारल हेड चुनकी कुमारी, वॉइस को-आर्डिनेटर शगुफ्ता गजल, क्रिकेट कोच मनोज शर्मा और प्रदीप कुमार शामिल थे।

## जवाहर नगर रोड नं 13 में 10 माह पूर्व लगा पोल अभी भी ट्रांसफार्मर के इंतजार में : अंसार खान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि जमशेदपुर पश्चिमी के मौलाना अंसार खान जवाहर नगर रोड 13 बस्ती वासियों के आग्रह पर पहुंचे। बस्ती वासियों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं से मौलाना अंसार खान को अवगत कराया। मौके पर पहुंचे मौलाना अंसार खान ने कहा कि बस्ती में ट्रांसफार्मर लगाने के लिए बिजली पोलों को गाढ़ दिया गया है लेकिन 10 महीने हो गए हैं अभी तक यहां ट्रांसफार्मर नहीं लगा है। जिससे क्षेत्र में लो वोल्टेज और बार-बार जंपर कटने के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। दूसरी और बिजली के तार नीचे झूले हुए हैं अभी तक यहां पर केबुल नहीं लगाया गया है। अंसार खान ने बस्ती वासियों को आश्वासन दिया है कि 3 अप्रैल को समस्याओं से जीएम को अवगत कराते हुये प्रयास करेंगे कि जल्द ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा।

## केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति ने शहर के विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर ।** चैती छठ महापर्व के आयोजन में अब महज एक दिन शेष है और 7 अप्रैल को भव्य रामनवमी शोभायात्रा निकलनी है, लेकिन शहर के प्रमुख घाटों की दुर्दशा एजेंसियों की लापरवाही को उजागर कर रही है। इसे लेकर केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को शहर के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया और जिला प्रशासन से अविलंब सुधार कार्य शुरू करने की मांग की। केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि इस संबंध में एक माह पूर्व ही वरीय अधिकारियों को आवेदन सौंपा गया था, जिसमें घाटों की मरम्मत, सफाई और सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की गई थी। प्रशासन ने एजेंसियों को आदेश भी जारी किया था, लेकिन अभी तक किसी भी घाट पर कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इस दौरान केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह, रामबाबू सिंह, भीष्म सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, अशोक सिन्हा, प्रमोद तिवारी, परमात्मा मिश्रा, शंभू मुखी, प्रदीप दास, मनीष कुमार, विजय वर्धा, किशोर साहू, संतोष कालिंदी और रवि भुंइया प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



विचार प्रवाह

संपादकीय

# फिर कांपी धरती

**म्यांमार** केंद्रित 7.7 तीव्रता वाले भूकंप ने यहां और थाईलैंड में भारी तबाही मचाई। भूकंप का असर करीब चार मिनट तक रहा। अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार बारह मिनट के अंतराल के बाद भूकंप का दूसरा झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 6.4 थी। भूकंप का केंद्र म्यांमार के सागाइंग से 18 किमी दक्षिण में था। भूकंप से म्यांमार में भारी तबाही दिखी और पुल व बिल्डिंगें ताश के पत्तों की तरह बिखरती दिखी। म्यांमार में तबाही इतनी ज्यादा बतायी जा रही है कि सैन्य प्रशासन ने अंतर्राष्ट्रीय मदद की गुहार लगायी है। इतना ही नहीं भूकंप के झटकों से म्यांमार से करीब एक हजार किमी दूर स्थित थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में कई भवनों के ध्वस्त होने व सड़कें फटने की खबरें हैं। बैंकॉक में एक तीस मंजिला बिल्डिंग धराशायी हो गई। आशंका है कि इसमें अभी 43 मजदूर फंसे हुए हैं। भूकंप के झटकों से सहमे लोग मदद की गुहार लगाते रहे। घायल लोगों से अस्पताल भरे नजर आए। दीवारें फटने, इमारतों के गिरने से लोग दहशत में दिखे। शुरुआत आंकड़ों के अनुसार म्यांमार में 144 लोगों के मरने व सैकड़ों लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। लेकिन अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार मरने वालों का आंकड़ा हजारों तक पहुंच सकता है। भूकंप के केंद्र के निकट स्थित यंगून ही नहीं म्यांमार के अनेक शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां छह प्रांतों में आपात स्थिति घोषित हुई है। इसके अलावा चीन के कुछ हिस्सों व थाइलैंड में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक तीस मंजिला इमारत के धराशायी होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कई जगहों में इमारतों के रूफटॉप पर बने स्वीमिंग पूल का पानी सड़कों पर बहता नजर आया। भयभीत लोगों के चीखने से मंजर भयावह नजर आ रहा था। लोग मदद की गुहार लगा रहे थे। दरअसल, थाईलैंड भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील नहीं है, लेकिन म्यांमार में आने वाले भूकंप के झटकों का असर यहां दिखता है। भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील न होने के कारण थाईलैंड में भवन निर्माण में भूकंपरोधी तकनीक का उपयोग नहीं होता।जिसकी वजह से ज्यादा नुकसान की आशंका जतायी जा रही है। अस्पतालों में उपचार कराने वालों की लंबी कतारें देखी गई हैं। वहीं 2021 से सैन्य शासन के अधीन और गृहयुद्ध से जूझता म्यांमार इस प्राकृतिक आपदा के बाद हताश नजर आया। इंटरनेट का प्रयोग सीमित होने से वहां की स्थिति जानने में दिक्कत आ रही है। पहली बार सैन्य शासन ने अंतर्राष्ट्रीय मदद की अपील की है। प्रधानमंत्री ने भूकंप पीड़ितों की मदद के लिये अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई को कहा है। म्यांमार के दूसरे बड़े शहर मांडले से भी ऐतिहासिक रॉयल पैलेस व अन्य बिल्डिंगें गिरती नजर आई हैं। मांडले को राजधानी से जोड़ने वाली सड़कों में चौड़ी दरारें देखी गई हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे समेत जर्मनी व चीन की भूकंप पर नजर रखने वाली संस्थाएं भारी जन-धन के नुकसान की आशंका जता रही हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक भूकंप का केंद्र धरती से दस किलोमीटर नीचे होना बता रहे हैं। खबरें हैं कि म्यांमार की राजधानी नेपिडो में भी काफी क्षति हुई है। लोग भूकंप के ऑफ्टर शॉक के भय से खुले में रात बिताने को मजबूर हैं। वहीं म्यांमार व थाईलैंड के अलावा इस भूकंप के झटके दक्षिण पश्चिम चीन के यून्नान प्रांत में महसूस किए गए।

भूकंप का असर करीब चार मिनट तक रहा। अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार बारह मिनट के अंतराल के बाद भूकंप का दूसरा झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 6 .4 थी। भूकंप का केंद्र म्यांमार के सागाइंग से 18 किमी दक्षिण में था। भूकंप से म्यांमार में भारी तबाही दिखी और पुल व बिल्डिंगें ताश के पत्तों की तरह बिखरती दिखी। म्यांमार में तबाही इतनी ज्यादा बतायी जा रही है कि सैन्य प्रशासन ने अंतर्राष्ट्रीय मदद की गुहार लगायी है। इतना ही नहीं भूकंप के झटकों से म्यांमार से करीब एक हजार किमी दूर स्थित थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में कई भवनों के ध्वस्त होने व सड़कें फटने की खबरें हैं। बैंकॉक में एक तीस मंजिला बिल्डिंग धराशायी हो गई। आशंका है कि इसमें अभी 43 मजदूर फंसे हुए हैं। भूकंप के झटकों से सहमे लोग मदद की गुहार लगाते रहे। घायल लोगों से अस्पताल भरे नजर आए। दीवारें फटने, इमारतों के गिरने से लोग दहशत में दिखे। शुरुआत आंकड़ों के अनुसार म्यांमार में 144 लोगों के मरने व सैकड़ों लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। लेकिन अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार मरने वालों का आंकड़ा हजारों तक पहुंच सकता है। भूकंप के केंद्र के निकट स्थित यंगून ही नहीं म्यांमार के अनेक शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां छह प्रांतों में आपात स्थिति घोषित हुई है। इसके अलावा चीन के कुछ हिस्सों व थाइलैंड में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### सुविधाओं के समाधान के बजाए देश के नेता इतिहास के गढ़े मुर्दे उखाड़ कर वोट पाने का आसान रास्ता चुन रहे हैं

# विकास के बजाए विवादित मुद्दे बन गए हैं सत्ता का आसान रास्ता

योगेंद्र योगी

समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने राज्यसभा में कहा कि बीजेपी के लोगों का ये तकियाकलाम बन गया है कि इनमें बाबर का डीएनए है। सपा सांसद रामजी लाल ने कहा कि मैं जानना चाहूंगा कि बाबर को आखिर लाया कौन? इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा लाया था। उन्होंने कहा कि मुसलमान अगर बाबर की औलाद हैं तो तुम लोग उस गद्दार राणा सांगा की औलाद हो, ये हिन्दुस्तान में तय हो जाना चाहिए कि बाबर की आलोचना करते हो, लेकिन राणा सांगा की आलोचना नहीं करते? सांसद सुमन की राज्यसभा में की गई टिप्पणी पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जो लोग आज नहीं बल्कि 1000 वर्षों के भारत के इतिहास की समीक्षा करते हैं

**बेरोजगारी** गरीबी, अपराध, लिंगभेद, चिकित्सा और आधारभूत जैसी सुविधाओं के समाधान के बजाए देश के नेता इतिहास के गढ़े मुर्दे उखाड़ कर वोट पाने का आसान रास्ता चुन रहे हैं। इसी क्रम में नया विवाद महाराणा सांगा पर दिए गए बयान पर पैदा हुआ है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने राज्यसभा में कहा कि बीजेपी के लोगों का ये तकियाकलाम बन गया है कि इनमें बाबर का डीएनए है। सपा सांसद रामजी लाल ने कहा कि मैं जानना चाहूंगा कि बाबर को आखिर लाया कौन? इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा लाया था। उन्होंने कहा कि मुसलमान अगर बाबर की औलाद हैं तो तुम लोग उस गद्दार राणा सांगा की औलाद हो, ये हिन्दुस्तान में तय हो जाना चाहिए कि बाबर की आलोचना करते हो, लेकिन राणा सांगा की आलोचना नहीं करते? सांसद सुमन की राज्यसभा में की गई टिप्पणी पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जो लोग आज नहीं बल्कि 1000 वर्षों के भारत के इतिहास की समीक्षा करते हैं, वे बाबर और राणा सांगा की तुलना कभी नहीं कर सकते और उन्हें एक ही तराजू पर नहीं रख सकते। महाराणा सांगा ने आजादी की अलख जगाई थी। उन्होंने भारत को गुलामी से बचाया और साथ ही भारत की संस्कृति को सनातनी बनाए रखने में भी अहम योगदान दिया। कुछ क्षुद्र और छोटे दिल वाले लोग ऐसी बातें करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसी चर्चाओं की कोई गुंजाइश नहीं है। यह पहला मौका नहीं है जब नेताओं ने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए इस तरह के विवादों को हवा दी है। इससे पहले भी ऐतिहासिक मुद्दों पर देश में दरार डालने के प्रयास होते रहे हैं। बॉलीवुड के निर्माता-निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत को लेकर भी काफी विवाद हुआ था, जिसमें राजपूत समुदाय ने फिल्म में ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया था। इस विवाद का परिणाम यह निकला कि चित्तौडग़ढ़ के किले में स्थित 'पद्मावती' महल में अराजक तत्वों ने उन शीशों को तोड़ दिया, जिनके बारे में कहा जाता है कि दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी ने इन्हीं आईनों के जरिए राजपूत रानी पद्मावती को देखा था। इसी तरह तीन साल पहले बॉलीवुड फिल्म पानीपत से शुरू हुआ विवाद एक टीवी धारावाहिक तक आ पहुंचा। धारावाहिक में खांडेराव होल्कर



से पूर्व महाराजा सूरजमल को युद्ध में हारना दिखाया गया। वहीं, इतिहासकारों का दावा है कि पूर्व महाराजा सूरजमल कभी युद्ध नहीं हारे। बल्कि खांडेराव होल्कर की मौत उनके साथ युद्ध में हुई थी। इसको लेकर रूपवास व कुम्हेर थाने में दो अलग-अलग एफआइआर दर्ज कराई गई। मैसूर के राजा रहे टीपू सुल्तान की 10 नवंबर को मनाई जाने वाली जयंती को लेकर भी खूब कलह हुआ है। मैसूर का शेर कहलाने वाले टीपू की जयंती की शुरुआत कांग्रेस के शासन में हुई लेकिन बीजेपी इसका विरोध करती रही। कर्नाटक में टीपू सुल्तान की जयंती मनाने को लेकर नौबत यहां तक आ गई कि कई शहरों में सुरक्षा को देखते हुए धारा 144 लगाई गई और विरोध प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया गया। भारतीय जनता पार्टी और कुछ हिन्दू संगठनों ने सरकार से मांग की थी कि वह टीपू सुल्तान की जयंती मनाने का कार्यक्रम और उन्हें महिमामंडित करने की योजना रोक दें। बीजेपी की निगाह में टीपू सुल्तान धार्मिक रूप से कट्टर और हिन्दू विरोधी शासक था। भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी ने उत्तर भारत के 9वीं सदी के राजपूत शासक सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें एक गुज्जर बताया। दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने जौनपुर गांव में सम्राट मिहिर भोज की एक प्रतिमा भी समर्पित की, जिसमें उन्हें गुज्जर बताया गया। इसका राजपूत समुदाय ने कड़ा विरोध किया। बिहार में गठबंधन से पहले भाजपा ने नीतीश सरकार पर इतिहास के छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। भाजपा ने यहां तक कहा था कि सरकार ने प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह का अपमान किया है। बिहार के पूर्व मंत्री भीम सिंह ने बिहार सरकार खासकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मोहम्मद युनूस को बिहार के प्रथम प्रधानमंत्री बताते हुए उनके जन्म दिवस पर राजकीय जयंती समरोह मनाए जाने को बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह का अपमान बताया था। उन्होंने कहा था कि मुस्लिम तुष्टिकरण के तहत इतिहास के साथ छेडछाड की जा रही है। गौरतलब है कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मंदिर-मस्जिद विवाद पर नेताओं ने जम कर रोटियां सेकी। इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर हिंसा में पांच लोग मारे गए। इसके बाद देश के दूसरे हिस्सों में इसी तरह के विवाद पैदा हो गए। अजमेर में दरगाह में हिंदू मंदिर का दावा करते स्थानीय अदालत में मामला दायर किया गया। इसी तरह देश के दूसरे हिस्सों में भी मस्जिदों में मंदिर होने को लेकर अदालतों में मामले दायर किए गए। नेताओं ने तभी पैर पीछे खींचे जब सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे विवादों पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जब तक पूजा स्थल अधिनियम की वैधता पर फैसला नहीं हो जाता, तब तक देश में मंदिर-मस्जिद विवादों से जुड़े नए मुकदमे दर्ज नहीं किए जा सकते, और न ही कोई चल रहा मामला सर्वेक्षण या अंतिम आदेश के साथ आगे बढ़ सकता है। यह विवाद पूरी तरह थमा भी नहीं कि महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद पैदा हो गया। इस पर भाजपा और विपक्षी दलों ने आरोप-प्रत्यारोप लगा कर देश का माहौल गर्माने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ी। इसका परिणाम यह हुआ कि नागपुर में हिंसा भड़क उठी। इसमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा। आम लोगों को कर्फ्यू के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ऐसे विवादों की चपेट में अक्सर देश का मजदूर, गरीब और कामकाजी वर्ग आता है। इन विवादों की जड़ में आसान सत्ता की राजनीति की चाहत है। दरअसल नेताओं को पता है कि देश की बुनियादी समस्याओं का समाधान आसान नहीं है, जबकि ऐसे विवादों के जरिए लोगों को बरगला लाकर सत्ता आसानी से प्राप्त की जा सकती है।

दृष्टि कोण

# "कुआँ सूखने पर ही पता चलता है पानी की कीमत"

**एक** सुदूर घाटी में बसे गांव में एक झरना था जिसे जीवन धारा कहा जाता था। पीढ़ियों तक ग्रामीणों ने इसका उपयोग किया, लेकिन जब आधुनिक सुविधाएं आईं, तो यह उपेक्षित हो गया। एक साल, भीषण सूखे ने झरने को सुखा दिया, और तभी ग्रामीणों को इसकी कीमत का एहसास हुआ। यह कहानी दर्शाती है कि हम अक्सर किसी चीज़ के महत्व को तब तक नहीं समझते जब तक वह खत्म नहीं हो जाती। पानी जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, संबंध और स्वतंत्रता का प्रतीक है। हम अक्सर मान लेते हैं कि ये हमेशा बने रहेंगे, परंतु जब यह संकट में होते हैं, तभी हम उनकी कीमत समझते हैं। जीवन की क्षणभंगुरता हमें वर्तमान का आदर करने के लिए प्रेरित करती है। जैसे नल से पानी की सतत आपूर्ति को हम सामान्य मानते हैं, वैसे ही हम अपनों, स्वास्थ्य और स्वतंत्रता को भी हल्के में लेते हैं। जब संसाधन प्रचुर मात्रा में होते हैं, तो हम उनकी कद्र करना छोड़ देते हैं। अरस्तू के नैतिक दर्शन के अनुसार, जागरूकता और संतुलन ही सच्चे गुणों को जन्म देते हैं। भरे कुएं का पानी हमें कृतज्ञ नहीं बनाता, परंतु पानी की कमी हमें उसकी महत्ता सिखाती है। 1930 के दशक की महामंदी ने लोगों को यह समझाया कि संसाधनों की उपलब्धता और कमी का चक्र कैसा होता है। ग्रीक त्रासदियों में अक्सर चरित्रों को जीवन का सच्चा अर्थ तब पता चलता है जब वे सब कुछ खो चुके होते हैं। शेक्सपियर के किंग लियर को प्यार की वास्तविकता तब समझ आई जब वह धोखा खा चुका था। महामारी ने भी हमें सामाजिक मेलजोल की अहमियत सिखाई। मानवता बार-बार संसाधनों का दुरुपयोग करती है और फिर संकट के समय उन्हें बचाने का प्रयास करती है। नीत्शे की शाश्वत पुनरावृत्ति की अवधारणा बताती है कि जब तक हम सच में नहीं सीखते, हम वही गलतियाँ दोहराते हैं। 1930 के डस्ट बाउल संकट ने कृषि को नुकसान पहुँचाया, जिससे सबक लेकर सुधार हुए, लेकिन समय के साथ लोग फिर लापरवाह हो गए। उपयोगितावादी दर्शन कहता है कि किसी चीज़ का मूल्य उसकी उपयोगिता से निर्धारित होता है। जल की वास्तविक कीमत उसकी उपलब्धता के अनुसार बदलती है। उप-सहारा अफ्रीका में पानी की कमी ने जल संरक्षण के नए समाधान उत्पन्न किए। इसी तरह, जब कोई संसाधन दुर्लभ हो जाता है, तब उसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। जल संकट सिर्फ मानव जीवन ही नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करता है। पारिस्थितिक दर्शन बताता है कि हमें प्रकृति के प्रति जागरूक होना चाहिए। अरल सागर का सूखना इसका उदाहरण है, जिससे सामाजिक और आर्थिक संकट पैदा हुए। यदि हम संसाधनों को संरक्षित नहीं करते, तो हमारा अस्तित्व भी खतरे में पड़ सकता है। धार्मिक और दार्शनिक परंपराएँ बताती हैं कि वंचना मूल्य की गहरी समझ देती है। रमज़ान के उपवास लोगों को भोजन की कीमत और जरूरतमंदों की स्थिति का एहसास कराते हैं। इसी तरह, कठिनाइयाँ हमें जीवन की असली जरूरतों का महत्व सिखाती हैं। मानव अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है, और जल संकट इस निर्भरता को दर्शाता है। फुकुशिमा परमाणु आपदा ने भी दिखाया कि तकनीकी विकास के बावजूद हम प्राकृतिक शक्तियों के आगे असहाय हैं। यह हमें हमारे संसाधनों की सीमाओं का सम्मान करना सिखाता है। पानी जीवन देता है, परंतु बाढ़ और सुनामी जैसी आपदाओं से विनाश भी ला सकता है। ताओवाद के अनुसार, जीवन विरोधाभासों से भरा है, और हमें संतुलन बनाए रखना सीखना चाहिए। विभिन्न संस्कृतियों में जल को शुद्धिकरण का प्रतीक माना जाता है। ईसाई धर्म में बपतिस्मा का जल आत्मा की पुनर्जन्म का संकेत देता है। कुँए का सूखना हमें चेतावनी देता है कि हमें अपने संसाधनों की रक्षा करनी चाहिए।

कुछ अलग

## डिजिटल भारत में विचारों की बेड़ियां

**धारा** 79 डिजिटल मंचों को मध्यस्थ सुरक्षा प्रदान करती है, लेकिन हालिया सरकारी हस्तक्षेप ने इस सुरक्षा को चुनौती दी है। सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफार्मों पर निगरानी, सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश, और आईटी नियम 2021 का कड़ा अनुपालन डिजिटल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित कर रहा है। सेंसरशिप और आत्म-नियमन के भय से प्लेटफार्म अधिक सामग्री हटाने लगे हैं, जिससे विचारों की विविधता प्रभावित होती है। हालांकि, झूठी सूचनाओं और साइबर अपराधों को रोकने के लिए कुछ हद तक नियमन आवश्यक है। इसीलिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्लेटफार्म जवाबदेही के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। भारत को यूरोप के डिजिटल सर्विसेज एक्ट और अमेरिका के सेक्शन 230 जैसे संतुलित मॉडल से सीख लेकर, एक पारदर्शी और न्यायसंगत डिजिटल नीति अपनानी होगी। सूचना की इस नित परिवर्तनशील धारा में, जहाँ डिजिटल प्लेटफॉर्म विचारों के विस्तृत वितान की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं उन पर लगने वाली बंदिशें एक नवीन प्रश्नचिह्न उत्पन्न करती हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नियमन की कठोरता के मध्य झूलते इस युग में, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (IT Act) की धारा 79 एक महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि निर्मित करती है। आईटी अधिनियम की धारा 79 डिजिटल मंचों को एक ऐसा आश्रय प्रदान करती है, जो उन्हें उपयोगकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत सामग्री की जवाबदेही से मुक्त रखता है, बशर्ते किः वे मात्र संदेश वाहक की भूमिका निभाएं, न कि नियंत्रक की। किसी अवैध सामग्री की सूचना मिलने पर, नियमानुसार उसे हटाने का यत्न करें। नवीनतम आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों का अनुपालन करें। किन्तु, सरकार के हालिया कदमों ने इस कवच को किसी हद तक छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है, जहाँ अभिव्यक्ति की आज़ादी और नियमन की शक्ति के मध्य एक सतत संघर्ष दृष्टिगोचर होता है। सूचना और संप्रेषण के इस युग में सरकार द्वारा लागू किए गए कुछ प्रमुख हस्तक्षेपों पर यदि दृष्टिपात करें, तो पाते हैं कि ओटीटी प्लेटफार्मों पर बढ़ती निगरानी ने रचनात्मकता को एक कठोर परिधि में बाँधने का प्रयास किया है। सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश विचारों के मुक्त प्रवाह में एक बाधा के समान प्रतीत होते हैं। आईटी नियम, 2021 का क्रियान्वयन डिजिटल संवाद के सहज प्रवाह को नियंत्रित करने की मंशा रखता है। कई डिजिटल प्लेटफार्मों पर सामग्री प्रबंधन को लेकर पारदर्शिता की कमी उपयोगकर्ताओं के अधिकारों पर प्रभाव डालती है। स्वतंत्र पत्रकारिता एवं वैकल्पिक दृष्टिकोणों को प्रतिबंधित करने की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर सकती है। इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि सरकार द्वारा प्लेटफार्मों की स्वतंत्रता को सीमित करने और दायित्व को बढ़ाने की दिशा में एक अनवरत प्रयास किया जा रहा है। सेंसरशिप और कंटेंट टेकडाउन जैसे कदम कलात्मक स्वतंत्रता, पत्रकारिता और राजनीतिक आलोचना पर गहरी छाया डालते हैं। आत्म-नियमन (self-regulation) के भय से कई प्लेटफार्म स्वयं ही अधिक सामग्री हटाने लगते हैं, जिससे संवाद की विविधता प्रभावित होती है। सूचना तक पहुँच की स्वतंत्रता सीमित होने से नवाचार और बौद्धिक विमर्श बाधित होता है। डिजिटल मंचों पर झूठी सूचनाओं, घृणा व द्वेष फैलाने वाली सामग्री का उन्मूलन आवश्यक है। उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कुछ हद तक नियमन अपरिहार्य है। साइबर अपराध, ऑनलाइन उत्पीड़न और फेक न्यूज़ को रोकने के लिए प्लेटफार्मों को अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

देश दुनीया से

## पारंपरिक स्रोतों का संरक्षण और प्रबंधन जरूरी

**यह** हाल केवल दिल्ली का नहीं, बल्कि देश के अधिकांश बड़े शहरों का है। बेंगलुरु, जो कभी तालाबों और जलस्रोतों से संपन्न था, आज 'केपटाउन' जैसी जल संकट की चेतावनी से जूझ रहा है। मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति बन जाती है। मुंबई की पांच नदियां अब नाले में बदल चुकी हैं, और बरसात का पानी अब समुद्र में मिल जाता है। जरूरत के समय लोग भूजल और टैंकर के जरिए जैसे-तैसे जिंदगी काटते हैं। हैदराबाद, चेन्नई, इंदौर, पटना और श्रीनगर जैसे शहरों में भी जल संकट गहरा रहा है, हालांकि नक्शे पर ये शहर नदी, तालाब और नहरों से जुड़े हुए हैं। राजधानी दिल्ली की 31 प्रतिशत आबादी को स्वच्छ पेयजल उनके घर के नल से नहीं मिल पाता। हजारों टैंकर हर दिन कालोनियों में जाते हैं, और लोगों के लिए पानी जुटाने के लिए भूमिगत जलस्तर को इतनी गहराई तक खोदा गया है कि सरकारी भाषा में कई इलाके अब 'डार्क जोन' के रूप में पहचाने गए हैं। दिल्ली के नजदीक गाजियाबाद, जो यमुना-हिंडन के त्रिभुज पर स्थित है, की अधिकांश कालोनियां पानी की भारी किल्लत से जूझ रही हैं। दोनों नदियां अब कूड़ा ढोने का रास्ता बनकर रह गई हैं। गुरुग्राम में जरूरत की तुलना में 105 एमएलडी कम पानी की आपूर्ति हो रही है। दिल्ली में केवल यमुना ही नहीं, बल्कि 983 तालाब, झील और जोहड़ भी हैं। जल संसाधन मंत्रालय की गणना के अनुसार, इनमें से किसी को भी प्यास बुझाने के लायक नहीं माना जाता। दिल्ली, जो गंगा और भाखड़ा से सैकड़ों किलोमीटर दूर है, पानी मंगवाती है, लेकिन अपने ही तालाबों को इस तरह से संरक्षित नहीं करती कि वे बरसात का पानी जमा कर सकें। जिन तालाबों में पानी जमा हो सकता है और जो जीवन की उम्मीद बन सकते हैं, उनमें से तीन-चौथाई जल निकायों का इस्तेमाल सिर्फ सीवर की गंदगी बहाने के लिए होता है। तालाबों को नष्ट करने का खमियाजा समाज ने किस तरह भुगता, इसकी सबसे बड़ी मिसाल बेंगलुरु है। यहां समाज, अदालत और सरकार सभी जमीन माफिया के सामने असहाय नजर आते हैं। यदि हम शहर की जल स्थिति पर नजर डालें तो यह



अस्वाभाविक-सा लगता है कि वहां जरूरत का महज 80 प्रतिशत जल ही आपूर्ति हो पा रहा है। एक करोड़ 40 लाख की आबादी वाले महानगर में हर कदम पर जल स्रोत हैं। लेकिन अंधाधुंध शहरीकरण और उसके लालच में पारंपरिक जलस्रोतों और हरियाली का अगर यही हाल रहा, तो बेंगलुरु को केपटाउन बनने से कोई नहीं रोक सकता। सरकारी रिकार्ड के मुताबिक नब्बे साल पहले बेंगलुरु शहर में 2789 केरे यानी झील हुआ करती थीं। सन् साठ आते-आते इनकी संख्या घटकर 230 रह गई। वर्ष 1985 में शहर में केवल 34 तालाब बचे और अब इनकी संख्या तीस तक सिमट गई है। जल निधियों की उपेक्षा का ही परिणाम है कि न केवल शहर का मौसम बदल गया है, बल्कि लोग बूंद-बूंद पानी को भी तरस रहे हैं। हैदराबाद और चेन्नई में भी जैसे ही विदेशी कंपनियां आना शुरू हुईं और आबादी बढ़ने के साथ मकान की जरूरत बढ़ी, तालाब-नदियों को ही समेटा गया और जल संकट को स्वयं आमंत्रित कर लिया। देश के 10 में से सात महानगरों में भूजल स्तर अब खतरनाक स्तर पर है और अब उसे और उलीचा नहीं जा सकता। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की एक रिपोर्ट चेता चुकी है कि जब भारत आजादी के सौ साल मनाएगा तब 30 शहर जलहीन की सीमा तक सूख जाएंगे। इनमें महानगर और राजधानियां तो हैं ही, इंदौर, बठिंडा और कोयंबटूर जैसे शहर भी हैं। यह कड़वा सच है कि जलवायु परिवर्तन के चलते चरम मौसम ने जल-चक्र को गड़बड़ाया है, लेकिन इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की तरफ तेज पलायन, अनियोजित शहरीकरण, कम बरसात, अधिक गर्मी, उथले जलस्रोतों में अधिक वाष्पीकरण और जल का खराब प्रबंधन– ये सभी ऐसे कारण हैं जो जल संकट के लिए प्रकृति से अधिक इंसान को जिम्मेदार ठहराते हैं। हमारी परंपरा पानी की हर बूंद को सहेजने की रही है, जिसमें पारंपरिक जलस्रोतों जैसे तालाब, कुएं और बावड़ियों का संरक्षण शामिल है। आज, अनियोजित शहरीकरण और जल प्रबंधन की कमी के कारण जल संकट गहरा गया है। भारत में औसतन 110 सेंटीमीटर बारिश होती है, लेकिन हम उसका केवल 15 प्रतिशत ही संचित कर पाते हैं, जबकि शेष पानी नालियों और नदियों के माध्यम से समुद्र में बहकर व्यर्थ चला जाता है। प्रकृति ने पानी को एक चक्र के रूप में दिया है, और इस चक्र को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। यदि हम पुराने जलस्रोतों की स्थिति सुधारें और जल का सही प्रबंधन करें, तो पानी की कमी का समाधान किया जा सकता है। भूजल पर निर्भरता लंबे समय तक नहीं हो सकती, इसलिए नदी-तालाबों को उनकी प्राकृतिक स्थिति में लौटाना और उनका संरक्षण करना आवश्यक है, ताकि पानी की कमी से समाज का कोई वर्ग प्रभावित न हो।

आप का नजरीया

## मानव तस्करी पर अंकुश

**हरियाणा** विधानसभा के मौजूदा सत्र में कई महत्वपूर्ण विधायी पहल हुई हैं, जो एक लोककल्याणकारी सरकार की प्राथमिकताएं सुनिश्चित करती हैं। इसमें किसानों को नकली इनपुट से सुरक्षा कवच देना भी सराहनीय कदम रहा है। वहीं हाल ही में सुनहरे भविष्य की आकांक्षा लेकर विदेश जाने वाले युवाओं की हितरक्षा में उठाये गए कदम निश्चय ही सराहनीय हैं। हरियाणा के मौजूदा विधानसभा सत्र में हरियाणा ट्रैवल एजेंट पंजीकरण और विनियमन विधेयक, 2025 पारित किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वक्त की सख्त जरूरत भी थी। ट्रैवल एजेंसियों के पंजीकरण को अनिवार्य करना और उल्लंघन पर सख्त दंड का प्रावधान उम्मीद जगाता है कि अब विदेश जाने वाले लोगों के साथ होने वाली धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा। इस कानून का उल्लंघन करने पर सात साल की कैद और पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। निश्चित रूप से सरकार ने अपने नागरिकों को धोखे और मानव तस्करी से बचाने के लिये एक आवश्यक कदम उठाया है। लगातार होने वाले आव्रजन घोटालों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के मद्देनजर, इस कानून की लंबे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। लेकिन जहां सख्त कानून का सही ढंग से क्रियान्वयन इस दिशा में सफलता सुनिश्चित करेगा, वहीं इसके लिये जन जागरूकता अभियान चलाने की भी जरूरत है। साथ ही प्रभावी प्रवर्तन के साथ ही यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि लोग अनधिकृत एजेंटों के चक्रव्यूह में न फंसें। वास्तव में यह विधेयक एक महत्वपूर्ण कदम तो है, लेकिन इसे बेरोजगारी को दूर करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा भी होना चाहिए। यदि हम राज्य के युवाओं के लिये अपने देश में बेहतर रोजगार के अवसर पैदा कर सकें तो युवाओं को फिर अपने सपने पूरे करने के लिये विदेश जाने की जरूरत ही नहीं होगी। निस्संदेह, कोई भी व्यक्ति अपना घर-परिवार, अपना धार्मिक-सांस्कृतिक परिवेश छोड़कर परदेश नहीं जाना चाहता। लेकिन जब आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार के अवसर नहीं मिलते तो ही वह मजबूरी में विदेश जाने की लालसा रखता है। यह एक निर्विवाद सत्य है कि बेहतर रोजगार की स्थितियां हमारे शैक्षिक वातावरण पर भी निर्भर करती हैं। यदि हम परंपरागत शिक्षा से इतर रोजगार व कौशल विकास की शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं तो स्थिति बदल सकती है। इसके लिये जरूरी है कि राज्य में रोजगारपरक शिक्षा के अनुकूल वातावरण बनाया जाए। इस दिशा में गंभीर प्रयासों की सख्त जरूरत है। उम्मीद की जा रही थी कि विधानसभा सत्र में राज्य में सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिये उत्साहजनक पहल की जाएगी। इस मुद्दे को प्राथमिकताओं में शामिल करके इस बार गंभीर बहस होगी। दरअसल, हाल के दिनों में कई स्कूलों के भवनों की स्थिति व सुरक्षा आदि को लेकर अभिभावक चिंता जताते रहे हैं। हर अभिभावक चाहता है कि सरकारी स्कूलों में बेहतर साफ-सफाई, शौचालयों और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहें।

# मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पढ़ी ईद उल फितर की नमाज, प्रखंड क्षेत्र के अमन चैन की मांगी दुवाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अंतर्गत मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सोमवार सुबह ईद की नमाज अदा की। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांति व सौहार्द पूर्ण संपन्न हुवा ईद का त्यौहार। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने प्रखंड समेत पुरे भारत वर्ष के लिए अमन शांति की दुवा मांगी। आपको बताते चले कि मुस्लिम धर्मावलंबियों ने 6:30 बजे शाम रविवार को ईद की चाँद को देखा था। इसलिए सोमवार को ईद उल फितर की नमाज प्रखंड अंतर्गत टंडवा, राहम, कामता बड़गांव, गाड़िलोंग समेत कई गाँव में ईदुल फ़ितर की नमाज पढ़ी गयी, जहाँ मुस्लिम समुदाय के लोग निवास करते है। बीते शाम चाँद का दीदार होते हीं चौक चौराहों पर ईद की खरीदारी करने हेतु भारी भीड़ उमड़ी थी, जहां मुख्य रूप से लोगों ने बाजारों से दूध, सेवईयाँ, इत्र, टोपी, सुरमा आदि की खरीदारी करने में जुटे थे। आपको बता दें कि लोग नमाज अदा करने के पश्चात पुराने गीले शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगा मुबारक बाद देते हुए प्यार का इजहार करते है, और पूरे महीने रोजे रखने का खुशिया मनाते है । नमाज के बाद पंचायत को प्रतिनिधित्व करने वाले समाजसेवी भी अपने अपने पंचायत के मस्जिदों के समीप पहुंच ईद की खुशियाँ में चार चाँद लगाए और सेवइयाँ खाकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कि। ईदुल फ़ितर के नमाज के पश्चात कामता समाजसेवी शुभान अंसारी ने प्रखंड के सभी पत्रकारों को ईद की सेवइयां खाने हेतु आमंत्रित किया गया था द्य जहाँ पुरे प्रखंड की समस्याओं समेत समाज उतथान को लेकर विचार विमर्श किया गया द्य मौक़े पर जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव मुखिया विश्वजीत पंसस विकाश पाण्डेय उरांव सदर हाजी इदरीश अंसारी सीक्रेटरी इजाजुल अंसारी सनाल्लाह अंसारी मंजूर अंसारी सेराज अंसारी सैदुल अंसारी शाहबान अंसारी क़ुतुब अंसारी हातिम वाहिद मिस्टर समेत अन्य मौजूद रहे।

# एटक के बिनोद बिहारी और प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक का किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** कोयला मंत्रालय के द्वारा आम्रपाली चंद्रगुप्त के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह को बेस्ट ऑफ एग्जीक्यूटिव अवार्ड से पुरस्कृत किए जाने पर एटक यूनियन प्रतिनिधिमंडल के द्वारा मंगलवार को महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह को अंग वस्त्र प्रदान कर तथा गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया गया। साथ हीं बधाइयां दी गई। गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में आम्रपाली परियोजना से कोयला का रिकॉर्ड उत्पादन 24.19 मिलियन टन महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह अपने टीम के साथ करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया है। कोयला उत्पादन का कृतिमान स्थापित करने एवं कोल इंडिया के बेस्ट एग्जीक्यूटिव ऑफ अवॉड के लिए दिल्ली में कोयला मंत्री, भारत सरकार द्वारा सम्मान प्रदान किए जाने पर प्रतिनिधिमंडल के द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर यूसीडब्लूयू एटक के महामंत्री रमेंद्र कुमार और उनकी टीम के तरफ से महाप्रबंधक को शॉल और मोमेंटो भेंट किया गया। इस मौके पर यूसीडब्लूयू के सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकास कुमार, क्षेत्रीय सचिव विनोद बिहारी पासवान परियोजना अध्यक्ष अमित राणा, परियोजना सचिव उदित राज के अलावा ध्रुव लोकप्रिय, रोहित प्रताप सिंह, दिलचंद दास और मगध परियोजना के सचिव दीपांशु कुमार शामिल थे।

# हाईवा के चपेट में आने से मृतक सुरबील भुइयां के पिता को दी गई दो लाख की सहायता राशि



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के हर्षनाथपुर निवासी सुरबिल भुइयां की मौत एक मनचला हाइवा के चपेट में आने से मौत हो गई थी। जिसका मुआवजा सिंघम सीओ गौरव कुमार राय के। प्रयास से मृतक सुरबील भुइयां के पिता को दो लाख का चेक दी गई। यह घटना टंडवा रोड स्थित बाबा पेट्रोल पंप के समीप बीते शुक्रवार 8 बजे रात्रि हाईवा के चपेट में आने से हर्षनाथपुर निवासी सुरबिल की मौत हो गयी थी। और दो युवक घायल हो गए थे। जिन्हें सदर अस्पताल हजारीबाग में इलाज जारी है। जिसे लेकर परिजनों ने सुभाष चौक को जाम कर मुआवजे की मांग की गई थी। प्रशासन द्वारा अथक प्रयास से तीन लाख देने एवं इंश्योरेंस द्वारा मुआवजा दिलाने को लेकर सड़क जाम को हटा लिया गया था।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल फितर का पर्व



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र में ईद उल फितर का त्योहार सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां सुबह में अपने अपने ईदगाहों व मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई और इस दौरान क्षेत्र की अमन चैन की दुआएं मांगी गई। इसके बाद एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई व खुशिया जाहिर की गई। बधाईयां और खुशियां एक दूसरे को देने के लिए सुबह से देर शाम तक चलता राह। गांव की गलियों से लेकर चौक चौराहों तक बच्चों व युवाओं से गले मिलकर ईद मुबारक बाद की बधाई देते रहे। वही महिलाओं और युवतियों को भी एक दूसरे से गला मिलते देखा गया। सबसे ज्यादा उत्साह और उमंग छोटे छोटे नन्हे बच्चों बच्चियों के बीच था। जो नए वस्त्र पहन कर खुशियां मना रहे थे। पर्व को लेकर लोग एक दूसरे के घर जाकर बने व्यंजन सेवई, लच्छा व मिठाई आदि का सेवन किया। प्रखण्ड के बन्हे, सिमरिया बस्ती, सबानो फतहा, बगरा, जबडा, कसारी, लोहसिंघना, भगवानपुर, डाडी, एदला, पुंडरा, टुटीलावा, शिला इचाक, लिपदा आदि गांव में ईद का त्योहार शांति और भाईचारगी के साथ मनाया गया।

# प्रकृति का पर्व सरहुल महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के टूटीलावा के चरकी टोंगरी और हजारीबाग रोड स्थित खादी बोर्ड मैदान में मंगलवार को प्रकृति पर्व सरहुल महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम सरना समिति द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमें खादी बोर्ड मैदान के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ सन्नी राज, थाना प्रभारी प्रियेश प्रसून जबकि चरकी टोंगरी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेमलता चंद्रा और मुखिया बिनोद महतो उपस्थित थे। दोनो जगह पर अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित व फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान समिति सदस्यों ने अतिथियों को पगड़ी बांध कर स्वागत किया गया साथ हीं ढोल नगाड़े के साथ पाहनो ने जलवर्षा कर सखुआ के वृक्ष की विधिवत पूजा अर्चना किया। वहीं आदिवासी नृत्य संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों ने कहा कि सरहुल प्रकृति का पर्व है। यह पर्व खुशियो से भरा पर्व है। पूर्वजों के समय से इस पर्व को साल के पेड़ों तथा अन्य पेड़ो में फूल या मंजर आता है वैसे हीं सरहुल पर्व मनाया जाता है और प्राकृतिक को शुक्रगुजार करते है। सरहुल हमलोगों को पेड़ पौधों की रक्षा और सुरक्षा करने की सीख देती है।उन्होंने लोगो को पेड़ पौधों को संरक्षित रखने का संकल्प दिलाया साथ हीं समिति के अध्यक्ष और सचिवों ने कहा कि आदिवासी जिस तरह से घर की पूजा करते है।वैसे ही सरहुल की भी पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि सरहुल प्रकृति का धरोहर है। इसे सजाने और सवारने की जरूरत है।उन्होंने सरहुल पर्व के विषय पर लोगो को कई जानकारीयां देते हुए वनों की रक्षा और सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल से निकलकर शोभा स्थल तक जाकर तथा सुभाष चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान लोग जमकर थिरके और गुलाल अबीर उड़ाये।

# बिरहोर परिवार के एक महिला का इलाज के दौरान हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत जपुआ गांव में निवास करने वाले आदिम जनजाति के एक परिवार में अचानक से बीते बृहस्पतिवार की रात तबीयत बिगड़ गई। जिसकी जानकारी बिरहोर परिवार के लोगों ने नजदीक की ग्रामीणों को बताया। और उन लोगों ने प्रशासन को बताया प्रशासन आनंद-फानन में इसका बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजा। और बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया। जहां से इलाज के दौरान महेश बिरहोर की पत्नी मनीषा बिरहोरीन की मौत बीते रविवार की देर रात हो गई।मृतक का शव एम्बुलेंस के माध्यम से रविवार की देर रात ही जपुआ गांव पहुंचा। जहां बीडीओ राहुल देव, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा, एमओ जॉन कुमार मरांडी, पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय चितरंजन शर्मा ने सोमवार को सहयोग राशि के साथ अनाज दे परिजनों को सहयोग किया है।मालूम हो कि मनीषा बिरहोरीन खाना खा कर सो गई थी। और तबियत बिगड़ गई थी। मौके पर महादेव दांगी, उपेंद्र दांगी, अमेरिका दांगी समेत अन्य मौजूद थे।

# बालू लदा एक ट्रैक्टर को प्रखंड परसाशन ने किया जब्त



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत ब्रह्मपुर मोड़ से प्रखंड प्रशासन ने बालू लदा एक ट्रैक्टर मंगलवार सुबह जप्त किया है। यह कार्य अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा व थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में किया गया है।अवैध बालू लदा ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध अग्रतर करवाई के लिए खनन विभाग को भेज दिया गया है।इस दौरान थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि अवैध बालू की उठाव के साथ ढुलाई का गुप्त सूचना प्राप्त हो रहा था। सूचना के आलोक में सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा के नेतृत्व में छापेमारी कर ब्रह्मपुर मोड़ समीप से एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है। मौके से ट्रैक्टर ड्राइवर फरार हो गया।इस करवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया। प्रखंड के दूर-दूर के नदियों से ट्रैक्टर जप्त किया जाता है परंतु मुख्यालय के आसपास नदियों से धडल से बालू का उठाव किया जा रहा है। जिस पर प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं। इस तरह के कार्य से दीपक तले अंधेरा कहावत सिद्धहोते देखा जा रहा है।

# हेरहंज के हूंबू गांव में हाथियों का आतंक, कई घर तोड़े, अनाज नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हेरहंज :** प्रखंड के हूंबू गांव में जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीणों का जीवन संकट में आ गया है। रविवार रात करीब 10:30 बजे हाथियों ने गांव में घुसकर कई घरों को तोड़ दिया और खाद्य सामग्री नष्ट कर दी। पीड़ित निरोज भुइंया और सघनु भुइंया ने बताया कि अगर वे घर के अंदर होते तो कई लोग मारे जा सकते थे। वन विभाग को जानकारी देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ितों का कहना है कि कपड़ा और अनाज की भारी कमी हो गई है। मजदूरी और पलायन के सहारे जीवन यापन करने वाले ये परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। पिछले वर्ष भी हाथियों ने तबाही मचाई थी, तब वन विभाग ने मुआवजा देने का वादा किया था, लेकिन अब तक कोई राहत नहीं मिली।सामाजिक कार्यकर्ता बबलू खान ने बताया कि सघनु भुइंया, निरोज भुइंया, दुलारी देवी, अजय भुइंया, सुगंती देवी, अजीत भुइंया, चिंता देवी, रोहित कुमार, लक्ष्मी देवी सहित कई परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सरहुल और रामनवमी पर्व के बीच ये परिवार भोजन और वस्त्र की भारी कमी से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से तत्काल सरकारी सहायता की मांग की है ताकि ये परिवार पुनः बस सकें और अपना जीवन यापन कर सकें।

# बिजली के करंट से युवक की मौत, मुआवजे की मांग पर पांच घंटे तक सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के हामी गांव में 15 वर्षीय दुर्गेश महतो (पिता नवलसाय महतो) की मौत 11 हजार वोल्ट के जर्जर तार की चपेट में आने से हो गई। यह घटना सोमवार रात करीब 9 बजे की है।परिजनों के अनुसार, दुर्गेश सोमवार शाम को घर से बाहर गया था और फिर लौटकर नहीं आया। मंगलवार सुबह जब ग्रामीण महुआ चुनने के लिए निकले, तो उन्होंने खेत में उसका शव देखा और तत्काल परिजनों व पुलिस को सूचना दी। **गांव में जर्जर बिजली तारों से बनी रहती है दुर्घटना की आशंका :** गांव के पूर्व प्रमुख वाल्टर कुजूर और हामी मुखिया प्रदीप बड़ाइक समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 11 हजार वोल्ट के तार बेहद जर्जर स्थिति में हैं और कई जगह झूल गए हैं। बिजली विभाग की लापरवाही के कारण तारों की मरम्मत नहीं की जा रही है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। **मुआवजे की मांग पर पांच घंटे तक सड़क जाम :** घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारी को बुलाने और मुआवजे की मांग को लेकर लोध फॉल मुख्य सड़क को पांच घंटे तक जाम रखा। बीडीओ संतोष बैठा और डीएसपी शिवपूजन बहेलिया मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। प्रशासन ने तत्कालिक राहत के रूप में 20 हजार रुपये नकद दिए, जबकि बिजली विभाग ने कागजी कार्रवाई के बाद 5 लाख रुपये मुआवजा देने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया।

# लातेहार स्वास्थ्य व्योस्था में भारी अनियमितता व भ्रष्टाचार का हो जांच : रवि डे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झावीस नेता एवं समाजसेवी रवि कुमार डे ने लातेहार जिले की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था और सिविल सर्जन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाया है। रवि कुमार डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि लातेहार,जो पहले से ही एक पिछड़ा जिला है, वहां की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं और गरीब मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। श्री डे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अपनी शिकायत में निम्नलिखित अनियमितताओं को उजागर किया है ~86 लाख टेबलेट की गड़बड़ खरीदारी~ वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार के निर्देशों को दरकिनार करते हुए, कमीशनखोरी के तहत भारी मात्रा में कैल्शियम कार्बोनेट टेबलेट खरीदी गई।अस्पताल समेत पूरे जिले में चिकित्सा सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हैं, जिससे मरीजों को महंगे निजी अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। एनएच-75 (रांची-डालटनगंज मार्ग) पर आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं, लेकिन लातेहार और चंदवा के अस्पतालों में समुचित इलाज की व्यवस्था नहीं है। लातेहार सदर अस्पताल के लिपिक संजय सिन्हा, जो पहले एसीबी द्वारा गिरफ्तार किए जा चुके हैं, अब भी वहीं कार्यरत हैं और स्वास्थ्य विभाग में अनियमितता फैला रहे हैं।सूचना का अधिकार (आरटीआई ) के तहत मांगी गई जानकारी को सिविल सर्जन नजरअंदाज कर रहे हैं।श्री डे ने जिले के कई निजी अस्पतालों के खिलाफ शिकायतों को सिविल सर्जन के द्वारा लेन-देन करके दबा देने का आरोप लगाया है।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों का एक ही स्थान पर पांच वर्षो से अधिक समय से जमे कर्मचारियों के कारण चिकित्सा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

# बालू खनिज का अवैध खनन परिवहन किए जा रहे तीन ट्रैक्टर जब्त

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालू खनिज का अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ प्रखंड प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया है। यह कार्रवाई बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार और बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के संयुक्त छापामारी के दौरान छेचानी बालू घाट पर की गई। प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि बिना किसी चालान और अनुमति के छेचानी ओरंगा नदी से बालू खनिज का अवैध परिवहन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि छापेमारी के दौरान प्रशासन के पहुंचते ही ट्रैक्टर चालक ट्रेक्टर को बालू घाट पर ही छोड़ कर फरार हो गये।बाद इसके ट्रैक्टर जब्ती के दौरान पाया गया कि सभी ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट के हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि अवैध खनन में संलिप्त लोग अपनी पहचान छुपाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं जांच में पता चला है कि जब्त किए गए तीनों ट्रैक्टर पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के हैं, जो अवैध रूप से बरवाडीह थाना क्षेत्र के छेचानी बालू घाट से बालू उठाव कर रहे थे। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद अवैध खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी और इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। वहीं थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने अवैध रूप से बालू उठाव करने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र के सभी बालू घाटों से निर्धारित समय के विरुद्ध बगैर चालान के बालू खनिज के परिवहन होता देखा जा रहा है जिसमें पंचायत स्तरीय समिति के मिलीभगत को दिखाता है।

# बालूमाथ में सरहुल पर्व पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** सरहुल पर्व के अवसर पर बालूमाथ में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा सरना स्थल दिवाकर नगर से आरंभ होकर मुरपा मोड़, थाना चौक, बस स्टैंड होते हुए दुर्गा मंडप सरना स्थल पहुंची। इस दौरान आदिवासी महिलाएं और पुरुष ढोल, मांदर और नगाड़ों की थाप पर झूमते-थिरकते नजर आए। शोभायात्रा से पहले दिवाकर नगर सरना स्थल पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां सरना पूजा समिति द्वारा लातेहार विधायक प्रकाश राम, बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी, अंचलाधिकारी विजय कुमार, बीडीओ सोमा उरांव, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी समेत कई गणमान्य लोगों को पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी ने कहा कि सरहुल प्रकृति संरक्षण का पर्व है, हमें जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई को रोकना होगा और प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण करना चाहिए। जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने सरहुल पूजा समिति को भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। इस मौके पर अंचलाधिकारी प्रवीण सिंह, भाजपा नेता कृष्णा यादव, पूजा समिति अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, समेत कई लोग मौजूद थे।

# बारियातु में धूमधाम से मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजी सरना पड़हा भवन नचना परिसर में पूर्व प्रमुख महावीर उरांव की अध्यक्षता में प्राकृतिक महापर्व सरहुल धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। धर्म अगुआ तेतर उरांव के नेतृत्व में प्रधान उरांव, महेंद्र उरांव, सहदुल उरांव, शीबा पाहन और बाल देश उरांव ने डंडा कटना कार्यक्रम को संपन्न किया। तत्पश्चात मुख्य पाहन शीबा पाहन ने प्रखंड क्षेत्र के अन्य पाहनों के साथ मिलकर पूजा संपन्न कराई और माँ सरना से सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इसके बाद मंचाशीन अतिथियों को बैच और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन रामप्रीत लोहरा, जगदीश उरांव और कपीलेश उरांव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रकाश राम, बीडीओ अमित कुमार पासवान, सीओ नंद कुमार राम, थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा साहदेव समेत क्षेत्र के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक प्रकाश राम ने कहा कि सरहुल प्रकृति का पर्व है, जो पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा देता है। समाजसेवी बबन कुमार सिंह ने सभी से एक-एक पेड़ लगाने की अपील की, जबकि बिससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु और कांग्रेस अध्यक्ष रिगन कुमार ने भी पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया।कार्यक्रम में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो प्रखंड कार्यालय परिसर के पास समाप्त हुई। विभिन्न गांवों के खोड़ा कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन को सफल बनाने में पूजा समिति अध्यक्ष महावीर उरांव, सचिव राजीव भगत, कोषाध्यक्ष धनेश्वर उरांव, संरक्षक प्रमोद उरांव, सचू उरांव, जगदीश उरांव, रवींद्र उरांव समेत समाज के कई प्रबुद्ध सदस्यों का योगदान रहा। इस दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और सरहुल पूजा समिति द्वारा शोभायात्रा की ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गई।

# लातेहार में धूमधाम से मनाया गया सरहुल पर्व, शोभायात्रा में उमड़ी भारी भीड़




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले भर में प्रकृति का पर्व सरहुल मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम वासाओड़ा में आयोजित हुआ, जहां 70 से अधिक अखरा समितियां शामिल हुईं। पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवक-युवतियां, महिलाएं और बच्चे ढोल-नगाड़ों की धुन पर थिरकते नजर आए। शोभायात्रा वासाओड़ा से शुरू होकर मेन रोड, थाना चौक, बाजारटांड़ होते हुए उरदा टांड रेहड़ा पहुंची और फिर वापस वासाओड़ा लौटी। मुख्य अतिथियों में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, एसपी कुमार गौरव, पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, आईटीडीए निदेशक प्रवीण गगराई, डीआरडीए डायरेक्टर प्रभात रंजन चौधरी, एसडीएम अजय कुमार रजक, एसडीपीओ अरविंद कुमार, एनआईपी के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह और सीओ अरविंद टोप्पो शामिल हुए। अतिथियों का पगड़ी पहनाकर और महिलाओं को शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया।मांदर की थाप पर अतिथियों ने शोभायात्रा का शुभारंभ किया। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, एसपी कुमार गौरव और पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने स्वयं मांदर बजाया और ग्रामीणों के साथ थिरके। उपायुक्त ने कहा कि सरहुल जल, जंगल और जमीन से जुड़ा पर्व है। पूर्वजों ने इसे वर्षों से मनाया है और हमें इसकी परंपरा को बचाए रखना होगा। एसपी कुमार गौरव ने कहा कि प्रकृति से जुड़ाव जरूरी है, क्योंकि अंधाधुंध छेड़छाड़ के कारण वर्षा में कमी आ रही है। पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने इसे प्रकृति संरक्षण का प्रतीक बताया।कार्यक्रम का मंच संचालन रंथु उरांव ने किया और स्वागत भाषण समिति अध्यक्ष पहलू उरांव ने दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, आशा देवी, पड़हा समिति अध्यक्ष पहलू उरांव, पहड़ा राजा सुकू उरांव, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, अमित यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मंगला जुलूस में श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा विष्णुगढ़



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत भेलावारा पंचायत के भुताही मुरगाओं,उपरैली मुरगाओं से आज मंगलवार को अखाड़ा अध्यक्ष अशोक कुमार के नेतृत्व में सैकड़ो की सँख्या में महावीरी झंडे व पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों के साथ सैकड़ो की तादाद में रामभक्त मोटरसाइकिल से विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय विष्णुगढ़,चेडरा के प्रमुख मार्गो से होते हुए गाजे बाजे के साथ एवं जय श्री राम, बजरंबली की जयकारे के साथ भव्य मंगला जुलूस निकाला गया।मंगला जुलूस के दौरान रामभक्त पूरे अनुशासन में रहते हुए एक तरफ की सड़क आवागमन मुक्त रखी ताकि राहगीरों को आवागमन में कोई परेशानी ना हो इसका विशेष रूप से ख्याल रखा गया। इस मौके पर मुख्य रूप से महादेव मंडल,सुखदेव मंडल,जयनाथ साव,हरिदास प्रसाद,दिनेश कुमार मंडल,प्रदीप प्रसाद,हेमलाल मंडल,किशोर मंडल,सोनू मंडल,पंकज मंडल,निर्मल महतो,नीतीश साव,सोनू कुमार,सरजू नायक,राजू साव,विवेक मंडल,राहुल कुमार,सीताराम गंझू,दामोदर महतो,जगन्नाथ महतो,अम्बिका पाण्डेय समेत सैकड़ो की सँख्या में लोग शामिल थे।

## शौच के लिए गये व्यक्ति की ट्रेन से टकराने से हुई मौत



**कटकमसांडी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के कंचनपुर पंचायत के रहने वाले फूलो राम पिता स्वर्गीय पुराण राम अपने घर से शौच करने के लिए लगभग 1 किलोमीटर दूर गए रेलवे पटरी के पार जा रहे थे इसी क्रम मे उसे पटरी पर आ रहे रेलगाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई । घटना की सूचना मिलते ही पर मृतक के परिजन एवं कंचनपुर हेदलाग एवं गोविंदपुर के ग्रामीण मौके पर पहुँचे व इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस के द्वारा पूछे जाने पर परिजनों ने बताया की मृतक का दिमागी संतुलन ठीक नहीं था और वो शौच के लिए आए हुए थे। पेलावल ओश पीश प्रभारी वेद पांडे ने संज्ञान में लेते हुए एम्बुलेंस बुलाकर शव को शेख भिखारी मेडिकल सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। कंचनपुर पंचायत के मुखिया पति प्रतिनिधि अशोक राणा, हेदलाग एवं गोविंदपुर पंचायत समिति पति प्रतिनिधि भोला राणा, पूर्व पंचायत समिति अर्जुन कुशवाहा, समाजसेवी अंकज ठाकुर, कृष्ण यादव,गणेश यादव, सुमित कुमार ,अमित कुमार,सोनू साव, लालू यादव,कई ग्रामीण मौके पर उपस्थित हुए।

## विधायक मनोज कुमार यादव ने सरहुल महोत्सव में प्रकृति पूजा की



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रानीचुआं पंचायत के कुटमा, फुटबॉल मैदान में सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया गया। बतौर मुख्यातिथि के रूप में बरही विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। आदिवासी समुदाय में इस त्योहार को लेकर खुशी का मौहाल है। सरना स्थल पर विधि-विधान से पूजा की गई और प्रकृति के देवताओं और अपने पूर्वजों से अच्छी फसल के लिए अच्छी बारिश की कामना की। मौके पर पहुंचे बरही विधायक ने प्रकृति की पूजा अर्चना कर सभी आदिवासी भाई बहनों को सरहुल की शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक ने मांडर बजाकर लोगों के साथ खूब झूमे। कार्यक्रम संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सरहुल प्रकृति के प्रति हमारी गहरी आस्था का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है और हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का स्मरण कराता है। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम अंसारी, समाजसेवी मुन्ना यादव, उपमुखिया किरण देवी, ब्रहमदेव यादव, राजकुमार यादव, मिथलेश यादव सहित अन्य। मंच का संचालन हीरालाल हँसदा और मोहन हँसदा ने संयुक्त रूप से किया। महोत्सव को सफल बनाने में अध्यक्ष मोहन हँसदा, उपाध्यक्ष रामेश हँसदा, सचिव सुरज हेंब्रम, उप सचिव बाबुलाल मुर्मू, कोषाध्यक्ष सोनाराम हँसदा, समिति सदस्य संतोष हँसदा, राजेश हेंब्रम, अजय मुर्मू, छोटेलाल मुर्मू, सुरेश हँसदा आदि ने महती भूमिका निभाई।

## बड़कागांव प्रखंड के इंद्रा गांव में प्राकृतिक पर्व सरहुल धूमधाम से मनाई गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र इंदरा गांव में सरहुल पर्व का आयोजन किया गया। पूर्वी जिला परिषद सदस्य गीता देवी व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दीपक करमाली के नेतृत्व में सरहुल पर्व आयोजित किया गया। पूर्वी जिला परिषद सदस्य गीता देवी ने कहा कि हम आदिवासियों की पहचान जल, जंगल, जमीन है जिससे हम जाने जाते हैं। नए नए पेड़ पौधे आने की की खुशी में ओर फसल की पैदावार अच्छी हो इसकी खुशी में सरहुल पर मनाया जाता हैं। बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि पूरे झारखंड में आज प्राकृतिक पर्व सरहुल मनाया जा रहा है। अगर यह प्राकृतिक ही नहीं रहेगा तो हमलोग का जीवन ही नहीं बचेगा। वही पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली ने कहा की हम अपने पूर्वजों के द्वारा बचाए गए जल जंगल जमीन को बचाए रखने का प्रयास कर रहे है, ओर हम आदिवासियों को अपनी रीति रिवाज को बचाए रखना है। अगले साल इससे भी भव्य रूप से सरहुल पर्व मनाया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से पाहन रविन्द्र करमाली, फुलवा देवी, गीता देवी, सबिता देवी, सोनी देवी, नीतू देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी, धनेश्वर करमाली, प्रकाश करमाली, विजय करमाली, विक्की करमाली, सनी करमाली, मनोज करमाली, राहुल करमाली, जुगल करमाली, शक्ति करमाली, राजू करमाली, सुरेंद्र करमाली, किशुन करमाली, रामचरण राम, किशोर करमाली, बबलू करमाली, रूपेश करमाली सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## प्रकृति पर्व सरहुल श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमसांड़ी :** कटकमदाग प्रखंड में प्रकृति पर्व सरहुल श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया । इस मौके पर शोभायात्रा पंकज अगरिया के नेतृत्व में निकाला गया । आदिवासी एवं सनातन समाज के लोग इस शोभायात्रा मे शामिल थे। कटकमदाग व कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आदिवासी समुदाय के लोगों के द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई और झांकी गांवों के विभिन्न मार्गो से होते हुए सरना स्थल पर पहुंचा ।जहां पाहन ने पारंपरिक रिति-रिवाज के साथ पूजा की गई । उसके बाद सखुआ फूलों (सरई) को पाहन के द्वारा शोभा यात्रा में चल रहे लोगों के बालों में खोंस गया । इस शोभा यात्रा में सरना समुदाय के लोगों के साथ साथ अन्य समुदायों के लोगों ने भी भाग लिया।

## हनुमत महायज्ञ का लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बनासो में श्री श्री 1008 श्री हनुमत महायज्ञ बनासो में पंचमुखी हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसको लेकर मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा मंदिर से शुरू होकर बनासो के मुख्य मार्गो से गुजरते हुवे ढाईडीह से जल लेकर यज्ञ मण्डप पहुंचा।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जय कारे लगाते चल रहे थे। यज्ञ को सम्पन्न कराने में आचार्य पुरेन्द्र व आचार्य बीरेंद्र शास्त्री अपनी टीम के साथ जुटे हुए हैं।मौके पर अमूल्यचन्द्र पांडेय, प्रयाग पासवान,रामेश्वर पासवान,राजन पासवान,राजकुमार पासवान,जयनाथ यादव,नरेश पासवान,रामचन्द्र पासवान,बैजनाथ राम,समन राम,सुरेश पासवान,निर्मल रविदास,दामोदर रविदास,मिठू रविदास, मनोज पासवान,सुरेंद्र यादव,कपिल पांडेय ,सन्तोष पासवान,चंद्रमोहन रविदास आदि बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## कृषि उत्पादक कंपनी को उपायुक्त ने सौंपा 6,59,000 रु का चेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा कृषि उत्पादक कंपनी के निदेशकों को छह लाख उनसठ हजार मात्र (6,59,000) का चेक प्रदान किया गया। जीटी भारत की टीम को उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि वह बाकी कृषि उत्पादक कंपनी को भी यह अनुदान दिलाने के लिए समर्थन दें उन्होंने जीटी भारत के प्रयासों की सराहना की। जीटी भारत की तरफ से संजीव कुमार, रकम प्रशांत एवं दीपक चिकने उपस्थित रहे। एफपीसी से बिनेश कुमार दांगी, अश्विनी कुमार, जयहिंद कुमार और श्याम नंदन किशोर उपस्थित रहे ।

**कृषि उत्पादक कंपनी :** कृषि उत्पादक कंपनी या उत्पादक संघ किसानों का एक समूह होता है जो किसानों को बाजार, टेक्नोलॉजी और पूंजी तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करती है। इस प्रकार का उद्यम मूल रूप से एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और एक सहकारी समूह का मिश्रण है, जो अपने किसान सदस्यों की सामूहिक बिज़नेस गतिविधियों को सुविधाजनक बनाता है. एफपीसी का मुख्य उद्देश्य उत्पादकों के लिए उनके स्वयं के संगठन के माध्यम से बेहतर आय सुनिश्चित करना है। पूरे देश में कृषि उत्पादक कंपनियों का गठन किसानों को सशक्त बनाने के लिए किया जा रहा है। देश में लगभग 42000 कृषि उत्पादक कंपनी का गठन मार्च 2024 तक किया जा चुका है। हजारीबाग जिले में भी लगभग 40 से अधिक ऐसी कंपनियां रजिस्टर्ड है । इन सभी कंपनियों को आगे बढ़ाने तथा वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए झारखंड सरकार ने "Grant to FPOs" योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 में लॉन्च की थी। इस योजना के अंतर्गत 15 लाख तक के वन टाइम मैचिंग इक्विटी ग्रांट देने का प्रावधान तथा उसके पश्चात आने वाले 4 वर्षो तक उनके वित्तीय रिपोर्ट और लाभ के आधार पर 10 लाख तक के वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है । इस योजना के अंतर्गत जिले में अभी तक 18 कंपनियों ने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया है, जिसमें से 9 कृषि उत्पादक कंपनियों को डिस्ट्रिक्ट लेवल मॉनिटरिंग कमेटी के द्वारा स्वीकृति प्रदान कर राज्य भेजा गया।

## सरहुल जुलूस का भव्य स्वागत,बड़ा बाजार ग्वाल टोली चौक पर कोल्ड ड्रिंक व शीतल जल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर आदिवासी समाज के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य जुलूस निकाला गया। यह जुलूस सरना मैदान से प्रारंभ होकर पूरे शहर का भ्रमण किया। सरहुल पर्व प्रकृति की उपासना का पर्व है, जिसे आदिवासी समाज बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाता है। इस जुलूस के दौरान पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर पुरुष, महिलाएं और बच्चे नाचते-गाते नजर आए। शहर के विभिन्न स्थानों पर समितियों एवं स्थानीय लोगों के द्वारा जुलूस का भव्य स्वागत किया गया। इसी क्रम में बड़ा बाजार ग्वाल टोली चौक पर भी सरहुल जुलूस का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस मौके पर जुलूस में शामिल लोगों के लिए कोल्ड ड्रिंक एवं ठंडे पानी की व्यवस्था की गई, जिससे इस तपती गर्मी में श्रद्धालुओं को राहत मिली। सरहुल पर्व के दौरान आदिवासी समाज के लोग अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। पुरुष पगड़ी, धोती और गमछा पहने हुए थे, जबकि महिलाएं सफेद और लाल रंग की साड़ियां पहने हुई थीं। इस जुलूस में हजारों की संख्या में पुरुषों के साथ महिलाएं और बच्चियां भी शामिल हुई। स्थानीय लोगों का कहना था कि सरहुल सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति से जुड़ाव और भाईचारे का संदेश देने वाला उत्सव है। यह पर्व जल, जंगल और जमीन की महत्ता को दर्शाता है। इसी को देखते हुए हर वर्ष शहर में बड़े ही धूमधाम से सरहुल जुलूस निकाला जाता है। इस मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी अविनाश यादव, बबलू यादव, जीतू यादव, कुणाल यादव, डब्लू कुमार, सुधीर तिवारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया और जलपान वितरण कर पुण्य कार्य में सहभागिता निभाई। सरहुल पर्व के इस उत्साह और उमंग के साथ हजारीबाग में भाईचारे और सौहार्द का माहौल देखने को मिला।

## भामाशाह स्कूल, बरही में आचार्य कार्यशाला सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सोमवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरही विद्या भारती योजना के अंतर्गत आचार्य कार्यशाला सम्पन्न किया गया। कार्यशाला में साहु समाज के पदेन मुखिया सुरेश साहु एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार उपस्थित हुए। अतिथि परिचय विद्यालय के प्रभारी प्रिंस ने रखा। सुरेश साव ने कहा कि बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए तथा अपने कार्य को जिम्मेवारी न समझे बल्कि कर्तव्य समझकर कार्य करे।प्रधानाचार्य ने बताया कि यह कार्यशाला आगामी नवीन सत्र के लिए वर्ष भर की योजनाओं के निर्माण और उसके क्रियान्वयन हेतु किए जाने वाले प्रयासो की चर्चा परिचर्चा का है। हम सभी आचार्यो का कर्तव्य है कि बच्चो का समग्र विकास किया जाए। हमारे विद्यालय के आचार्या रेशमी के द्वारा पंचपदी शिक्षण पध्दति पर कक्षा ली गई। गुडविल ने क्रियाकलाप द्वारा ईसीसी पर चर्चा की। राजू ने नई शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न बिन्दु ओ पर अपना विचार रखा। इन दो दिनो का निष्कर्ष निर्भय ने बताया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदीजी का सहयोग सराहनीय रहा।

## खुदा की इबादत तथा सजदे में झुके हजारों सिर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** रमजान के पवित्र महीना पूरा होने के पश्चात प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों के मस्जिदो और ईदगाहों में मुसलमानो ने अकीदत के साथ नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। इस अवसर पर प्रखंड के नवादा कर्बला चौक स्थित ईदगाह में हजारों की संख्या में लोगों ने एक साथ ईद की नमाज अदा की। जिसमे सदर इमाम हाफिज, वा कारी इलियास अहमद साहब ने ईद की नमाज पढ़ाई। समाजसेवी रफीक आलम ने कहा कि नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम धर्मलवम्बियों ने एक दूसरे से लोग गले मिले और ईद की मुबारकबाद दी। आगे कहा कि ईद एक ऐसा त्यौहार है जो नफरत को मिटाकर मोहब्बत कायम करता है, इसी का नाम ईद है। साथ ही कहा कि ईद के मौके पर लोग एक दूसरे के घर जाकर सेवइयां खाते हैं और बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं। इस अवसर पर कर्बला चौक में मेला लगता है, जिसमे बच्चों के मनोरंजन को लेकर झूला, मिकी माउस, ट्रम्पलीन की व्यवस्था की गई थी। वही इस ईद पर्व पर इस तपती धूप और गर्मी का असर नमाजियों के उत्साह पर कम नहीं दिखा। इस पवन ईद पर्व के मौके पर विष्णुगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजनाथ प्रसाद एवं विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने नवादा के कर्बला चौक पर मुस्लिम धर्मलवम्बियों से मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नवादा मुखिया प्रतिनिधि निजाम अंसारी, मध्य जिप सदस्य शेख तैयब, गैडा पसंस महताब हुसैन, बेलाल अंसारी, रफीक आलम, मनोवर आलम, हाफिज अंसारी, खलील अंसारी, मकसूद आलम, जसीम अंसारी, सफुर अंसारी, इबरार अंसारी समेत सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम धर्मलवम्बियों ने ईद की नमाज अदा की।

## बड़कागांव में मुस्लिम समुदाय ने पेश की गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** जहां एक ओर देश भर में दो भाइयों की बांटने की कोशिश की इज रही है, जबरजस्ति दो धर्मो के बीच नफरत की दीवार खड़ी की जा रही है वहीं बड़कागांव में ईद के दिन हिंदू मुस्लिम समुदाय के बीच आपसी सौहार्द और गंगा जमुनी तहजीब का बेहतरीन नजारा देखने को मिला। रविवार को मिर्जापुर में हो रहे श्री श्री 1008 सर्व कल्याण महायज्ञ शिव परिवार सह प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कांडतरी, साँढ, गुरु चट्टी बड़का गांव थाना रोड से छवनियां होते डुमारो नदी से जल का उठाव कर, लगभग 18 किलोमीटर पैदल यात्रा कर श्रद्धालु शांतिपूर्वक पुन; मिर्जापुर यज्ञ स्थल पहुंचे। कलश यात्रा के दौरान छवनिया गांव में मुस्लिम धर्मलम्बीयों ईद की नमाज के बाद कलश यात्रा में शामिल लोगों का भव्य अभिनंदन कर आपसी सौहार्द की मिसाल पेश की तथा श्रद्धालुओं के बीच फ्रूटी और पानी बोतल वितरण कर भव्य स्वागत किया। कलश यात्रा में लगभग 5000 श्रद्धालु शामिल थे। छवनिया गांव से कलश यात्रा पार करने में महज 20 मिनट का समय लगा। कलश यात्रा शांतिपूर्वक संपन्न कराने में बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार का अहम योगदान रहा। साथ ही बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ मनोज कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी नेमधारी रजक, रामनवमी महा समिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी, हाजी तबस्सुम, सोनू इराकी , मुखिया प्रतिनिधि असीम अरशद, जिप प्रतिनिधि इब्राहिम, जानेसार आलम, सदर मोहम्मद अफवान, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद इरफान, सेक्रेटरी मोहम्मद निजाम, मोहम्मद तारिक, मोहम्मद आफताब के अलावा कई प्रबुद्ध लोगों का प्रशंसनीय प्रयास रहा। वही कलश यात्रा में मुख्य रूप से विधायक रोशन लाल चौधरी पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिप सदस्य सदस्य सुनीता देवी, रामनवमी महा समिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, आजसु केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, दिनेश सिंहा, पूर्व जिप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, पंसस रंजीत चौबे, पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद, भीखन महतो ,भवानी महतो, भोला दांगी ,यज्ञ समिति के अध्यक्ष देवनारायण प्रसाद, सचिव शिव शंकर कुमार ,कोषाध्यक्ष नंदलाल महतो , संरक्षक अरुण कुमार, शीतल महतो, बिशेश्वर नाथ चौबे, संदीप सिंह ,संजय कुमार महतों, सेराज अंसारी, बैजनाथ महतो ,अभिषेक तिवारी ,उपेंद्र महतो के अलावा भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

**आपसी सौहार्द दिखलाने के लिए दोनों समुदाय बधाई के पात्र हैं : एसडीपीओ**

शांतिपूर्वक कलश यात्रा संपन्न होने पर एसडीपीओ पवन कुमार ने दोनों समुदाय के लोगों को बधाई देते हुए कहा की आपसी भाईचारगी से हीं जटिल से जटिल समस्या का समाधान किया जा सकता है। मुस्लिम समुदाय के द्वारा श्रद्धालुओं का स्वागत करना एवं फ्रूटी, पानी बोतल का वितरण करना सराहनीय है।

## रामनवमी सनातन धर्म की एकता का परिचायक : मनीष जायसवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ में रामनवमी महोत्सव की तैयारी को देखते हुए हज़ारीबाग साँसद मनीष जायसवाल ने विष्णुगढ़ के सात अखाड़ों को सोमवार को अपने हाथों से पारम्परिक अस्त्र-शस्त्र तथा लाठी का वितरण किया। वितरण समारोह का भव्य आयोजन विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल कार्यकारी अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल की अध्यक्षता में रमुआ स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर प्राँगण में कई गई,तथा विष्णुगढ़ पूर्वी में अस्त्र-शस्त्र एवं लाठी का वितरण भाजपा विष्णुगढ़ पूर्वी कार्यकारी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार की अध्यक्षता में अचलजामो दुर्गा मंदिर प्राँगण में किया गया। कुल 19 अखाड़ों में साँसद मनीष जायसवाल ने अस्त्र शस्त्र व लाठी का वितरण किया। अस्त्र-शस्त्र वितरण कार्यक्रम के दौरान रामभक्तों को सम्बोधित करते हुए साँसद मनीष जायसवाल ने कहा कि रामनवमी सनातन धर्म की एकता का परिचायक है,प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है,बटेंगे तो कटेंगे एक है तो सेफ है। आज विपक्ष हिंदुओ को बांटने में तरह-तरह की साजिशों में जुटा है। कभी धर्मपरिवर्तन तो कभी बांग्लादेशी एवं रोहंगियाओ को भारत मे बसाने की साजिश हमसभी को यह समझना होगा। नवरात्र के दूसरे दिन माता रानी माँ दुर्गे के दरबार से अपनी सभ्यता और संस्कृति संजोने का जो अवसर प्राप्त हुआ है,वह अविस्मरणीय है। विष्णुगढ़ महासमिति एवं विष्णुगढ़ के सातों अखाड़ों से अपील होगी रामनवमी सद्भावना एवं शांति से मनाए यही मेरी सुभेक्षा है।विष्णुगढ़ की रामनवमी हर मायने में अभूतपूर्व है,सप्तमी की गंगा आरती से लेकर,महाष्टमी को जत्थे में हजारों की सँख्या माँ बाघेश्वरी बनासो जाकर शस्त्र पूजन रामनवमी की पुरातन सभ्यता को दर्शाता है। नवमी की रात को जीवंत झाँकी एवं कला से ओतप्रोत झाकियां बरबस ही अपनी ओर खींच लेती है। आप सभी से मेरी अपील है आप सब अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन पूरी सुरक्षा के साथ करें ताकि इससे किसी को चोट ना लगे। स मौके पर मुख्य रूप से द्वारिका सिंह(खोखा सिंह),सत्येंद्र नारायण सिंह,रंजन चौधरी, मधुसूदन प्रसाद,डोमन गुप्ता, गौतम भारती, सुनील कुमार मिश्रा,शंकर प्रसाद बर्मन, रविन्द्र कुमार बरनवाल(दीपू भाई),जीवन सोनी,राजेश साव,अशोक कुमार,जयनाथ साव,टेकलाल मंडल,ओमकार प्रजापति,डब्लू सोनी,अंजू देवी,गायत्री देवी,रामविजय सिंह,प्रकाश साव,सुशील कुमार मंडल,तुलसी सिंह रजनी,रवि कुमार पांडेय, सुखदेव मंडल,झल्लू पंडित,अजित नायक, पंकज लाहकार, भीम साव, भीम राम,कन्हाई यादव, राजू श्रीवास्तव, सुनील अकेला,सुरेश राम, लखन प्रसाद, सुरेश कुमार, वैभव प्रकाश राणा, रंजीत कुमार यादव, संजय प्रसाद(बबलू), संतोष साव, राजकुमार कसेरा, रामप्रवेश सिंह, द्वारिका साव,शम्भू साव,लाटो साव, सुंदरलाल साव, पिन्टू साव,महादेव राणा,भोला यादव, लिलो यादव, रंजीत सिंह,संजय कसेरा, बिसुन साव, राजू रवानी, रामधन माली,संजय मंडल, मुकेश कुमार विश्वकर्मा, समेत सैकड़ो की सँख्या में रामभक्त एवं ग्रामीण शामिल रहे।

## सेंट जूड्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्र सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**बरही ।** सेंट जूड्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, न्यू कॉलोनी, बरही में वार्षिक परीक्षा परिणाम का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे। जिनमें जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता शामिल थे। विद्यालय की प्रधानाचार्य उर्मिला देवी के नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय के शिक्षक परमेश्वर यादव, अभय पांडेय, सुनील पांडेय, सलमान अंसारी, राखी मिश्रा, वर्षा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, मीनाक्षी कुमारी एवं पूजा पांडेय ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। अतिथियों ने छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने सभी छात्रों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विजेता छात्र प्ले ग्रुप के सृष्टि कुमारी, पीयूष कुमार, रजवीर कुमार व नर्सरी के वीरन शर्मा, परम कुमार, रंजन कुमार एलकेजी के अखिल कुमार, हर्षित कुमार, शिवांश कुमार यूकेजी के तेजनशू कुमार, राज कुमार, अर्श कुमार एवं कक्षा वार टॉपर्स में कक्षा वन के मो.अजमत, अमन जायसवाल, शिवानी पंडित,कक्षा टू के वीर कुमार, अदृति कुमारी, आर्यन कुमार, कक्षा थ्री के वर्षा कुमारी, आयुष कुमार, सुशांत कुमार कक्षा फोर्थ के सोनी कुमारी, आराध्या कुमारी, सुमित कुमार कक्षा फाइव के सोनु कुमार, अश्विनी कुमारी, आकांक्षा कुमारी कक्षा सिक्स के पीयूष कुमार, सोनाली कुमारी, शिवम कुमार कक्षा सेवन के उज्वल कुमार, उत्तम कुमार, विभांशु कुमार को विद्यालय प्रशासन ने इस अवसर पर सभी छात्रों को बधाई दी और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी भाग लिया और छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया।

## दुलमी प्रखंड अंतर्गत ग्राम दुलमी, बांग्य, पांच, कुल्ही, बेयांग , ईचातु मे सरहुल पुजा मनाया गया



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को रामगढ़ जिला के दुलमी प्रखंड अंतर्गत ग्राम दुलमी, बांग्य, पांच, कुल्ही, बेयांग , ईचातु, मे मंगलवारर को सरहुल पुजा झारखण्ड के प्रकृति पर्व सरहुल मंगलवार गांव के पहान प्रतेक पर्व के भाती ही सरना स्थल मे गांव के पहान दुवरा प्रम परा सखुआ के पेड़ को पुजा अर्चना करते है और सखुआ के फुल से किया गया सरना स्थल मे आज गांव क पहान दुवारा सरना मे प्रतेक वर्ष के भाती झारखण्ड के प्रकृति सखुआ के पेड़ को गांव के पहान दुवारा और गांव के माँ बहन भाई सभी सरना स्थल से कुआ से जाकर पानी लाते है और सरना स्थल पर पहान दुवारा पुजा कर के गांव के सभी जीव जंन्तु खुशहाल रहे और जल जंगल हरा भरा रहे सभी बुद्धि जीव मोके पर मेहन्द्र गंझु, रामकिशुन भोगता, मधु पहान, किस्टू मुंडा, चुरामन मुंडा पहान, अजय बेदिया, अनु मुंडा सुशीला मुंडा, दसमी मुंडा, लोहा पहान,पवन मुंडा,गांव के पहान रवि मुंडा , अध्यक्ष बबिता देवी, सचिव, विलासो बेदिया, कोषाध्यक्ष, मुनिया देदिया, संरक्षक, केवल मुंडा, टिमन बे, मौजूद थे।

## रामनवमी पर चितरपुर में निकला विशाल मंगला जुलूस हजारों राम भक्त हुए शामिल



**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महारामनवमी की पूजा अर्चना को लेकर मंगलवार को चितरपुर में रोड में विशाल मंगला जुलूस निकाला गया जिसमें हजारों हजार की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए अपने हाथों में भगवा ध्वज लहराते हुए, राम भक्तों ने जय श्री राम के नारे लगाए गए राम भक्त केसरिया वस्त्र धारण किए पूरा क्षेत्र भक्ति में डूबा रहा रजरप्पा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों से हाथों में ध्वज लेकर मंगल जुलूस में लोग शामिल हुए राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की श्री राम जय राम जय जय राम जय श्री राम के जोरदार उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्ति में डूबा रहा जुलूस का कार्यक्रम शिवालय मंदिर प्रांगण से रजरप्पा मोड होते हुए चितरपुर मेन रोड बाजार टांड़ तक दो पहिया वाहन से गाजे बाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया।

## अरगड्डा झोपड़ी में जय सरना ट्रस्ट के द्वारा सरहुल महापर्व का किया गया आयोजन



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा झोपड़ी में जय सरना ट्रस्ट के द्वारा सरहुल महापर्व का आयोजन किया गया द्य इस दौरान पाहन बेचन उराँव, पाहन रतु उरांव ने आदिवासी पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा करायी द्य अवसर पर वेशभूषा धारण कर मांदर की थाप पर लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा सरईया का फूल भेंटकर बधाइयां दिया द्य प्राकृतिक पूजा जंगल, पहाड़, जल,जमीन ओर मानव जीवन के लिए पेड़ पौधों की रक्षा और लगाने का संकल्प लियाद्य मौके पर अरगड्डा एरिया अशोक करमाली, आदिवासी अगुआ सह समाजसेवी दीपक उराँव, पाहन राजू करमाली, पाहन सुखदेव बेदिया, मंजु पाहनइन, सुनीता पाहनइन, पाहन सुरेंद्र मुंडा,संजय उरांव, केंद्रीय सदस्य निशा उरांव, आरती कुमारी, प्रीति, संगीता आदि कोई शामिल थे ।

# मंगला जुलूस एवं सरहुल पर्व को लेकर आयोजित जुलूस के मद्देनजर सभी थाना/ओ0पी0 क्षेत्रों में पुलिस पदाधिकारियों एवं बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** अजय कुमार, (भा0पु0 से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा चैत्र नवरात्रि त्योहार के अवसर पर दिन मंगलवार को निकाले जाने वाले मंगला जुलूस एवं सरहुल पर्व को लेकर आयोजित जुलूस के मद्देनजर सभी थाना/ओ0पी0 क्षेत्रोंन्तर्गत जुलूस के मार्ग में आने वाले सभी संवेदनशील स्थानों एवं जुलूस के साथ पुलिस पदाधिकारियों एवं बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है।चैत्र नवरात्रि त्योहार के अवसर पर मंगलवार को रामगढ़ जिलान्तर्गत सिद्धू कान्हु मैदान, रामगढ़ से समय लगभग 01ः30 बजे हिन्दु समुदाय के व्यक्तियों के द्वारा लगभग 10,000 की संख्या में इक्ट्ठा होकर मंगला जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में रामगढ़ जिला के अन्य थाना क्षेत्रों क्रमशः रजरप्पा, गोला के जुलूसों ने भी भाग लिया। यह जुलूस बाजार टॉड़, चट्टी बाजार, झण्डा चौक, गोलपार, थाना चौक, सुभाष चौक होते हुए फुटबॉल मैदान तक निकाला गया।मंगला जुलूस के मार्गों में कई समाजिक संगठनों द्वारा पेय जल की व्यवस्था की गई थी जिनके द्वारा जुलूस में शामिल व्यक्तियों को पानी पिलाया गया। गोलपार जामा मस्जिद के सामने मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियों के द्वारा जुलूस पर पुष्प वर्षा की गई तथा मिठाई खिलाकर आपस में गले मिलकर जुलूस का स्वागत किया और आपसी भाईचारे की बेहतरीन मिसाल पेश की।पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा स्वयं सिद्धू कान्हु मैदान, रामगढ, बाजार टॉड, चट्टी बाजार, झण्डा चौक, गोलपार, थाना चौक, सुभाष चौक एवं फुटबॉल मैदान तक जुलूस के साथ उपस्थित रहकर अपने नेतृत्व में जुलूस को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाया।पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा आम जनता से अपील किया गया कि त्योहार को शांतिपूर्वक एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाएं, किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें, किसी भी प्रकार के तथ्यहीन, भ्रामक, गलत सूचना/फोटो/विडियों एवं धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मिडिया आदि पर शेयर/अपलोड करने से बचें एवं किसी भी अप्रिय घटना या असामाजिक गतिविधि से संबंधित सूचना मिलने पर अविलम्ब पुलिस को सूचित करें।मंगला जुलूस के दौरान अनुमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़, पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़ एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी/कर्मी भी उपस्थित रहें।सभी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस निरीक्षकों को भी अपने-अपने अधिक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर जुलूस को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया है साथ ही पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा कन्ट्रोल रूम के माध्यम से जुलूस की वर्तमान स्थिति पर नजर रखी जा रही है तथा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक एवं थाना/ओ0पी0 प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिये जा रहे हैं।

## रामगढ़ चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के सत्र 2025-27 के अध्यक्ष मंजीत सहानी एवं उनके पदाधिकारियों ने लिया प्रभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** रामगढ़ चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के सत्र 2025-27 के अध्यक्ष मंजीत सहानी एवं उनके टीम के पदाधिकारियों ने मंगलवार को बिजुलिया स्थित चेंबर भवन में विधिवत पदभार ग्रहण किया इस दौरान निवर्तमान अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने अध्यक्ष मंजीत सहानी उपाध्यक्ष अमरेश गणक मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी सह सचिव इंदरपाल सिंह सैनी कोषाध्यक्ष दिनेश पोद्दार को सत्र 2025-27 का पदभार सौंपाकार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य चुनाव पदाधिकारी बंशीधर गोप सहयोगी चुनाव पदाधिकारी पी0 के0 मुखर्जी,अनिल कुमार सिन्हा,रमेश बौंदिया एवं राजेश अग्रवाल को निवर्तमान अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने रामगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स का प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया वहीं वर्तमान अध्यक्ष मंजीत सहानी ने निवर्तमान अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल को शौल( अंग वस्त्र)ओढ़ाकर विदाई दीयेनिवर्तमान अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मेरे कार्यकाल को बेहतर बनाने के लिए सभी सहयोगी पदाधिकारियों पूर्व अध्यक्षों एवं चैम्बर के सभी सदस्यों का पूरा समर्थन मिला हम सभी का आभार प्रकट करते हैं वहीं नए अध्यक्ष मंजीत कहानी ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि वे हमेशा व्यवसायियों के हित के लिए प्रयासरत रहेंगे एंव उनके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे आज के कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष अमरेश गणक ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह,आनंद अग्रवाल,अनूप कुमार सिंह कार्यकारिणी सदस्य मुरारीलाल अग्रवाल,विवेक अग्रवाल,राहुल जैन,विनय कुमार सिंह,दिलीप दत्ता,विधान सिंह,नरेंन्द्र सिंह,अभिजीत कुमार,नीलेश कुमार गुप्ता,सुनील सिन्हा उपस्थित थे

## कोईलांचल में शांतिपूर्ण वातावरण में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**कुजू :** रामगढ़ सोमवार के दिन रामगढ़ जिले के विभिन्न इलाकों में सुबह नौ बजे ईद उल फितर की नमाज अदा की गई जिसमें मांडू जमा मस्जिद कुजू जमा मस्जिद घाटो भेलगढ़ा मस्जिद परेज जामा मस्जिद शाहित सन्डी, डुमरबेड़ा बुट बेड़ा , भादवा सोंडीहा हुवाक डुमर बेड़ा, कर्मा , बरकाठी आदि जगहों में शांतिपूर्वक ईद उल फितर की नमाज अदा की गई नमाज के बाद गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दिया मुबारक देने वालों मोहम्मद खुर्शीद आलम,जमालुद्दीन खिलाफा, असगर अली इमरान अली, अब्बास खलीफा, सहबू खलीफा, मोहम्मद रेहान अली चिश्ती, समीर, ,अब्दुल वाहिद, मुबारक हुसैन, जाकिर हुसैन , मोहम्मद शोएब अख्तर ,शरफू कुरैशी, , गुड्डु खान इनायत खान रिसालत खान नसीम खान इम्तियाज़ खान मिनहाज खान एजाज खान बसीर खान शहादत अंसारी फिरोज खान फिरदौस खान मुस्तफा खान फरीद खान ने दिया आपको बता दूं कि ईद की मुबारकबाद देने में बच्चे भी पीछे नहीं रहे मोहम्मद जकी ,मोहम्मद फैजान , मोहम्मद रिजवान ,मोहम्मद आकिब ,जकिया , अमीरा ,मिशकात इकरा आदि बच्चों ने भी मुबारकबाद दिया जिसके बाद मांडू जामा मस्जिद में ईद मिलन का आयोजन किया गया जिसमें कई गणमान्य लोग शाहित झामुमो नेता फागु बेसरा, राजकुमार महतो शाहिद सिद्दीकी भी शामिल हुए वहीं मांडू पुलिस ड्यूटी पर तैनात अधिकारी व महिला बल ने ईद मिलन समारोह में शामिल होकर सेवई का लुफ्त उठाया शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ ईद।

## सीसीएल सेवा निवृत्त एवं भाकपा माले रामगढ़ प्रखंड कमेटी के सदस्य कामरेड चंद्रिका राम का किया गया अंतिम संस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** भाकपा माले रामगढ़ प्रखंड कमेटी के सदस्य, पार्टी के समर्पित सक्रिय कार्यकर्ता 70 वर्षीय दिवंगत कामरेड चंद्रिका राम का निधन हो गया। दिवंगत कामरेड का अरगड्डा धौवड़ा दामोदर नदी तट के समीप घाट पर अंतिम दाह संस्कार की गई।कामरेड चंद्रिका राम अपने पीछे एक पुत्र और तीन पुत्रियों को छोड़कर गए। सीसीएल में सेवा कल के दौरान भी इन्होंने सीसीएल में कार्यरत संगठित मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी और मजदूरों को स्थाई नौकरी के सवाल पर कानूनी लड़ाई को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाये थे।सीसीएल से सेवा निवृत्ति के बाद इन्होंने लगातार भाकपा माले रामगढ़ प्रखंड कमेटी में सदस्य के बतौर जुड़कर जन सवालों को लेकर पार्टी के हर आंदोलन कार्यक्रमों में गरीब गुरुओं, मेहनत कशो को संगठित करके पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहे। दिवंगत कामरेड चंद्रिका राम की स्मृतियां हमेशा सदैव हम सभी के दिलों में जिंदा रहेगी।अंतिम दाह संस्कार में भाकपा माले जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, विजेंद्र प्रसाद, सरयू बेदिया, छोटन मुंडा, गोविंद भुइयां ,लाल कुमार बेदिया, रूपन गोप एवं भुइयां समाज के लोग बड़ी संख्या में अंतिम अंत्येष्टि में शामिल थे।

## चेटर ग्राम में धूमधाम के साथ सरहुल पर्व सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मंगलवार को चेटर ग्राम के सरना स्थल पर प्रातःकाल से ही अतिरिक्त गहमागहमी का वातावरण था। सभी स्थानीय आदिवासी भाई - बहन पारंपरिक वेशभूषा में सरना पूजा स्थल पर उपस्थित थे। मांदर की मीठी थाप और नगाड़े की निर्भिक ध्वनि प्रकृति पर्व सरहुल की व्यापकता का गुणगान कर रहे थे। पारंपरिक शिष्टाचारों में रचे-बसे सामुहिक लोकनृत्य वसंत काल के माधुर्य का अनूठा दृश्य उपस्थित कर रहे थे। पूजा स्थल के समीप बनाया गया झूमर नृत्य अखाड़ा और आयोजन के संचालन तथा आमंत्रित अतिथियों के स्वागत हेतु बनाया गया मंच एक स्वस्थ , सुंदर और सुसंस्कृत आदिवासी सभ्यता के जीवंत रहने का प्रमाण दे रहे थे।सरना पूजा के सामुहिक शिष्टाचारों के पश्चात अतिथियों का स्वागत तिलक , सखुआ के फूल , सरना उपवस्त्र तथा गुड़-चना के प्रसाद के साथ किया गया। आगत अतिथियों में मुख्य रूप से आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष सुनील मुण्डा , मंसू मास्टर , पंकज मुण्डा , डा बी एन ओहदार , टिकेन्द्र ओहदार , सुनील कश्यप , राजेश महतो , ललिता कुमारी , पिंकी कुमारी सहित अन्य थे। आयोजन की अध्यक्षता केसर करमाली ने की जबकि मंच संचालन श्रीधर मुंडा और मुकेश मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। अवसर पर मोहरलाल पहान , तेजनाथ बेदिया , मीरा मुंडा , नर्तनराम मुंडा , रामचंद्र पहान , भिखमंग मानकी , अजय मुंडा , डालचंद ओहदार , रामरतन बेदिया , मिथुन बेदिया , मदन करमाली , मनीष कुमार , मोहन पहान , दीपिका कुमारी , देवंती देवी , झुमको देवी , अनिता कुमारी , सरस्वती देवी , मुन्नी देवी , बीना देवी , फूलेश्वरी देवी , ललीता देवी तथा सैकड़ों आदिवासी भाई - बहनों सहित मीडिया प्रभारी राज़ रामगढी उपस्थित थे। उपरोक्त तथ्यों की जानकारी राज़ रामगढी ने साझा की है।

## सरहुल प्रकृति परब और सामूहिक उत्सव का प्रतीक है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखता है : ममता देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के ईचातु गांव में सरना क्लब द्वारा सरहुल पर्व के शुभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक आदरणीय ममता देवी जी शामिल हुई।विधायक महोदया ने सरना स्थल में विधिवत पूजा-अर्चना कर अच्छी बारिश, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ झूमकर इस पवित्र पर्व की खुशियां भी साझा कीं।सरहुल प्रकृति पूजन और सामूहिक उत्सव का प्रतीक है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, गणमान्य व्यक्तित्व और सरना क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। शोभायात्रा के दौरान पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत और उल्लास का माहौल देखने को मिला।सरहुल पर्व की इस भव्य आयोजन के लिए सरना क्लब और स्थानीय ग्रामीणों को विधायक महोदया ने शुभकामनाएं दीं और संस्कृति-संरक्षण के इस प्रयास की सराहना की।मौके दुलम दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश निर्मल बेदिया प्रदीप सिंह मेहताब राही रामघृत महतो संदीप सिंह लखन पहान धनीराम करमाली अजय बेदिया बैजनाथ मुंडा जयचंद मुंडा गुरुदयाल बेदिया विनोद करमाली कैलाश बेदिया मनोज मुंडा कुलदीप मुंडा सुरेन्द्र बेदिया शोभा यात्रा में सौकडो महिला पुरुष शामिल थे।

*उरीमारी जुबला सरना स्थल में प्रकृति का पर्व सामूहिक सरहुल पूजा सौहार्दपूर्ण माहौल में मना*

## झंडा गडी कर जल, जंगल, जमीन एवं सुख समृद्धि और अच्छी बारिश कि हुई कामना : रामेश्वर मुंडा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** उरीमारी के जरजरा स्थित जुबला सरना स्थल में मंगलवार को सामूहिक सरहुल पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। वहीं सामुहिक सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष दशई मांझी के नेतृत्व में जुबला सरना स्थल में गांव के पाहन हेंजरा बेदिया के द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराया गया।साथ ही प्रकृति के प्रति जल,जंगल जमीन एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई।साथ ही लोगो के बीच सरई फूल का वितरण किया गया। वहीं इस सरहुल पुजा समिति के मुख्य अतिथि सौंदा जीवनधारा पीओ रामेश्वर मुंडा रहे। वहीं मुख्य अतिथि रामेश्वर मुंडा ने कहा कि सरहुल आदिवासीयों का सर्वोच्च पर्व है। इस पर्व में आदिवासी समाज मिलजुल कर रीति रिवाज से पुजा अर्चना करते हैं। वहीं पुजा समिति के अध्यक्ष दशई मांझी ने कहा कि सरहुल पर्व दो दिलों को जोड़ता है। इस पर्व में आदिवासी समाज नाच गा कर खुशियां बांटते हैं। वहीं पाहन हेंजरा बेदिया ने बताया कि इस वर्ष अच्छी बारिश होगी। मौके पर राकोमयू बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव,बिरसा सेल्स आफिसर राकेश कुमार,संरक्षक बहादुर मांझी,दिनेश करमाली,कार्तिक मांझी,सुखू मांझी,सुरेश मुर्मू,रैना मांझी,महादेव मांझी,मोहन सोरेन, मुखिया चरका करमाली,रुस्तम सोहराब,सीताराम किस्कू,लालदेव सोरेन,गुदल प्रजापति,तुलसी उरांव,खेपन मांझी,सुखचैन सिंह, प्रदीप कुमार,मदन करमाली, तुलसी उरांव,भादो करमाली,तालो हांसदा,शिकारी टुडू,मनोज सिंह, विनोद सोरेन,परमेश्वर सोरेन, सतनारायण बेदिया,रामलाल बेदिया,जितेन्द्र यादव,जगमोहन बेदिया,हेमलाल बेसरा,पूरन टुडू, दिनेश प्रजापति,सुरेंद्र करमाली, सुरेश प्रजापति,राजू बेसरा,बसंत सोरेन,मनी करमाली आदि मौजूद थे।

*उरीमारी में हर्षोल्लास पूर्वक निकाला गया रामनवमी मंगला शोभायात्रा*

## भगवान राम के प्रति आस्था और विश्वास व आदर्शो पर चलने वाला देश है भारत : राजू यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** उरीमारी कोयलांचल क्षेत्र में मंगलवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में रामनवमी पर्व को लेकर मंगला जुलूस निकाला गया। वहीं कार्यक्रम में अतिथि सीसीएल उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, बिरसा पीओ सुबोध कुमार,हेन्देगीर/जीवनधारा पीओ रामेश्वर मुंडा,उरीमारी थाना प्रभारी रथू उरांव,पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली,शांति निकेतन निदेशक नरेश करमाली उपस्थित रहे। दामोदर नदी स्थित गौरी शंकर मंदिर परिसर में अतिथियों का सम्मानित अंगवस्त्र एवं पगड़ी पहनाकर किया गया।सर्वप्रथम मंगला जुलूस का शुभारंभ गौरी शंकर मंदिर द्वार में मुखिया प्रतिनिधि सह समाजवसेवी राजू यादव के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि राजू यादव ने अपने संबोधन में कहा कि रामनवमी का त्योहार भगवान राम के जन्म की याद दिलाता है। यह पर्व भारत में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। भगवान राम के प्रति आस्था और विश्वास व आदर्शो पर चलने वाला देश भारत है। वहीं मंगला जुलूस गौरी शंकर मंदिर से शुरू होकर चेक पोस्ट, थाना कालोनी, अफसर कालोनी, हेसाबेड़ा,उरीमारी बस्ती,जरजरा चौक,प्रेम नगर,रोहन गोड़ा,सी टाइप,पीला क्वार्टर,चेक पोस्ट कालोनी से होते हुए पुनःगौरीशंकर मंदिर परिसर में समापन हुआ। जुलूस के दौरान राम भक्तो ने जय श्री राम की नारों से उरीमारी क्षेत्र गूंजायमान उठा। चढ़ गया भगवा रंग के भक्ती गानों से पूरा उरीमारी कोयलांचल क्षेत्र भक्तिमय बना रहा।मंगला जुलूस को सफल बनाने में मैनेजर राजेश प्रियदर्शी, प्रदीप वर्मा,लक्ष्मण प्रसाद,आशीर्वाद मैनेजर दिवाकर विश्वकर्मा,सीताराम किस्कू, महादेव बेसरा,कानू मरांडी,लालो महतो, कंचन मांझी, रामप्यारे शर्मा, गणेश राम,डॉ सुनील, राजकुमार सिंह, संतोष प्रजापति, बृजबिहारी प्रसाद, उपमुखिया सतीश कुमार,दिलीप प्रसाद, जगदीश मेहता, रामदुलार साव, अनिल कुमार,राजपति साव,नुर आलम,शहजाद,मोहम्मद अली, एमडी वारिस,असलम अंसारी, फिरोज अंसारी,अभिषेक यादव, चरकू यादव,जय कुमार महतो, अशोक ठाकुर,राजू आदि थे ।

# जिले के सभी ईदगाह और मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई ईद की नमाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ईद-उल-फितर के अवसर पर सोमवार को जिले के सभी ईदगाह और मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके ईद की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर नमाजियों ने देश की खुशहाली, बरकत, अमन और चैन की दुआ मांगी। विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह 7.15 बजे से लेकर 9:00 बजे तक ईद की विशेष नमाज अदा की गई।उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बताया कि शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। सभी थाना क्षेत्र तथा संवेदनशील इलाकों में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सुबह 6:00 बजे से कंट्रोल रूम कार्यरत रहा। कंट्रोल रूम में कहीं से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।ईद-उल-फितर के अवसर पर जिले के झरिया, एना इस्लामपुर, तेतुलमारी, बलियापुर, पूर्वी टुंडी, टुंडी, निरसा, कलियासोल, बाघमारा, एगारकुंड सहित धनबाद के रेलवे ग्राउंड, नया बाजार ईदगाह मस्जिद, टीसी कंपाउंड मस्जिद, हैदरी मस्जिद लोहा मार्केट, मनईटांड़ मस्जिद, नूरी मस्जिद वासेपुर, अब्दुल जब्बार बड़ी मस्जिद वासेपुर, शमशेर नगर ईदगाह, इसलामपुर ईदगाह, नयी मस्जिद वासेपुर, रहमतगंज मस्जिद, सी ब्लाक मदरसा इस्लामिया भूली, डी ब्लाक टाउनशिप ईदगाह भूली, अहसन आलम मस्जिद मारफगंज, मदीना मस्जिद कुसुण्डा स्टेशन, कोयला नगर मस्जिद, रजा मस्जिद शमशेर नगर, गौसिया मस्जिद भद्ग मोहल्ला नया बाजार, गौसिया मस्जिद मिल्लतगंज, बगदादी मस्जिद चेक पोस्ट कतरास रोड, जोनल ट्रेनिंग स्कूल वासेपुर, आजाद नगर ईदगाह सहित अन्य ईदगाह व मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और एक दूसरे के साथ खुशियां बांटी।



## दिव्यांग बच्चों के साथ सोहराब खान और दिलीप सिंह ने मनाया ईद का त्यौहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के अध्यक्ष सोहराब खान और समाजसेवी दिलीप सिंह ने ईद का त्यौहार पहला कदम के दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। सोहराब हमेशा की तरह अपने चिरप्रचित अंदाज में बच्चों को गुलाब का फूल भेट कर ईद की बधाई दी। सोहराब और दिलीप ने कहा की खुशियां बांटने से बढ़ती है और अगर आप अपनी खुशियां अपना त्यौहार ऐसे खास बच्चों के साथ साझा करते हैं तो त्यौहार की खुशियां दुगनी हो जाती है। सोहराब और दिलीप ने धनबाद के लोगो से अपील की और कहा कि अपने व्यस्तम जीवन से थोड़ा सा समय निकाल कर पहला कदम स्कूल के स्पेशल बच्चों से मिलें बहुत सुकून और खुशी की अनुभूति मिलेगी और जितना हो सके पहला कदम स्कूल के लिए आर्थिक सहायता जरूर करें ताकि बच्चों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

## समाजसेवी अब्दुल जब्बार ने समस्त देश वासियों को दी ईद की बधाई

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद नगर निगम के अंतर्गत वार्ड संख्या 18 के पार्षद पद के उम्मीदवार सह समाजसेवी अब्दुल जब्बार ने समस्त देश वासियों को ईद की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही उन्होंने कहा की ईद की रहमत और बरकत से सभी के घर में खुशहाली आए, यही मेरी अल्लाह से दुआ है। कहा की ईद का पर्व एकता, भाईचारा और खुशियों का त्योहार है। हम सभी को इसे मिल जुल कर मनाना चाहिए।

## कांग्रेस के वादे को पूरा करें सरकार : ब्रजेंद्र सिंह

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर यह बताया है कि चुनाव के पहले जो कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में और राहुल गांधी के द्वारा घोषणा की गई थी की सरकार बनने के तुरंत बाद झारखंड के जनता को चाहे वह किसी भी कैटेगरी का हो उन्हें 450 रुपए में गैस सिलेंडर दी जाएगी, राहुल गांधी जी का यह भावनात्मक वक्तव्य कई जगहों पर चुनाव के समय कहा भी था लेकिन बहुत दुख के साथ लिखना और बोलना पड़ रहा है की अभी तक हम जनता को जो 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था वह अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। हालांकि सरकार के द्वारा बहुत सारे कार्य किए जा रहे हैं जो जनहित में बहुत ही लाभदायक है लेकिन कांग्रेस पार्टी का यह वादा भी अविलंब पूरा किया जाए ताकि हम भी अपने नेता राहुल गांधी के बोले हुए वचन को जनता के बीच में बता सके।



## प्रदीप सिंह ने नहाए खाए से की चैती छठ महापर्व की शुरुआत

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को चैती छठ महापर्व की शुरुआत हुई। धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन और सर्व धर्म सामुहिक विवाह समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह और उनके छोटे पुत्र युवराज सिंह ने 14 वर्ष की आयु में छठ जैसे महापर्व को करने का मन मे संकल्प लेकर नहाए खाये का कार्यक्रम की। प्रदीप सिंह कार्तिक माह के छठ महापर्व को लगातार 20 वर्षो से करते आ रहे है। पिछले वर्ष कार्तिक मास वाले छठ युवराज सिंह कर चुके है। प्रदीप सिंह ने कहा छठ महापर्व पर हर क्षेत्र मे साफ-सफाई के साथ साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।



## भोजपुरी शारदा मंच ने गूगल मीट पर किया अंतराष्ट्रीय काव्य गोष्ठि का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भोजपुरी सरधा मंच (राष्ट्रीय) के तत्वावधान मे हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर गूगल मीट के माध्यम से भोजपुरी भाषा की अंतर्राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नीरा प्रसाद ने (कनाडा) किया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य पं. जगदीश नारायण ओझा (बक्सर) एवं विशेष अतिथि के रूप में साहित्यकार राघव पांडेय एवं वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान वर्धन मिश्र उपस्थित थे। सरस्वती भजन व दुर्गा भजन से धनबाद के प्रसिद्ध भजन सम्राट पं. अनिल पाठक ने प्रस्तुति कर गोष्ठी को ऊँचाई दी, सभी भोजपुरी कवियों व साहित्यकारों ने हिंदू नव वर्ष पर बेहतरीन रचनाओं और गीतों से राम नवमी, राम जन्म और नव वर्ष पर एक से बढ़कर एक कविता प्रस्तुत किया,संचालन संस्था के महासचिव संतोष ओझा प्रभाकर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य कवियों में अनिल पाठक (भजन सम्राट) जगदीश ओझा,पांडेय सरिता, राघव पांडेय,डॉ. रता वर्मा राज,रमेश हंसमुख, रिंकू दुबे वैष्णवी,संतोष ओझा प्रभाकर,डॉ. नीरा प्रसाद,आचार्य संजय सिंह चंदन,डॉ. शैलेश सिंह शौर्य,वरिष्ठ पत्रकार उमेश तिवारी आदि की प्रस्तुति सराही गई। कार्यक्रम संचालन संतोष ओझा प्रभाकर ने किया। अंत मे संस्था के संस्थापक आचार्य संजय सिंह चंदन ने हिंदू नव वर्ष पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है सरहुल पर्व : उपायुक्त

➩ पुलिस लाइन में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुई उपायुक्त

➩ जिले वासियों के लिए की सुख, शांति, समृद्धि व खुशहाली की कामना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुई। इस अवसर पर पुलिस एसोसिएशन व सरना समिति ने उपायुक्त माधवी मिश्रा, सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द सिंह, डीएसपी प्रदीप मिंज व डीएसपी अर्चना खलखो सहित अन्य अतिथियों का सरना रीति रिवाज से पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इसके बाद सभी ने साल के फूलों, फलों और महुआ के फलों के साथ पूजा-अर्चना कर सरहुल पर्व की शुरुआत की। उपायुक्त ने जिले वासियों को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दी तथा सभी के लिए सुख, शांति, समृद्धि व खुशहाली की कामना की।उपायुक्त ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है। साथ ही मनुष्य के जीवन को सरलता से जीने की प्रेरणा देता है। इसमें आदिवासी समाज द्वारा साल वृक्ष की पूजा की जाती है, क्योंकि यह आश्रय देता है, मौसम की मार से बचाता है। उन्होंने कहा इस पर्व के माध्यम से आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन को सुरक्षित व संरक्षित रखने का संकल्प भी लेते हैं। जिससे प्रकृति की संरचना में जीवन खुशहाली से फलता फूलता रहे। सरहुल आदिवासी नववर्ष का त्योहार भी है। जो धरती माता को समर्पित है। यह उनके महत्वपूर्ण उत्सवों में से एक है। इसके बाद मांदर की थाप पर उपायुक्त व सिटी एसपी समेत अन्य पदाधिकारियों ने मनमोहक आदिवासी नृत्य भी किया।



## अंकिता बनर्जी ने एमएस इंडिया 2025 रनरअप का खिताब जीता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद की बेटी अंकिता बनर्जी ने नई दिल्ली में 29 मार्च को आयोजित इंडिया के सबसे बड़े कंपीटीशन मिस एंड मिस्ट्रेस इंडिया कॉन्टेस्ट 2025 के नेशनल लेवल में भीजी एमएस इंडिया रनरअप का खिताब जीत कर धनबाद समेत झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है। इसी सफलता के संदर्भ में मंगलवार को धनबाद क्लब में प्रेस वार्ता कर अंकिता ने अपनी परफॉर्मेंस की शानदार सफलता के पीछे की गई मेहनत तथा सारे शुभचिंतकों एवं धनबाद वासियों के आशीर्वाद के बारे में विस्तृत रूप से बता कर सभी का आभार प्रकट कर हार्दिक धन्यवाद दिया।अंकिता ने कहा की इस प्रतिष्ठित खिताब को जीत कर अपने माता पिता और धनबाद का नाम पूरे देश में रोशन कर बहुत ही खुशी मिली है। भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में और कड़ी मेहनत कर बड़ी उपलब्धियों को प्राप्त करने का भरसक प्रयास करूंगी। प्रेस वार्ता में अंकिता बनर्जी के पिता प्रीतम बनर्जी और माता गीताली बनर्जी, चंदन मोइत्रा, लीना मोइत्रा, सागर बनर्जी, प्रणब आदि थे।

## विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर पहला कदम की विशेष पहल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर पहला कदम की सचिव अनिता अग्रवाल द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों और उनके परिवारों के प्रति समाज में संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस अवसर पर पहला कदम संस्थान में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी, जिनमें ऑटिज्म अवेयरनेस वर्कशॉप में विशेषज्ञों द्वारा ऑटिज्म से जुड़ी जागरूकता पर चर्चा, विशेष बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी, माता-पिता और अभिभावकों को मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करने हेतु काउंसलिंग सेशन,विशेष बच्चों द्वारा प्रस्तुत विशेष सांस्कृतिक नृत्य और संगीत कार्यक्रम होगा।पहला कदम की सचिव अनिता अग्रवाल ने कहा हमारा उद्देश्य समाज में ऑटिज्म को लेकर जागरूकता बढ़ाना और इन विशेष बच्चों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। ऑटिज्म जागरूकता दिवस हमें यह याद दिलाने का अवसर देता है कि हर बच्चा विशेष है और उनके प्रति समाज को सहानुभूति और सहयोग की भावना रखनी चाहिए। हम सभी को आमंत्रित करते हैं कि इस विशेष दिन पर पहला कदम के इस प्रयास का हिस्सा बनें और ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों को सशक्त बनाने में सहयोग करें।

## माल ढुलाई में देश भर में लगातार तीसरी बार धनबाद रेल मंडल का पहला स्थान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद रेल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में मार्च तक में करीब 27 हजार करोड़ रुपये की आय अर्जित की है। इसमें सबसे अधिक कोयला ढुलाई होती है। आधुनिक उपकरणों और समय में उपलब्ध करायी जा रही रैक के कारण लोडिंग में धनबाद रेल मंडल पहले स्थान पर कायम है। यह पहली बार हो रहा है ऐसा नहीं है। 2022-23 से धनबाद रेल मंडल पहले स्थान पर बनी हुई है। तीन साल से पहले स्थान पर काबिज है धनबाद मंडल वित्तीय वर्ष 2022-23 में 171.29 मिलियन टन माल ढुलाई कर नया कीर्तिमान स्थापित किया, जो एक वित्तीय वर्ष में भारतीय रेल के किसी मंडल द्वारा की गई सर्वाधिक माल ढुलाई थी। बिलासपुर रेल मंडल ने 157.33 मिलियन टन हासिल कर दूसरा और खुर्दा रेल मंडल ने 155. 33 मिलियन टन हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया था। इसके बाद 2023-24 में 188.61 मिलियन टन माल ढुलाई कर दूसरी बार भी धनबाद रेल मंडल पहले स्थान पर था। वहीं वित्तीय वर्ष 2021-22 में धनबाद मंडल द्वारा 158.70 मिलियन टन माल की ढुलाई की गई थी, जो बिलासपुर मंडल द्वारा 159.55 मिलियन टन के बाद भारतीय रेलवे का दूसरा सबसे अधिक माल लदान मंडल था। 2020-21 में भी धनबाद रेल मंडल ने 133.60 मिलियन टन का लक्ष्य हासिल किया था।

## इनर व्हील क्लब धनबाद माइलस्टोन ने नेत्रहीन आवासीय विद्यालय में कराया हेल्थ चेकअप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार को इनर व्हील क्लब धनबाद, माइलस्टोन के बैनर तले क्लब के सदस्यों द्वारा सरायढेला स्थित नेत्रहीन आवासीय विद्यालय में रहने वाले सभी बच्चों और उनके शिक्षकों का हैल्थ चैकअप विशेषज्ञ डॉक्टर और उनकी टीम के द्वारा कराया गया। क्लब द्वारा उक्त हैल्थ चैकअप, अमेरिका में रहने वाले इशान सिंह लीड इंटरनेशनल स्टूडेंट एम्बेसडर के सौजन्य से किया गया। ताकि नेत्रहीन आवासीय विद्यालय में रहने वाले सभी बच्चों का स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों को उनके योगदान के लिए क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। क्लब का प्रयास है कि बच्चों के लिए हेल्थ चैकअप कैंप क्लब द्वारा समय समय पर कराया जाएगा। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष रश्मि सहाय,उपाध्यक्ष लीना झा,सचिव ऋतु श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष रेणु कौशल,एडिटर गीता चौबे,निवेदिता सरकार, मनीषा गांधी,ऊषा सिंह, कविता गुप्ता,सरिता गुप्ता एवं इंदिरा महापात्र और इशान सिंह भी मौके पर उपस्थित रहे।

# सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ संबंध भामसं ने आईआईटी आईएसएम से हटाए गए गार्डो को लेकर की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार को सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ संबंध भारतीय मजदूर संघ की बैठक विश्वकर्मा भवन पुलिस लाइन हीरापुर में संपन्न हुई। जिसमें प्रमुख रूप से आईआईटी आईएसएम में कार्य कर रहे सैकड़ो सुरक्षा गार्ड को बिना कारण के नवनियुक्त एजेंसी के द्वारा काम से हटाने के संदर्भ में चर्चा की गई। सुरक्षा गार्ड एजेंसी के सभी मानकों को पूरा करने में सक्षम है उन्होंने आईआईटी प्रबंधन,एजेंसी से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन प्रबंधन एवं एजेंसी के द्वारा किसी भी तरह का संवाद नहीं किया गया। इसके बाद सुरक्षा गार्ड धनबाद के विधायक राज सिन्हा से मिला और अपनी व्यथा बताई। इस पर विधायक ने कहा की ज़रूरत पड़ी तो मैं भी आप लोगों के साथ धरने पर बैठूंगा। सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ से जुड़े सभी सुरक्षा गार्ड ने एक स्वर में निर्णय लिया की अगर प्रबंधन हमारी मांगों को नहीं मानती है तो हम लोग आईएसएम गेट के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री धर्मजीत चौधरी भी उपस्थित हुए।उन्होंने कहा की आईआईटी आईएसएम प्रबंधन ,सुरक्षा गार्ड के साथ नाइंसाफी कर रहा है। जल्द ही उपायुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा एवं मंत्रालय में मंत्री से मिलकर उनके समस्याओं को अवगत कराया जाएगा। आगे कहा कि ऐसा प्रतीत होता है की आईएसएम प्रबंधन कुछ दलालों के संपर्क में है जो प्रबंधन एवं सुरक्षा गार्ड्स को गुमराह कर रहा है, और अनावश्यक परेशानी उत्पन्न कर रहा है,प्रबंधन की मनमानी नहीं चलेगी जल्द ही इस पर कठोर निर्णय लिया जाएगा। भारतीय मजदूर संघ का प्रत्येक कार्यकर्ता सुरक्षा कर्मियों के साथ है। संघ के महामंत्री प्रभात सिंह ने कहा कि सुरक्षा कर्मी को कम से हटा देने के बाद उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है वह अपने परिवार का भरण पोषण कैसे करेंगे यह काफी चिंता का विषय है उम्र के इस पड़ाव में वह अब कहां काम करेंगे। प्रबंधन से आग्रह किया जाता है कि आप इन सभी सुरक्षा कर्मी को कम पर वापस रखें।ये मानवता भी है। बैठक में मनोज शाह,गोरख राम ,जितेंद्र सिंह,सुशील सिंह, मनदीप कुमार,एवं सभी सुरक्षा कर्मी उपस्थित थे।



## पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलाएं हाथ से हाथ, ईद पर एक पौधा जरूर लगाएं : अखलाक अहमद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** सोमवार को ईद के उपलक्ष्य पर झरिया की सामाजिक संस्था द्वारा ईदी के रूप में बच्चों व बड़ों के बिच पौधे बाँट कर पर्व की खुशियां मनाई गयी। साथ ही लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए पर्यावरण मित्र बन इस मुहीम में सहयोग करने की अपील की गयी। इस दौरान संस्था के लोगों ने दर्जनों नए पर्यावरण मित्र बनाये जिन्होंने शपथ लिया कि व समाज को पर्यावरण संरक्षित का सन्देश देते हुए इस दिशा में लोग ज्यादा सकारात्मक भूमिका निभा सकें इसको लेकर भी उन्हें प्रेरित करेंगे। संस्था के संयोजक अखलाक अहमद ने बताया कि वे लोग हर वर्ष ईद की ईदी के रूप में अपने जानने वालों को पौधा देकर त्योहार मनाते हैं पर इस वर्ष जिन्हें पौधा दिये गये उन्हें पर्यावरण मित्र की उपाधि देकर पर्यावरण संरक्षण की मुहीम में साथ आने की अपील की गयी। दर्जनों लोग आज पर्यावरण मित्र बने हैं सभी ने इस दिशा में अपनी ओर से भूमिका निभाने का साथ भी लिया है। कहा कि हमारे संस्था की कोशिश है की हमारी इस मुहीम में ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ें ताकि हम झरिया वासी संगठित होकर अपनी बुलंद आवाज से सोये हुए जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक महकमे को कुंभकर्णी निंद्रा से जगा सकें। मौके पर यूथ कॉन्सेप्ट के डॉ एम समीर, मो इकबाल, मिर्जा मुनव्वर बैग, फरीद अंसारी, अशफाक हुसैन,शमीम अंसारी, मो आफताब, हैदर अली अंसारी, नसीम इकबाल, मुनव्वर अंसारी, सईम आलम, मोहम्मद अब्दुल्ला, बादशाह अंसारी, अबू हुजैफा, अब्दुल हक अर्शी, अहमद आदि मौजूद थे।



# झांकी के साथ निकाली गई सरहुल पूजा की भव्य शोभायात्रा, भारी संख्या में सरना धर्म के लोग हुये शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में मंगलवार को जिला सरहुल के मौके पर केन्द्रीय सरना समिति के तत्वावधान में प्राकृतिक के महापर्व सरहुल की भव्य शोभायात्रा स्थानीय झखरा कुबां से पाहन पुजार द्वारा पूजा अर्चना के बाद निकाला गया।बताते चलें चले कि झारखंड में आदिवासियों का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार में से एक सबसे बड़ा त्योहार सरहुल को माना गया है जिसमें स्वयं प्रकृति तथा धरती की पूजा अर्चना की जाती है इस दौरान सनातनी पंचांगों के अनुसार नए वर्ष का भी आरंभ होता है। इस दौरान जिले भर के अन्य हिस्सों से आए सरना समिति सदस्यों के द्वारा सांस्कृतिक धरोहर, एवं प्राकृतिक विरासत से संबंधित झाकियों के साथ जुलूस निकाला गया जो की मेनका सिनेमा हॉल रोड से होते हुए बड़ा तालाब, थाना टोली, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार, महावीर चौक, राणा चौक, मिशन चौक, बरवाटोली, शुक्र बाजार, अलका सिनेमा हॉल, न्यू रोड, पावरगंज चौक, कोर्ट रोड एवं शहर के मुख्य मार्गो से गुजरते हुए जिला समाहरणालय मार्ग मैना बगीचा में पहुंच कर समापन एवं मेला समारोह में तब्दील हो गयी। शोभायात्रा में आदिवासी छात्र संघ, सरना प्रार्थना सभा, राजी पडहा समिति सहित अन्य संगठनो के लोग







शामिल हुए। सरहुल शोभायात्रा में आदिवासी अपने वेशभूषा एवं ढोल नगाडो के साथ महिला पुरूष बच्चे इत्यादि लोग जमकर झूमे इस मौके पर केंद्रीय महावीर मंडल व अंजुमन इस्लामिया के अलावे विभिन्न धर्मो के समितियों द्वारा प्राकृतिक पर्व सरहुल की शोभायात्रा पर स्वागत के लिए पुष्प वर्षा कर शरबत पेयजल एवं गुड चना आदि का वितरण कर पूरे शोभायात्रा में अपनी सहभागिता दिखाए।इनके अलावा विभिन्न सामाजिक धार्मिक व राजनीतिक संगठनों द्वारा स्टाल लगाकर स्वागत किया और चना गुड शर्बत आदि का वितरण किया गया। इसके पूर्व स्थानीय झखरा कुबां में पहान पुजार द्वारा पूजा अर्चना की गई और सुख समृद्धि की कामना की गई। सरहुल पर्व शोभायात्रा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आई जगह जगह पर पुलिस बल की तैनाती एवं ड्रोन कैमरो से भी शोभायात्रा पर निगरानी रखी जा रही थी। वही जिला प्रशासन ने दुर्गा पूजा, सरहुल, रामनवमी, ईद को लेकर कई जगहों पर शांति समिति की बैठक कराई गई थी। जिसमे त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने का निर्णय लिया गया था। इस शोभायात्रा यात्रा मे मुख्य रूप से मंत्री चमरा लिंडा, सांसद सुखदेव भगत विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, आलोक कुमार साहू, जगदीप भगत, शकील अहमद, नेसार अहमद, निशिथ जायसवाल, ओम प्रकाश सिंह, मनीर उरांव, सुखेर भगत, मनी उरांव, सुधीर उरांव, कवलजीत सिंह, शशि कुमार भगत, अनिल कुमार भगत, राधा तिर्की जिला परिषद सदस्य सेन्हा, सुखदेव उरांव जिला परिषद सदस्य कैरो, शंकर भगत, विफाइ उरांव, गोसाई उरांव, चोन्हस उरांव, लक्ष्मी नारायण भगत, प्रमोद उरांव, मतलू उरांव, मिठू उरांव, वकील भगत, विनोद उरांव, सुरेश उरांव, विमल भगत, अजय उरांव, संतोष मुंडा, संदीप उरांव, अंजू देवी, राजन मेहता, आजसू के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, आयुष मेहता, ओमप्रकाश गुप्ता, चैतू उरांव, संदीप पोद्दार, आजातशत्रु, बाल्मीकि कुमार के साथ जिले भर के विभिन्न क्षेत्रों से आए सरना-सनातन के लोग भारी संख्या में शामिल हुए।

## शिक्षण कौशल का विकास कार्यशाला का उद्देश्य : अखिलेश कुमार



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में दिनांक 29/03/25 से 31/03/25 तक आयोजित कार्यशाला का समापन हुआ। विद्या भारती द्वारा आधारित तीन दिवसीय कार्यशाला में विद्यालय विकास, सबल-निर्बल पक्ष शैक्षणिक पक्ष, नागरिक कर्तव्य, शैक्षणिक पंचांग विद्यालय व्यवस्था, पाठ्यक्रम, पर्यावरण, विद्यालय सर्वश्रेष्ठ कैसे बने, नवीन शैक्षिक तकनीक का प्रयोग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, संगणक प्रशिक्षण, NCC cadets, CBSE पाठ्यक्रम एवं विभिन्न विभागों की समीक्षा और चर्चा की गई। गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार के द्वारा कार्यशाला के तृतीय दिवस की चतुर्थ सत्र में शिक्षण कौशल के विकास को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। विधि एवं प्रयोग को बताया। भैया-बहनों के मन में विषयों को समझने की जिज्ञासा उत्पन्न कैसे हो उस विधि को प्रयोग कर बताया गया। पंचपदी शिक्षण पद्धति पर आधारित पाठ-योजना पर विशेष चर्चा की गई। इस कार्यशाला को सुचारू रूप से संपन्न करने में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, सभी आचार्य-दीदी जी एवं कर्मचारियों का सहयोग मिला। तीनों विद्यालय का समापन सत्र प्लस टू विद्यालय में संपन्न हुआ। कार्यशाला वृत आचार्या मंजू देवी ने प्रस्तुत किया। तत् पश्चात् मनोहर लाल अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह जी का स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। भावना एवं संवेदनाओं के प्रवाह के संग विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, महाविद्यालय की आचार्या प्रीति जी, प्रधानाचार्य सुनील कुमार जी एवं प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष महोदय ने भावसिक्त सुधा वचन प्रवाहित किया। मंच संचालन नीतू कुमारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने किया। शांति मंत्र के साथ कार्यशाला संपन्न हुआ।

## अकीदत के साथ ईद-ऊल-फित्र की नमाज संपन्न, मांगी अमन और शांति की दुवाऐं, दंडाधिकारी के साथ पुलिस मौजूद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों,ईदगाहों पर इस्लाम के अनुयायियों ने 31 मार्च सोमवार को अकीदत के साथ ईद-उल-फित्र की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में इस्लाम प्रवर्तकों ने एक माह रोजा रखने के पश्चात सोमवार अहले सुबह ही नहा धोकर नए वस्त्र धारण कर ईद की नमाज हेतु मस्जिद व ईदगाह में पहूंचकर नमाज अदा कर अपने अल्लाह से अमन और शांति की दुवाएं मांगी वही ईद के अवसर पर एक दूसरे से गले मिल त्योहार की एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद भी दी। मौके पर कैरो थाना सुरक्षा सह गशती मे कैरो अंचलाधिकारी सुश्री कुमारी शीला उरांव, थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो, हनहट ईदगाह में प्रखंड समन्वयक संजीव



उरांव, कैरो थाना पुश्अश्निश मनोज कुमार गुप्ता, चरिमा मस्जिद में प्रखंड समन्वयक दिनेश उरांव, कैरो थाना सश्अश्निश रवींद्र बैठा, कैरो ईदगाह में राजस्व उप-निरीक्षक विंदेश्वर भगत, कैरो थाना सश्अश्निश रामाधार राम, गाराडीह ईदगाह में जनसेवक रामसहाय टाना भगत, कैरो थाना सश्अश्निश नमिता गोस्वामी एवम नरौली मे जनसेवक किशोर उरांव, महिला थाना सश्अश्निश नारायण खड़िया के साथ विभिन्न मस्जिदों ईदगाहों पर पुलिस बल भी नमाज के समय उपस्थित थे। इस प्रकार एक माह रमजान की महीने बीतने के बाद ईद का त्योहार कैरो प्रखंड क्षेत्र में शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हो गया।

### रामनवमी पूजा सह मेला आयोजन हेतु बैठक संपन्न

## पुराने कमिटी को भंग कर सर्वसम्मति के साथ किया गया कमिटी का पुनर्गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** चितरी डांडू में रामनवमी पूजा सह मेला आयोजन एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु बैठक आयोजित हुआ। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के डांडू पंचायत स्थित चितरी मंगल बाजार प्रांगण में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान सरसम्मति से कमिटी का चयन किया गया। वही बैठक के दौरान पूर्व कमिटी को भंग करते हुए रामनवमी पूजा सह मेला आयोजित करने के लिये समिति का चयन किया गया। साथ ही आगामी रामनवमी पर्व भव्य रूप से मनाने तथा मेला का आयोजन करने के लिये उपस्थित ग्रामीणों के बीच विशेष चर्चा किया गया। तथा सुचारू ढंग से रामनवमी मेला संचालन करने हेतु मेला का रूप रेखा तैयार किया



गया। साथ ही रामनवमी पूजा व मेला लगाने के लिये कमिटी के सभी लोगों का मन्तव्य लिया गया। इसके अलावे मेला स्थाल में मेला आये हुए अखाड़ों के विधि व्यवस्था को लेकर निर्णय लिया गया। और जितने भी अखाड़ा मेला के दौरान अपना अपना खेल का प्रदर्शन करेंगे उन सभी अखाड़ा समिति को पुरस्कार देकर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया. बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष एवं संरक्षक का चुनाव किया गया। अध्यक्ष सीताराम साहू, उपाध्यक्ष सुबोध राम वर्मा, सचिव हीरा साहू कोषाध्यक्ष उदय सिंह और संरक्षक राजेंद्र साहू, कृष्णा उरांव, दुर्गा वर्मा, रंजीत सिंह, प्रकाश साहू विकास साहू, बाल सुंदर महतो, मुकेश लोहरा, अजय साहू, धीरज पाठक, गंदूर उरांव को बनाया गया। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण बैठक में उपस्थित थे।

## लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा प्रारंभ, नहाय खाय के बाद, खरना आज

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले भर में चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा मंगलवार को सूर्य उपासना और नहाय खाय के साथ प्रारंभ हो गई। पहले दिन व्रत करने वाले महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने अंतःकरण कर शुद्धि के लिए नदियों तालाबों व विभिन्न जलाशयों में स्नान कर कद्दू भात के साथ प्रारंभ की इसके बाद अपने व्रत अनुष्ठान शुरू करेंगे।सोमवार को श्रद्धालुओं ने नहाय-खाय की तैयारी के लिए महावीर चौक, बरवा टोली, मैना बगीचा इत्यादि साप्ताहिक बाजार पहुंचकर सुप, दौरा, लौकी, चने की दाल, अरवा चावल आदि की खरीदारी की। जहां लोगों में भारी उत्साह को देखने को मिला। छठमहापर्व में आस्था के साथ स्वच्छता और शुद्धता का अधिक ख्याल रखा जाता है। व्रती स्नान ध्यान के बाद चार दिवसीय व्रत का संकल्प लेते है। इसके बाद चावल, चने की दाल, लौकी (कद्दू) की सब्जी, सेंधा नमक से तैयार कर उसका भोग लगाया जाता है और प्रसाद ग्रहण करते है। एक समय के भोजन के बाद व्रती अगले दिन बुधवार को खरना के समय तक भूखे रहना होता है। व्रतियों को भूखे रहकर खरना का प्रसाद तैयार करना होता है।वहीं बुधवार को व्रती खरना करेंगे। दूध,गुड़ और चावल की खीर तैयार करेंगे। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भोग लगाएंगे और जल ग्रहण करेंगे। इसके बाद 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरुआत हो जाएगी। जलाशय व तालाब के तटों पर पहुंच कर व्रती गुरुवार को पूरे परिवार के साथ भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना करेंगे और अस्ताचलगामी सूर्य को फल, पकवान आदि के साथ अर्घ्य देंगे। वही शुक्रवार की सुबह फिर घाट पहुंचकर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगे। छठ पूजा बिहार व झारखंड का सबसे लोकप्रिय नेम निष्ठा व लोक आस्था का सबसे बड़ा त्योहार है। यह दीवाली के चौथे दिन से शुरू होता है। इसलिए इसे छठ महापर्व कहा जाता है। छठ पर्व के पहले दिन कार्तिक शुक्ल चतुर्थी नहाय-खाय के रूप में मनाया जाता है। सबसे पहले घर की सफाई कर उसे पवित्र किया जाता है। इसके बाद छठव्रती स्नान कर पवित्र तरीके से बने शुद्ध शाकाहारी भोजन ग्रहणकर व्रत की शुरुआत करते हैं। वहीं महिलाएं छठ का प्रसाद तैयार करने के लिए गेहूं धोकर सूखाने में लगी रहीं। गेहूं सूखाती महिलाएं दिन भर बैठकर निगरानी करती रहीं। ताकि कोई पक्षी उसमें चोंच न लगा दे। वहीं प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में छठ पूजा का उल्लास और उत्साह बना हुआ है।वही छठ वर्ती बताती है कि यह पर्व बहुत ही पवित्र है।

## आलोक साहू को इंटक का लोहरदगा अध्यक्ष बनने पर उन्हें मिली बधाइयां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला के वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू को कांग्रेस का मजदूर संगठन भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) का अध्यक्ष बनाए जाने से इस क्षेत्र में इंटक काफी मजबूत होगा। आलोक कुमार साहू विगत कई वर्षो से मजदूरों के हित में काम करते आए हैं तथा ये काफी सक्रिय नेता है। पार्टी ने आलोक कुमार साहू को इंटक का अध्यक्ष बनाकर सही निर्णय लिया है। आलोक कुमार साहू को इंटक का लोहरदगा अध्यक्ष बनने पर लोहरदगा लोकसभाथ के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अशोक चौधरी, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थगुमला जिला सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, लोहरदगा जिला सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, मांडर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि सीताराम भगत, जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य कुणाल अभिषेक, पवन गौतम, मनोज सोन तिर्की, नेसार अहमद, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के सदस्य जफर खान, लालविकास नाथ शाहदेव, फूलदेव उरांव, डॉक्टर ऐलीन, सलीम अंसारी, स्वास्थ्य प्रतिनिधि सोनू कुरैशी, जिला कांग्रेस महासचिव शाहिद अहमद बेलू, सत्यजीत सिंह, राजू कुरैशी, अनमोल उरांव, दयानंद उरांव, प्रकाश उरांव, सिद्दीकी अंसारी, ईमान उरांव, संजीव मुखर्जी, गुड्डू शर्मा, बबलू खान, अजय साहू, प्रकाश नगेसिया, मनोज भगत, संदीप साहू, शनिचरवा उरांव इत्यादि ने बधाई दिए।

## ईद के अवसर पर आयोजित हुआ ईद मिलन समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत अंजुमन इस्लामिया सेरेंगहातु तोड़ार के जानिब द्वारा हर साल की तरह इस साल भी ईद के अवसर पर ईद मिलन समारोह आयोजित की गई। आयोजित ईद मिलन समारोह के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख फुलझरी उरांव व विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, पंचायत समिति सफ़सय जफरुद्दीन अंसारी, थाना प्रभारी वारिस हुसैन, यातायात प्रभारी शिव शंकर मरांडी, पंचायत सचिव गुहा उरांव तथा नीरू शांति भगत उपस्थित थे। ईद मिलन समारोह पर प्रमुख फुलझरी उरांव ने सभी को ईद का मुबारकबाद देते हुए कहा कि ईद,सरहुल व रामनवमी सभी त्यौहार को द्वेष और भेद भाव को भूलकर आपसी भाईचारा के शांति व सौहार्द से सभी लोग मिल जुल कर मनाये। वही बीडीओ संग्राम मुर्मू ने कहा कि त्यौहार के दौरान उपद्रवियों और असमाजिक तत्वों से निपटने के लिये प्रशासन पूरी तरह तैयार है। त्यौहार मनाने के क्रम में कोई भी




व्यक्ति किसी भी जाति समुदाय के लोग शांति भंग करने का प्रयास करेंगे तो उस पर नियम संगत करवाई किया जायेगा। थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने सभी लोगों अपील करते हुए कहा कि ईद, सरहुल और रामनवमी का पर्व को मिल जुल कर मनाये। वही सभी समुदाय के लोगों ने एक साथ मिल कर ईद मिलन समारोह मनाया। मौके पर यूथ कांग्रेस बिशुनपुर विधानसभा अध्यक्ष इमरान आजाद, अंजुमन इस्लामिया सदर सेन्हा मोख्तार अंसारी, सदर शमशाद अंसारी, सेक्रेट्री मकसूद अंसारी संजय सनी कुजूर, जवाहर बाल मंच के जिला अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, तेजू साहु, नौशाद अंसारी, इमरोज अंसारी, अनिल साहु, इरशाद अंसारी समेत सभी समुदाय के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## केंद्रीय महापर्व सरहुल संचालन प्रखंड समिति कुडू के अध्यक्ष अवधेश उरांव के नेतृत्व में सरहुल शोभायात्रा निकाली गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को प्रखण्ड कुडू में प्राकृतिक महापर्व सरहुल धूम धाम से शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा में आदिवासी समाज के तमाम संगठन के समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी मौजूद रहे।इस मौके पर अवधेश उराँव ने कहा कि आज के सरहुल शोभा यात्रा में प्रखंड के विभिन्न गांव के लोग अपने खोड़हा दल के साथ नशापान को त्यागकर हजारों की संख्या में लोग शामिल हुवे ।ये आदिवासी समाज के लिए गर्व की बात है। लोग नशापान छोड़ कर अपने संस्कृति सभ्यता को बचाने में लगे हुवे है, आगे आ रहे हैं। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से लोहरदगा जिला परिसद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, कुडू अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुश्री मिश्रा, कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार, बीपीओ निलेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, उप प्रमुख कुडू एनुल अंसारी, अवधेश उरांव, जतरू उराँव, अमित उराँव, अनूप उराँव, बना उरांव, रविंद्र उरांव, सुनील मुंडा, सोमरा भगत, राहुल उराँव, कमरुल इस्लाम, गुड्डू खान, हलीम अंसारी, लाल बिकास शाहदेव, बंटू कुमार, परमेश्वर महतो,आनंद यादव, नासिर अंसारी के साथ साथ प्रखंड के स्थानीय जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवम छेत्र के पहान, पुजार मुख्य रूप से शामिल हुए।

## रामनवमी पूजा सह मेला आयोजन का अध्यक्ष बने जयनाथ साहू

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा में रामनवमी पूजा सह मेला आयोजन एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु बैठक आयोजित हुआ। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित राजेन्द्र साहु का घर के प्रांगण में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से कमिटी का चयन किया गया। तथा बैठक आयोजित कर पूर्व कमिटी को भंग करते हुए रामनवमी पूजा सह मेला आयोजित करने के लिये समिति का चयन किया गया। साथ ही प्रखंड मुख्यालय में दशमी को रामनवमी में भव्य रूप से मेला का आयोजन करने के लिये उपस्थित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का ग्रामीणों के बीच विशेष रूप से चर्चा किया गया। साथ ही सुचारू ढंग से रामनवमी मेला संचालन करने हेतु मेला का रूप रेखा तैयार किया गया। तथा रामनवमी मेला लगाने के लिये कमिटी के सभी लोगों का मन्तव्य लिया गया। इसके अलावे मेला स्थाल में मेला आये हुए अखाड़ों का विधि व्यवस्था करने के लिये निर्णय लिया गया। साथ ही जितने भी अखाड़ा मेला के दौरान अपना अपना खेल का प्रदर्शन करेंगे उन सभी अखाड़ा समिति को पुरस्कार देकर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

## अविराम में ईद और सरहुल की रौनक एक साथ दिया एकता का संदेश : इंद्रजीत भारती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा के बीएड और डी एल एड संकाय के द्वारा ईद मिलन और सरहुल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा भगवान बिरसा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया जिसके उपरांत प्रशिक्षुओं ने सखुआ का फूल मुख्य अतिथि समेत सभी को लगाया और सूप दिखाया।कार्यक्रम में ईद और सरहुल के रंग एक साथ दिखे जहां झारखंडी आदिवासी परिधान के साथ साथ ईद के पारंपरिक परिधानों में सभी कर्मी और प्रशिक्षु रंगे दिखे। तेलावत शबा परवीन द्वारा प्रस्तुत की गई, झूमर नृत्य में विविध परिधानों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ नृत्य दीपा, रानी, सुधा हर्षित, अनुराग आदि के समूहों ने प्रस्तुत कर मन



मोह लिया तो विक्रम साहू, बेला, ईशा समूह द्वारा भर दे झोली मेरी गीत के बोल पर भावविभोर कर देने वाली कव्वाली प्रस्तुत की गई,सुधा समूह द्वारा चांद नजर आ गया पर मोहक प्रस्तुति दी गई।अपने उद्बोधन में सचिव इंद्रजीत कुमार ने कहा कि अविराम में जैसे हम सब एक भाव के साथ किसी भी त्योहार को मानते हैं बिना किसी भेदभाव के एक दूसरे की भावनाओ, आस्था का सम्मान करते हैं वैसे ही हमें अपने समाज में भी करना चाहिए मज़हब भेदभाव नही मानवता सिखाता है कठिन तप के बाद ईद आती है जो संयम, जरूरतमंदों की मदद, शांति का पाठ सिखाती है वही सरहुल प्रकृति पर्व है प्रति वर्ष महाविद्यालय में पहान के द्वारा सूप लाया जाता है और विधिवत अनुष्ठान किया जाता है जिसमे भरी संख्या में अगल बगल से ग्रामवासी आते हैं, प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है हमारे पूर्वज और आदिवासी समाज की दूरदृष्टि का परिचायक है ये त्योहार हम सब ऐसे ही मिलजुल कर सभी के साथ खुशियां बांटे जरूरतमंदों की मदद करें तभी त्योहार सार्थक है इस अवसर पर ईदी के रूप में उपहार आफताब, हम्माद, जूही परवीन, रौशन, शबनम, अफसाना, खालिदा को दिए गए और सभी को त्योहारों की शुभकामना दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी, रेणुका, ममता, कुंदन, प्यारी, आरती, पंकज, जंगबहादुर, शिव, शशि, पवन, चिनीबास, संदीप,मनु, आदि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन तबस्सुम द्वारा किया गया।

## मारवाड़ी समाज की महिलाओं के द्वारा 18 दिनों से चल रही गणगौर पूजा हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मारवाड़ी समाज की काफी महिलाओं के द्वारा अपने पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा के साथ गणगौर महोत्सव धूमधाम से मनाया, और एक दूसरों को गुलाल लगाकर एवं अपनी लोकगीत गीत गाते हुए ठाकुरबाड़ी तलाब गुदरी बाजार लोहरदगा में गणगौर जी की प्रतिमा को विसर्जन की। यह गणगौर पर्व होली के दूसरे दिन से अपने घरों पर कुंवारी लड़कियां अपने अच्छे मनचाहे वर की कामना को लेकर और नवविवाहित कन्या अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर अपने मायके में पहला गणगौर की पूजा अर्चना करती है,जो कि 18 अट्ठारह दिनों तक चलती है, और उसके उपरांत मारवाड़ी महिलाओं के द्वारा अपने पारंपरिक तरीकों से धूमधाम से विसर्जन किया जाता है। यह उत्सव लगातार राजस्थान में 18 दिनों तक



धूमधाम से मनाया जाता है समाज की महिलाओं के द्वारा काफी सुंदर एवं मनमोहक रूप से गणगौर जी के प्रतिमा को सजाया गया था। पारंपरिक महागणगौर महोत्सव पर लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आज गणगौर जी की विसर्जन पर, ममता बंका, अनीता पोद्दार, अंजली सर्राफ, दीपा पोद्दार, मंजू पोद्दार, नेहा अग्रवाल, अंकिता बंका, प्रची केडिया, नीलू शर्मा, रखिया पोद्दार, रितु शर्मा, मीना बंका, निधि बंका, सीमा केडिया, मीनू सिन्हा, रेखा बंका, रश्मि अग्रवाल, संगीता मित्तल, रिशु पोद्दार, कृष्णा केडिया, अंकिता बंका, अंजू सर्राफ, रितु शर्मा, दीप्ति शर्मा, रेनू सराफ, प्रीति बांका, मैगी पोद्दार आदि शामिल थी।

## चलते चलते एक नजर

### वनाग्नि की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए : सीएम धामी



**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में वन विभाग व ऊर्जा विभाग की योजनाओं पर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वनों के संरक्षण के साथ वन सम्पदाओं से राजस्व वृद्धि के लिए और प्रभावी प्रयास किये जाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वन विभाग के गेस्ट हाउस के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। जड़ी-बूटियों, कृषिकरण तथा विपणन के क्षेत्र में कार्य के लिए और अधिक संभावनाएं तलाशी जाएं। मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए कारगर उपाय किए जाएं। वनाग्नि प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण एवं ईको -टूरिज्म पर विशेष ध्यान दिया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि वन सम्पदाओं के बेहतर उपयोग के साथ ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजागार को बढ़ावा दिया जाए। ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत वनाग्नि की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ रणनीति बनाई जाए, ताकि वनाग्नि से होने वाले नुकसान से बचा जा सके। सीएम ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि ऐसे प्रयास केवल कागजों तक सीमित न रहे, धरातल पर दिखाई दें। मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने के लिए अन्य राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिस का अध्ययन किया जाए और राज्य में इसके लिए बेहतर कार्य योजना बनाई जाए।बैठक में जानकारी दी गई कि इको टूरिज्म के अंतर्गत इको कैंपिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, पुराने फॉरेस्ट रेस्ट हाउस के रिस्टोर, स्थानीय युवाओं को विभिन्न गतिविधियों जैसे नेचर गाइड का प्रशिक्षण और क्षमता विकास कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ईको टूरिज्म के लिए समर्पित एक वेबसाइट बनाई जाएगी। बैठक में वन मंत्री सुबोध उनियाल, अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु अधिकारी उपस्थित थे।

### शराब दुकानों के संचालन और प्रबंधन के लिए चयनित दो एजेंसियों को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी को एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने शराब दुकानों के संचालन एवं प्रबन्धन के लिए चयनित दो एजेंसियों को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की है। बाबूलाल मरांडी ने पत्र में लिखा है कि झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) की ओर से वर्ष 2022 से राज्य में शराब दुकान संचालित की जा रही हैं, जिसमें सात प्लेसमेंट एजेंसियां राज्य के विभिन्न जिलों में शराब दुकानों के संचालन एवं प्रबंधन के लिए लगभग 4500 मानव बल प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा है कि जेएसबीसीएल की ओर से वर्ष 2022 में राज्य के अन्तर्गत दुकानों के संचालन एवं प्रबन्ध के लिए मानव बल की आपूर्त्ति के लिए निविदा निकालकर विभिन्न 7 एजेंसियों का चयन किया गया, लेकिन सबसे आश्चर्य की बात यह है कि दो प्लेसमेंट एजेंसियां मार्सन इनोवेटिव सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड और विजन हॉस्पिटालिटी सर्विस एंड कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड जिन्हें क्रमशः हजारीबाग एवं धनबाद जिला में मानव बल आपूर्त्ति के लिए चयन किया गया।

# अप्रैल से जून के बीच सामान्य से अधिक गर्मी पड़ने का अलर्ट जारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। पश्चिमी और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों में तापमान सामान्य रहने की उम्मीद है, मगर अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम पारा भी सामान्य से अधिक रहेगा। अप्रैल से जून तक उत्तर और पूर्वी भारत, मध्य भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में सामान्य से दो से चार दिन अधिक लू चलने की आशंका है। आमतौर पर भारत में अप्रैल से जून तक चार से सात दिन लू चलती है। महापात्र ने कहा, जिन राज्यों में सामान्य से अधिक गर्म हवाएं चलने की संभावना है, उनमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश,



महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, प. बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश तथा कर्नाटक और तमिलनाडु के उत्तरी भाग शामिल हैं। पूर्वी यूपी, झारखंड, छत्तीसगढ़ व ओडिशा समेत कुछ राज्यों में इस दौरान 10 से 11 दिन लू चलने की संभावना है।विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में 2025 में गर्मी की लहर बहुत पहले आ जाएगी। 2024 में, 5 अप्रैल को ओडिशा में गर्म हवाएं चलनी शुरू हुई थीं, पर इस साल कोंकण और तटीय कर्नाटक के कुछ हिस्सों में 27-28 फरवरी को ही गर्म हवाएं चलने लगीं।मौसम विभाग के अनुसार, पिछले साल अलग-अलग राज्यों में लू के कुल 536 दिन दर्ज किए गए। यह 14 साल में सबसे ज्यादा थे। इस दौरान देश में सबसे गर्म और सबसे लंबी अवधि वाले लू के दौरान हीट स्ट्रोक के 41,789 संदिग्ध मामले और गर्मी से संबंधित 143 मौतें दर्ज की गईं।

### अप्रैल से ही झेलनी होगी भीषण तपिश

मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अप्रैल में अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। हालांकि, सुदूर दक्षिणी और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों के कुछ इलाकों में तापमान सामान्य रह सकता है। महापात्र ने कहा, उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व में कुछ स्थानों पर तापमान सामान्य से कुछ कम भी रहेगा, लेकिन इसे छोड़कर न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा।

### अस्पतालों को तैयारी रखने का केंद्र ने दिया है निर्देश

पिछले सप्ताह, केंद्र सरकार ने राज्यों से यह जांच करने को कहा था कि क्या उनके अस्पताल तापमान में वृद्धि के बीच हीटस्ट्रोक और गर्मी से संबंधित बीमारियों से निपटने के लिए तैयार हैं। राज्यों को अस्पतालों में ऐसे उपाय करने के लिए कहा गया है कि लू के शिकार लोगों को तत्काल शरीर का तापमान कम करने में मदद मिले।

### 10 फीसदी तक बढ़ जाएगी बिजली की मांग

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि भारत को इस बार गर्मी के दौरान बिजली की मांग में 9 से 10 प्रतिशत वृद्धि के लिए तैयार रहना चाहिए। पिछले साल, देशभर में बिजली की अधिकतम मांग 30 मई को 2,50,000 मेगावाट को पार कर गई थी। यह पूर्वानुमान से 6.3 प्रतिशत अधिक था।

### अप्रैल में औसत से 88 से 112 प्रतिशत वर्षा

आईएमडी ने कहा कि अप्रैल में 39.2 मिमी के दीर्घकालिक औसत से 88 से 112 प्रतिशत वर्षा होने की उम्मीद है। उत्तर-पश्चिम, उत्तर-पूर्व, पश्चिम-मध्य और प्रायद्वीपीय भारत के कई क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है। पश्चिमी घाट में केरल और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भूस्खलन हो सकता है और पूर्वोत्तर राज्यों को अप्रैल में बाढ़ का सामना करना पड़ सकता है।

## विश्व हिंदू परिषद ने किया प्रदर्शन

**एजेंसी**

**जबलपुर :** जॉय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संचालक अखिलेश मेबन एक बार फिर सुर्खियों में है। अखिलेश मेबन पर सोशल मीडिया में भगवान राम के खिलाफ अपशब्द लिखने का आरोप है। अखिलेश मेबन की इस हरकत पर मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल में तोड़फोड़ कर जमकर हंगामा किया।

प्रदर्शन के दौरान हिंदूवादी संगठनों और स्कूल प्रशासन के बीच झड़प हुई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। इसके बाद मामले की जांच शुरू की।बीते दिनों एक धर्मांतरण के आरोप को लेकर रांझी थाने में हिंदूवादी संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया था। ईसाई समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया है कि हिंदूवादी संगठनों ने समाज के वरिष्ठों के साथ मारपीट की। इस घटना के बाद अखिलेश मेबन ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर भगवान राम के बारे में अपमानजनक शब्द लिखे।

व्हाट्सएप स्टेटस देखने के बाद हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया और सैकड़ों कार्यकर्ता विजयनगर स्थित जॉय स्कूल के बाहर एकत्र हो गए। हिंदूवादी संगठनों का आरोप था की अखिलेश द्वारा जानबूझकर भगवान श्री राम का अपमान किया है जिसके चलते संगठन के कार्यकर्ता उग्र हो गए।

उन्होंने स्कूल में तोड़फोड़ चालू कर दी। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता विजयनगर थाने पहुंचे जहां पुलिस ने उनसे आवेदन लिया है। कार्यकर्ता एफआईआर पर अड़े रहे परंतु पुलिस ने मामले की जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# ईद और रामनवमी मिलकर मनाना देश की खूबसूरती : अरुणा शंकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चैनपुर महावीर नवयुवक दल द्वारा रामनवमी पूजा की शुरुआत एकम के दिन मेदनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, माता हीरामणि ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल, शहर के बड़े व्यवसाई श्री गणेश गिरी, समाजसेवी कंचन अग्रवाल एवं महावीर नवयुवक दल चैनपुर के जनरल चंदू गुप्ता तथा सदस्यों ने फीता काटकर की।

उद्घाटन के अवसर पर जनरल चंदू गुप्ता ने तलवार एवं अंग वस्त्र देकर सभी अतिथियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि आज के




दिन भगवान राम का जन्म हुआ था जिसे हम उनके जन्मोत्सव के रूप में मानते हैं।

प्रथम महापौर ने कहा रामनवमी के दिन से ही गोस्वामी तुलसीदास ने रामायण लिखना शुरू किया था जो हम हिंदुओं का सबसे बड़ा ग्रंथ है। यह पर्व हम हिंदुओं के लिए गर्व है। इस अवसर पर प्रमोद अग्रवाल एवं गणेश गिरी ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दी और कहा कि हम हिंदु इस पर्व को शांति और श्रद्धा के साथ मनाते आए हैं। जो हमारे शहर के लिए मिसाल है।

प्रथम महापौर ने कहा कि आज ईद और रामनवमी हम साथ मिलकर मना रहे यह हमारे देश की खूबसूरती है।

# समाजसेवी शौकत खान फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा के हाथों आइकॉनिक अवार्ड से सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** कपड़ा, चावल, पुस्तक समेंत अनेक निःशुल्क बैंक के संचालक समाजसेवी गढक़वा निवासी शौकत खान को उनकी निःस्वार्थ सेवा के लिए फिल्म की सुपर स्टार अभिनेत्री सह कई बार सांसद रह चुकी जया प्रदा ने उन्हे आइकॉनिक बीआईबी एक्सिलेंस अवार्ड 2025 से बिहार के पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाजसेवी शौकत खान ने बताया कि यह सम्मान उन्हे समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए दिया गया है। उन्होने बताया कि गढ़वा में उनके द्वारा गरीबों के लिए निशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक, गत करीब दस वर्षो निःशुल्क संचालित किया जा रहा है। अब तक करीब दस लाख से अधिक गरीबों को उनके




द्वारा मदद किया गया है। शौकत खान के सेवा कार्यो कि बातें सुनकर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, आयोजक एवं देश भर से अवार्ड समारोह में आए हुए सभी लोगों ने शौकत के सेवा कार्यो का सराहना किया और कहां हमारे समाज के धनवान लोगों को शौकत खान से प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं अभिनेत्री जया प्रदा के हाथों सम्मानित होने के बाद शौकत खान ने कहा कि अबतक सैकड़ों सम्मान और अवार्ड मिल चुका है लेकिन आज पटना में फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा जी से सम्मानित होकर उनके हाथों से अवार्ड पाकर तथा उनसे बातें कर बहुत उत्साहित हूं। कहा कि जिन्हें हम फिल्मों में अमिताभ बच्चन, जितेन्द्र, मिथुन चक्रवर्ती जैसे फिल्मी हस्तियों के साथ पर्दे पर देखा करते थे आज उनसे उनके हाथों सम्मानित होने का अवसर मिला है यह मेरे जीवन के लिए उत्साह भरा क्षण था। इसके लिए मैं बीआईबी के डायरेक्टर श्रीकांत कुमार सिंह, आलोक कुमार सिंह समेत उनकी पुरी टीम को प्रति आभार व्यक्त करते हैं। वहीं बीआईबी टीम का स्लोगन था जिसने बढ़ाया देश का मान हम कर रहे है उन्हे सम्मान।

## मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारम्भ करने की मिली स्वीकृति

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्य प्रदेश में नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के साधारण और ग्रामीण मार्गो में संगठित, सुविधाजनक एवं सुरक्षित यात्री परिवहन बस सेवायें उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारम्भ करने की स्वीकृति दी गई। प्रदेश में ग्रामीण एवं साधारण मार्गो का ट्रैफिक एवं मार्ग सर्व तथा बसों की फ्रीक्वेन्सी निर्धारित करते हुये एक व्यवस्थित प्लानिंग अनुसार यात्री बसों को चलाया जायेगा। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य में सुगम सुरक्षित एवं विनियमित यात्री परिवहन सुविधा, निजी क्षेत्र के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है।यात्री परिवहन सेवा की प्रारम्भ करने के लिए 101 करोड 20 लाख रुपये की अशंपूजी के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई।

# गढ़वा में ईद-उल-फितर का त्योहार संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला मुख्यालय गढ़वा समेंत जिले के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में मुस्लिम समुदाय के द्वारा ईद-उल-फितर का त्योहार सोमवार को अकीदत व मसर्रत के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्थानीय इदगाह, मस्जिद व मदरसों में दो रिकअत वाजिब नमाज-ए-ईद-उल-फितर अदा की। नमाज अदायगी को लेकर इन स्थलों पर सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जमा होने लगी थी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद-उल-फितर की बधाई दी। जिला मुख्यालय स्थित गढ़वा ईदगाह में जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज अब्दुस्समद ने नमाज-ए-ईद अदा कराई, जबकि टंडवा मस्जिद में मौलाना शाहजाद आलम मिसवाही, उंचरी मस्जिद में मुफ्ती मो. यूनुस व मदरसा तबलिगुल इस्लाम के मैदान में मौलाना लियाकत हुसैन, नवादा ईदगाह में मौलाना जुबैर, नवादा मस्जिद में मौलाना सफीउज जमा,



छतरपुर मस्जिद में मौलाना नसीर, झलुआ ईदगाह में मौलाना अमीनुद्दीन, जोबरईया मस्जिद में मौलाना आफताब कादरी, मझिआंव मस्जिद में मौलाना सिद्दीक, शकरकोनी ईदगाह में मौलाना एजाज, बिडंडा मस्जिद में मौलाना सऊद आलम मिस्बाही, गुरदी ईदगाह में मौलाना जाफर, चिरौंजिया मस्जिद में मौलाना सद्दाम, ईदगाह में हाफिज परवेज, बीरबंधा मस्जिद में मौलाना शकील, बीरबंधा ईदगाह में हाफिज खालिद रजा, फरठिया में मौलाना शमशीर रजा, संग्रहे खुर्द ईदगाह में मौलाना खुर्शीद अनवर, प्रतापपुर ईदगाह में मौलाना समीउल्लाह, कल्याणपुर ईदगाह में मौलाना यूसुफ ने ईद-उल-फितर की नमाज अदा कराई। इस अवसर पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी नमाज अदायगी स्थलों पर इंतजामिया कमेटियों द्वारा नमाजियों की सुविधा के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र सहित अन्य इंतजाम किए गए थे। वहीं पर्व के अवसर शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु प्रशासन द्वारा सभी इबादतगाहों के पास दंडाधिकारी व पुलिस बल के जवान तैनात किए गए थे।

### एमएसए पब्लिक स्कूल में मना ईद मिलन समारोह

# भाईचारगी का पैगाम देता है ईद : शफीक अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पोखराहा खुर्द स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल में ईद मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर स्कूल संस्थापक मों शफीक अंसारी ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ गले मिलकर ईद का मुबारकबाद दिए और ईदी के रूप में सभी बच्चों को 50 रूपए एवं सभी शिक्षक को 500 रूपए भेंट दिए , साथ ही सभी बच्चों और अभिभावकों को सेवइयाँ, छोला, दहीबड़ा और गुपचुप आदि खिलाकर सवाब हासिल किए। इस मौके पर मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद नीरा देवी ने कहा ईद त्योहार आपसी एकता, मिल्लत तथा भाईचारगी के साथ रहने का पैग़ाम देता है। सदर अनवर हुसैन अंसारी ने कहा रमजान के पूरे महीने रोजे रखकर मुस्लिम मन और तन से पवित्र हो जाते है। समाजसेवी अरविंद पासवान ने कहा ईद गले मिलकर सभी गीले शिकवा को भूलने का संदेश देता है। कार्यक्रम का अध्यक्षता सिलदिलिया प्लस 2 स्कूल के प्रिंसिपल रविशंकर दास और अफ़ज़ल शफीक कर रहे थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जमुने पंचायत के मुखिया लालदेव राम, हाजी जलील, जलाल मुखिया, सदर इरशाद, मुकेश मेहता, मिथलेश पासवान, अनुराग पासवान, शिवकुमार जायसवाल, ललन सर, रंजित पासवान, ललन पासवान, आफताब अंसारी, श्रीकांत कुमार रवि, आफताब अंसारी, शैलेंद्र पांडेय जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## स्वास्थ्य मंत्री ने मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

**रेवाड़ी :** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना ने इस वर्ष सफलतम 10 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि बीते एक दशक में इस योजना ने भारत में लैंगिक समानता और बच्चियों की स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल के लिंगानुपात के डाटा आधार पर उनका स्वयं का गांव रामपुरा 5 हजार से ज्यादा आबादी वाले गांवों में रेवाड़ी जिला में पहले पायदान पर रहा है। गांव की इस उपलब्धि पर तथा आज गांव की मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है।स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव मंगलवार को जिला के गांव रामपुरा में आयोजित लिंगानुपात पर आधारित मेधावी सम्मान समारोह में छात्राओं को सम्मानित करने उपरांत समारोह को संबोधित कर रही थी।

# व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करेंगे भारत और चिली

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत और चिली ने तय किया है कि दोनों देश व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करेंगे। चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक फॉन्ट भारत दौरे पर हैं। मंगलवार को चिली के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिहाज से कई अहम मुद्दों पर बात हुई। बोरिक पांच दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। अपने इस दौरे में वे भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संभावनाओं को तलाशेंगे, जिनमें व्यापार और रक्षा क्षेत्र भी शामिल हैं।

**दोनों देश महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में तलाशेंगे साझेदारी की संभावनाएं:** दोनों देशों के बीच शीर्ष नेतृत्व स्तर की बातचीत के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हमारी टीमों ने व्यापक आर्थिक साझेदारी की दिशा में बातचीत की शुरुआत की है। दोनों



देशों के बीच महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में साझेदारी की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। पीएम मोदी ने लैटिन अमेरिका में चिली को भारत का महत्वपूर्ण साझेदार बताया और कहा कि भारत, चिली को अंटार्कटिका के प्रवेश द्वार के तौर पर देखता है। भारत, चिली के साथ डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अक्ष ऊर्जा, रेलवे, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में अपना सकारात्मक अनुभव साझा करने के लिए तैयार है।

**चिली में योग दिवस का एलान हमारे लिए प्रेरणा की बात:** पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति बोरिक का यह पहला भारत दौरा है और उनका भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करने का समर्पण अद्भुत है। आज की बातचीत में हमने खाद्य सुरक्षा के मामले में एक दूसरे की क्षमताओं को मजबूत करने पर भी बात की। चिली में स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में भारत विश्वसनीय साझेदार है। ये बेहद खुशी की बात है कि चिली में योग को अपनाया जा रहा है। चिली में 4 नवंबर को योग दिवस घोषित किया जाना, हमारे लिए प्रेरणा की बात है। हमने चिली में आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के मुद्दे पर भी बात की। रक्षा क्षेत्र में बढ़ता सहयोग दोनों देशों के बीच बढ़ते आपसी विश्वास का प्रतीक है।

**आतंकवाद से मुकाबले के लिए भी बढ़ाएंगे सहयोग:** प्रधानमंत्री ने कहा कि संगठित अपराध, ड्रग तस्करी, आतंकवाद से मुकाबले के लिए भी हम सहयोग बढ़ाएंगे। वैश्विक मोर्च पर भारत और चिली का मानना है कि संघर्षों को बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए। हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के भी पक्ष में हैं। भारत और चिली के बीच भले ही बहुत दूरी है, लेकिन दोनों देश प्राकृतिक रूप से जुड़े हुए हैं। चिली में भारतीय सिनेमा की बढ़ती लोकप्रियता हमारे सांस्कृतिक संबंधों का उदाहरण है। भारत और चिली के बीच छात्रों के एक्सचेंज को भी बढ़ाया जाएगा।